मंगलवार, 15 जुलाई 2025

**मौसम**



| | |
|---|---|
| तापमान | 26 – 30 |
| आर्द्रता | 81% |
| सूर्योदय: 5:00 | सूर्यास्त: 18:24 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, श्रावण कृष्णपक्ष पंचमी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये


सुविचार : वक्त किसी का नहीं होता और प्यार हर किसी से नहीं होता।




मोदी सरकार के 11 साल स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे: अमित शाह पृष्ठ 7






## नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए: न्यायालय

**नयी दिल्ली/कोलकाता,समाज्ञा :** उच्चतम न्यायालय ने भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के संबंध में दिशानिर्देशों पर विचार करते हुए कहा कि नागरिकों को भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझनी चाहिए और आत्म-नियमन का पालन करना चाहिए। न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ **वजाहत खान** नामक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है। खान के खिलाफ पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में प्राथमिकी दर्ज हैं। उस पर 'एक्स' पर एक हिंदू देवता के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने का आरोप है। शीर्ष अदालत ने कहा, ''देश की एकता और अखंडता को बनाये रखना मौलिक कर्तव्यों में से एक है। लेकिन इसका ही उल्लंघन किया जा रहा है। देखिए, कम से कम सोशल मीडिया पर इन सभी विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर अंकुश लगाया ही जाना चाहिए।'' शीर्ष अदालत ने कहा, लेकिन सरकार किस हद तक अंकुश लगा सकती है? इसके बजाय, नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते? नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत को समझना चाहिए। अगर वे ऐसा नहीं करेंगे तो सरकार हस्तक्षेप करेगी। लेकिन कौन चाहता है कि सरकार हस्तक्षेप करे?

# योग्य व अयोग्य अभ्यर्थियों की सूची जारी करने की मांग पर अडिग आंदोलनकारी

- मुख्य सचिव के साथ बैंठक में नहीं निकला कोई समाधान
- बेरोजगार योग्य शिक्षकों व शिक्षा कर्मियों की राज्य सचिवालय मार्च के दौरान पुलिस के साथ झड़प




**हावड़ा, समाज्ञा :** शिक्षक भर्ती घोटाले में हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों ने सोमवार को राज्य सचिवालय मार्च किया। इस दौरान पुलिस के साथ उनकी झड़प हुई। आंदोलनकारी मुख्य सचिव मनोज पंत से मिलना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें रास्ते में ही रोक लिया। इसे लेकर पुलिस के साथ उनकी काफी देर तक बहस हुई। हालांकि बाद में पुलिस ने उनकी मांग मान ली तथा नौकरी गंवाने वाले योग्य शिक्षकों और शिक्षा कर्मियों के 20 प्रतिनिधियों ने मुख्य सचिव के साथ बैठक की। इसमें 18 योग्य शिक्षक और दो योग्य गैर-शिक्षण कर्मचारी शामिल थे। हालांकि बैठक में कोई समाधान नहीं निकला।

उनकी मांग थी कि योग्य शिक्षकों व शिक्षण कर्मचारियों की सूची सुप्रीम कोर्ट को दी जाए और बाकी कर्मचारियों की परीक्षा ली जाए। वे योग्य और अयोग्य उम्मीदवारों की सूची रात तक प्रकाशित करने मांग पर अड़े रहे। उन्होंने कहा कि अगर सूची प्रकाशित नहीं हुई तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे।

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर राज्य के लगभग 26,000 शिक्षकों और शिक्षाकर्मियों की नौकरी चली गई। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि एक नई परीक्षा आयोजित करनी होगी। इसके लिए एक समय सीमा भी तय की गई थी। उस आदेश के बाद स्कूल सेवा आयोग ने मई के अंत में एक अधिसूचना प्रकाशित की। कलकत्ता हाई कोर्ट में फिर से एक मामला दायर किया गया जिसमें आरोप लगाया गया कि अधिसूचना सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार प्रकाशित नहीं की गई थी। हाई कोर्ट ने कहा कि किसी भी तरह से अयोग्य बेरोजगार लोगों को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जा सकती। एसएससी और राज्य एकल पीठ के इस आदेश को चुनौती देने के लिए खंडपीठ गए। योग्य बेरोजगारों का एक वर्ग दोबारा परीक्षा देने को तैयार नहीं है।

# पश्चिम बंगाल के सामाजिक-आर्थिक प्रदर्शन को नीति आयोग की सराहना

### ममता बनर्जी ने साझा की उपलब्धियां

**कोलकाता,समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि नीति आयोग ने पश्चिम बंगाल की सामाजिक और आर्थिक उपलब्धियों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा है। उन्होंने अपने आधिकारिक ट्वीट में जानकारी दी कि आयोग की हालिया रिपोर्ट में राज्य को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन की गुणवत्ता जैसे कई अहम क्षेत्रों में राष्ट्रीय औसत से बेहतर बताया गया है। मुख्यमंत्री ने इसे राज्य के सतत और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण बताते हुए सभी नागरिकों को इस सफलता में भागीदार करार दिया।



मुख्यमंत्री ने बताया कि वर्ष 2022-23 में राज्य की वार्षिक बेरोजगारी दर केवल 2.2 प्रतिशत रही, जो राष्ट्रीय औसत 3.2 प्रतिशत की तुलना में 30 प्रतिशत कम है। यह दर्शाता है कि पश्चिम बंगाल ने रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। शिक्षा के क्षेत्र में भी राज्य ने उल्लेखनीय सुधार दिखाया है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार पश्चिम बंगाल की साक्षरता दर 76.3 प्रतिशत है, जो कि राष्ट्रीय औसत 73 प्रतिशत से अधिक है। साथ ही राज्य में स्कूल छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या कम है और कक्षा 10वीं एवं 12वीं में छात्रों का पास प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से बेहतर रहा है।

स्वास्थ्य के मोर्चे पर भी बंगाल ने मजबूती दिखाई है। वर्ष 2020 के आंकड़ों के अनुसार राज्य में औसत जीवन प्रत्याशा 72.3 वर्ष है, जो कि देश के औसत से अधिक है। वहीं लिंगानुपात के मामले में भी बंगाल की स्थिति बेहतर है, जहां प्रति हजार पुरुषों पर 973 महिला बच्चों का जन्म होता है, जबकि राष्ट्रीय औसत मात्र 889 है। वर्ष 2020 में शिशु मृत्यु दर प्रति 1,000 जीवित जन्म पर 19 रही और 2019-21 के बीच कुल प्रजनन दर 1.6 बच्चों प्रति महिला दर्ज की गई, जो दोनों ही आंकड़े राष्ट्रीय औसत से बेहतर हैं।

नीति आयोग की रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि पश्चिम बंगाल में जीवन की गुणवत्ता में लगातार सुधार हो रहा है। खासकर पीने योग्य जल जैसी बुनियादी सुविधाओं तक परिवारों की पहुंच राष्ट्रीय औसत से अधिक है।

## छात्रों की आत्महत्या की जांच पर उच्चतम न्यायालय ने तीन राज्यों से मांगी रिपोर्ट



**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तीन राज्यों की पुलिस से आईआईटी-दिल्ली, आईआईटी-खड़गपुर के विद्यार्थी और राजस्थान के कोटा में नीट (मेडिकल प्रवेश परीक्षा) की एक अभ्यर्थी द्वारा आत्महत्या की जांच पर स्थिति रिपोर्ट मांगी। न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने उच्च शिक्षण संस्थानों में आत्महत्याओं पर चिंता व्यक्त की तथा गृह मंत्रालय को इस मामले में पक्षकार बनाया। न्याय मित्र वरिष्ठ अधिवक्ता अपर्णा भट्ट ने इस मुद्दे पर मंत्रालय से सहायता मांगी थी। पीठ ने दिल्ली पुलिस से पूछा कि आईआईटी-दिल्ली में पढ़ाई के दौरान 2023 में आत्महत्या करने वाले दो विद्यार्थियों के परिवार के सदस्यों की शिकायतों पर 24 मार्च को प्राथमिकी दर्ज करने को जो आदेश अदालत ने दिया था, उसकी जांच की स्थिति क्या है। पीठ ने दिल्ली सरकार की ओर से पेश वकील से कहा, ''हम देखना चाहते हैं कि जांच में क्या प्रगति हुई है। हम जानना चाहते हैं कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद आपने क्या किया है। आपको हमें बताना होगा कि क्या किया गया है।'' शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल पुलिस से आईआईटी-खड़गपुर के विद्यार्थी द्वारा चार मई को की गई आत्महत्या की जांच के बारे में भी जानकारी मांगी।

## नेशनल हेराल्ड मामला : अदालत ईडी के आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने को लेकर 29 जुलाई को सुनाएगी फैसला

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय राजधानी की एक अदालत ने 'नेशनल हेराल्ड' मामले में ईडी द्वारा दायर आरोप-पत्र पर संज्ञान लेने को लेकर सोमवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने कहा, ''संज्ञान के पहलू पर सभी पक्षों की ओर से दलीलें समाप्त हो गई हैं। मामले को 29 जुलाई को आदेश के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा।'' उन्होंने ईडी को निर्देश दिया, ''यदि आवश्यक हो तो 15 से 17 जुलाई के बीच मामले की फाइलों के निरीक्षण के लिए जांच अधिकारी (आईओ) की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए।''

# स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंत्रालयों, विभागों से खाद्य सामग्री में तेल, चीनी की मात्रा बताने को कहा



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त निकायों से आग्रह किया है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज़ और वड़ापाव समेत अन्य खाद्य सामग्री में चीनी और तेल की मात्रा का उल्लेख करते हुए तेल और चीनी बोर्ड प्रदर्शित करें ताकि स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा दिया जा सके तथा मोटापे और गैर-संचारी रोगों से निपटा जा सके। मंत्रालय ने मोटापे से मुकाबले के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सभी आधिकारिक स्टेशनरी जैसे लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फ़ोल्डर पर स्वास्थ्य संदेश मुद्रित करने का भी आह्वान किया है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलिला श्रीवास्तव ने 21 जून को लिखे पत्र में कहा कि भारत में वयस्कों और बच्चों, दोनों में मोटापे में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार, शहरी क्षेत्रों में पांच में से एक से ज़्यादा वयस्क अधिक वज़न या मोटापे से ग्रस्त हैं। बच्चों में मोटापे की व्यापकता खराब खान-पान की आदतों और कम शारीरिक गतिविधियों से प्रभावित होती है। उन्होंने कहा है कि 2025 में प्रकाशित 'लैंसेट जीबीडी 2021 मोटापा पूर्वानुमान अध्ययन' के अनुसार, भारत में अधिक वजन और मोटापे से ग्रस्त वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी जो 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ हो जाने का अनुमान है जिससे यह मोटापा से ग्रस्त लोगों के मामले में दुनिया में दूसरा देश बन जाएगा।

## 22 घंटे का सफर पूरा कर आज धरती पर होगी शुभांशु की 'शुभ' वापसी



**नयी दिल्ली :** अंतरिक्ष स्टेशन जाकर इतिहास रचने वाले भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की आज धरती पर वापसी होगी। शुभांशु और एक्सिओम-4 मिशन के उनके तीन साथी 10 मिनट की देरी से सोमवार शाम 4.45 बजे (भारतीय समयानुसार) अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से धरती के लिए रवाना हुए। अंतरिक्ष यात्रियों का यह दल लगभग 22.5 घंटे का सफर पूरा करने के बाद मंगलवार यानी आज दोपहर करीब 3 बजे (भारतीय समयानुसार) कैलिफोर्निया के समुद्री तट पर उतरेगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष स्टेशन से शुभांशु और उनके तीन साथियों की रवानगी का लाइव प्रसारण किया। शुभांशु के अलावा धरती पर लौट रहे ड्रैगन यान में एक्सिओम-4 की मिशन कमांडर पैगी व्हिटसन, मिशन विशेषज्ञ पोलैंड के स्लावोज उज्नान्स्की-विस्नीव्स्की और हंगरी के टिबोर कापू सवार हैं। शुभांशु और उनके तीनों साथियों ने आईएसएस में पहले से मौजूद दूसरे अंतरिक्ष यात्रियों को गले लगाया और हाथ मिलाने के बाद धरती पर वापसी के लिए ड्रैगन में सवार हो गए। इससे पहले रविवार को विदाई भाषण में शुभांशु ने कहा था कि जल्द ही धरती पर मुलाकात करते हैं।

## डीजीसीए ने बोइंग 787 और 737 विमानों में 'फ्यूल स्विच लॉकिंग' प्रणाली की जांच के निर्देश दिए

**एयर इंडिया हादसे के बाद सुरक्षा उपाय तेज, 21 जुलाई तक निरीक्षण पूरा करने को कहा**

**मुंबई :** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने एयरलाइनों से बोइंग 787 और 737 विमानों में 'फ्यूल स्विच लॉकिंग' प्रणाली की अनिवार्य जांच करने को कहा है। यह निर्देश एयर इंडिया की हालिया विमान दुर्घटना की प्रारंभिक रिपोर्ट आने के बाद जारी किया गया है, जिसमें यह पाया गया कि दुर्घटना से ठीक पहले ईंधन स्विच बंद हो गए थे। डीजीसीए ने स्पष्ट किया है कि सभी संबंधित एयरलाइनों को 21 जुलाई, 2025 तक जांच प्रक्रिया पूरी करनी होगी, और इसके बाद रिपोर्ट नियामक कार्यालय को सौंपनी होगी।

## फर्जी टैक्स छूट के खिलाफ आयकर विभाग की बड़ी कार्रवाई

### देशभर में 150 ठिकानों पर छापेमारी

**नयी दिल्ली :** आयकर विभाग ने सोमवार को आयकर रिटर्न (आईटीआर) में कटौती और छूट के फर्जी दावे करने वाले व्यक्तियों और संस्थाओं के खिलाफ कर चोरी की जांच के तहत देश में 150 स्थानों पर बड़े पैमाने पर सत्यापन अभियान चलाया। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक बयान में कहा कि हाल ही में विभाग द्वारा महाराष्ट्र, तमिलनाडु, दिल्ली, गुजरात, पंजाब और मध्य प्रदेश में की गई तलाशी और जब्ती की कार्रवाई से इन निष्कर्षों की पुष्टि हुई, जहां विभिन्न समूहों और संस्थाओं द्वारा धोखाधड़ी के दावों के साक्ष्य का इस्तेमाल किया गया था।

**वित्तयी आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद हुई कार्रवाई**

विभाग ने विभिन्न राज्यों में कई कार्यालयों और घरों पर तलाशी और सर्वेक्षण किया। यह कार्रवाई तीसरे पक्ष के स्रोतों, जमीनी स्तर की खुफिया जानकारी और उन्नत कृत्रिम बुद्धिमत्ता उपकरणों से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों का विश्लेषण करने के बाद की गई। जांच में कुछ आईटीआर तैयार करने वालों और बिचौलियों द्वारा संचालित संगठित रैकेट का पता चला है, जो फर्जी कटौतियों और छूटों का दावा करते हुए रिटर्न दाखिल कर रहे थे।

**इन धाराओं के तहत हो रहा था दुरुपयोग**

बोर्ड ने कहा कि विश्लेषण से पता चलता है कि धारा 10(13ए) (मकान किराया भत्ते के तहत छूट), 80जीजीसी (राजनीतिक दलों को दिया गया योगदान), 80ई (शिक्षा ऋण पर ब्याज के लिए कटौती), 80डी (चिकित्सा बीमा से संबंधित कटौती), 80ईई (आवास ऋण पर ब्याज के लिए कटौती), 80ईईबी (इलेक्ट्रिक वाहन के लिए कटौती), 80जी और 80जीजीए (धर्मार्थ या अनुसंधान संगठनों को दिया गया योगदान), और 80डीडीबी (कैंसर आदि जैसी गंभीर बीमारी के इलाज के लिए कटौती) के तहत उपलब्ध कटौतियों का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग हो रहा है। पिछले चार महीनों में 40,000 करदाताओं ने 1,045 करोड़ रुपये के फर्जी दावे वापस लिए हैं। विभाग ने करदाताओं को चेताया है कि वे अपनी आय का सही विवरण दें और फर्जी रिफंड का लालच देने वाले एजेंटों से सावधान रहें।

## अशीम घोष हरियाणा तो अशोक गजपति गोवा के राज्यपाल बने; कविंदर गुप्ता होंगे लद्दाख के एलजी



**नयी दिल्ली :** पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रोफेसर अशीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे। नियुक्तियां उनके संबंधित पदों का कार्यभार संभालने की तिथि से प्रभावी होंगी।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसमें आगे कहा गया कि कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू को काफी खुशी हो रही है।

**प्रो. अशीम कुमार घोष** एक वरिष्ठ शिक्षाविद और राजनीतिज्ञ हैं। वे 1991 में भाजपा में शामिल हुए और 1999 से 2002 तक पश्चिम बंगाल भाजपा के अध्यक्ष रहे। उनके नेतृत्व में पार्टी ने राज्य में अपनी जमीनी उपस्थिति मजबूत की। वे त्रिपुरा के लिए भाजपा के पर्यवेक्षक (2003-2005) भी रहे। राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रहे घोष का जन्म 1944 में हावड़ा में हुआ था।

**पीए गणपति राजू** तेलुगू देशम पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वे 1978 से 2014 तक सात बार आंध्र प्रदेश विधानसभा के सदस्य रहे। उन्होंने राज्य सरकार में वाणिज्यिक कर, आबकारी, वित्त और राजस्व जैसे विभागों में मंत्री पद संभाले। 2014 में वे 16वीं लोकसभा के लिए चुने गए और 2014 से 2018 तक नागरिक उड्डयन मंत्री रहे। 2018 से वे गृह मामलों की स्थायी समिति के सदस्य हैं।

**कविंदर गुप्ता** जम्मू-कश्मीर के वरिष्ठ भाजपा नेता हैं और लंबे समय से आरएसएस से जुड़े हैं। वे 2005 से 2010 तक लगातार तीन बार जम्मू के मेयर रहे, जो एक रिकॉर्ड है। उन्होंने पीडीपी-भाजपा गठबंधन सरकार में उपमुख्यमंत्री पद भी संभाला।




## काले धन पर लगाम लगाने की चुनौती

हालांकि, भारत पूरी दुनिया में डिजिटल लेनदेन के मामले में अग्रणी बना हुआ है और यहां दुनिया भर में होने वाले लगभग आधे रियल टाइम लेन-देन डिजिटल भुगतान के जरिये ही होते हैं। हालांकि, नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान हैं। लेकिन चिंता की बात यह है कि अभी भी अर्थव्यवस्था में नकली करेंसी की मौजूदगी बनी हुई है। केंद्रीय बैंक आरबीआई के गवर्नर ने एक संसदीय समिति को जानकारी दी है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान कुल छह करोड़ से ज्यादा नोटों में से पांच सौ रुपये के 1.18 लाख नोट नकली पाए गए हैं। केंद्रीय बैंक की वार्षिक रिपोर्ट बताती है कि इन नोटों की संख्या में एक साल में 37 फीसदी से ज्यादा की वृद्धि हुई है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। यह भी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

# भगवान शिव का प्रिय मास श्रावण



अशोक प्रवृद्ध

भारतीय पंचांग के अनुसार वर्ष का पांचवा महीना श्रावण अथवा सावन को वर्षा ऋतु का महीना कहा जाता है। इस समय बहुत वर्षा होने के कारण इसे पावस ऋतु भी कहा जाता है। श्रावण मास और श्रावण सोमवार शिव को बहुत प्रिय हैं, इसलिए इस महीने के प्रत्येक सोमवार को शिव के व्रत किए जाते हैं। शिव भक्ति में लीन कुछ भक्तजन तो पूरे मास ही शिव की पूजा-आराधना और व्रत करते हैं। श्रावण मास व इसके सोमवारों में शिव के व्रतों, पूजा, जल, दुग्धाभिषेकों और शिव आरती का विशेष महत्त्व है। क्ष्रौंळीह श्रावण सोमवार का विशेष महत्व है। सोमवार का अंक 2 होता है, जो चंद्रमा का प्रतिनिधित्व करता है। चंद्रमा मन का संकेतक है और वह भगवान शिव के मस्तक पर विराजमान है। चंद्रमा मनसो जात:। अर्थात चंद्रमा मन का मालिक है और उसके नियंत्रण और नियमण में उसका अहम योगदान है। अर्थात भगवान शंकर मस्तक पर चंद्रमा को नियंत्रित कर उक्त साधक अथवा भक्त के मन को एकाग्रचित कर उसे अविद्या रूपी माया के मोहपाश से मुक्त कर देते हैं। भगवान शंकर की कृपा से भक्त त्रिगुणातीत भाव को प्राप्त करता है और यही उसके जन्म-मरण से मुक्ति का मुख्य आधार सिद्ध होता है। इसलिए इस दिन भगवान शिव की प्रसन्नता के लिए भगवान शिव और माता पार्वती का ध्यान कर शिव पंचाक्षर मंत्र का जप करते हुए पूजन करना चाहिए। सावन के सोमवार में स्त्रियाँ तथा विशेषतौर से कुंवारी युवतियाँ भगवान शिव के निमित्त व्रत आदि रखती हैं। मान्यतानुसार सावन के सोमवार पर व्रत रखकर शिवलिंग पर जल, बेलपत्र, धतूरा, भस्म, दूध आदि अर्पित करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। इस वर्ष 2025 में सावन का महीना 10 जुलाई से आरम्भ हो चुका है और 09 अगस्त को रक्षा बंधन के साथ समाप्त होगा। इस बार सावन में कुल 4 सोमवार व्रत पड़ेंगे।14, 21 और 28 जुलाई और 4 अगस्त को सोमवार का दिन पड़ रहा है। इस माह में हरियाली तीज, रक्षाबन्धन, नागपंचमी, कामदा एकादशी, पुत्रदा एकादशी आदि व्रत एवं त्योहार मनाए जाते हैं।

भारतीय पंचांग, परंपरा, संस्कृति, धार्मिक आस्था व विश्वास में शिव को प्रिय श्रावण मास का अत्यंत महत्व माना गया है। वर्षा ऋतु के अंतर्गत आने वाले श्रावण मास में प्रकृति हरी-भरी हो जाती है, पेड़-पौधे खिल उठते हैं और खेतों में हरियाली छा जाती है। यह समय कृषि कार्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। गर्मी की तपन से त्रस्त धरती पर वर्षा की बूंदों के टपकने से चतुर्दिक प्रसन्नता छा जाती है। प्रकृति के साथ ही मानव मन भी लहलहा उठता है। और भगवान शिव धरती पर भ्रमण के लिए भी आते हैं। यह उनका प्रिय मास है। उनके स्वागत में सावन माह में उपवास, भजन, कीर्तन, रुद्राभिषेक जैसे धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन होता है। यह आत्मशुद्धि और संयम का भी प्रतीक है। इस महीने में शिवपुराण, रुद्राष्टक, शिवचालीसा आदि का पाठ करने से मानसिक कष्ट दूर होते हैं। श्रावण माह के संबंध में प्रचलित एक पौराणिक कथा के अनुसार सनत कुमारों के द्वारा भगवान शिव से श्रावण मास उन्हें प्रिय होने का कारण पूछे जाने पर शिव ने बताया कि अपने पिता दक्ष के घर में योगशक्ति से देवी सती के शरीर त्याग किए जाने के पूर्व



सती ने महादेव को हर जन्म में पति के रूप में पाने का प्रण किया था। अपने दूसरे जन्म में देवी सती ने पार्वती के नाम से हिमाचल और रानी मैना के घर में पुत्री के रूप में जन्म लिया। पार्वती ने युवावस्था के सावन महीने में निराहार रह कर कठोर व्रत कर शिव को प्रसन्न कर उनसे विवाह किया, जिसके बाद ही महादेव के लिए यह विशेष हो गया। इसलिए कुंवारी कन्याएं अच्छे वर की प्राप्ति के लिए व्रत इस महीने में रखती हैं। भगवान शिव सावन के महीने में पृथ्वी पर अवतरित होकर जब अपनी ससुराल गए थे, तो वहां उनका स्वागत अर्ध्य और जलाभिषेक से किया गया था। मान्यता है कि प्रत्येक वर्ष सावन माह में भगवान शिव अपनी ससुराल आते हैं। भूलोक वासियों के लिए शिव कृपा पाने का यह उत्तम समय होता है। एक कथा के अनुसार मरकंडू ऋषि के पुत्र मारकण्डेय ने लंबी आयु के लिए सावन माह में ही घोर तप कर शिव की कृपा प्राप्त की थी, जिससे मिली मंत्र शक्तियों के सामने मृत्यु के देवता यमराज भी नतमस्तक हो गए थे। पौराणिक कथाओं के अनुसार इसी सावन मास में समुद्र मंथन किया गया था। समुद्र मंथन से निकले वाले कालकूट नामक हलाहल विष को भगवान शंकर ने कंठ में समाहित कर सृष्टि की रक्षा की। लेकिन विषपान से महादेव का कंठ नीलवर्ण हो जाने से उनका नाम नीलकंठ महादेव पड़ा। मान्यतानुसार विष के प्रभाव को कम करने के लिए श्रावण के महीने में ही देव-ताओं ने भगवान शिव को जल अर्पित कर उनकी आराधना की थी ताकि भोलेनाथ को आराम मिले। इसलिए श्रावण मास में भोलेनाथ अर्थात शिवलिंग पर जल चढ़ाने का विशेष महत्व है। शिवपुराण के अनुसार भगवान शिव स्वयं ही जल हैं। इसलिए जल से उनकी अभिषेक के रूप में अराधना उत्तमोत्तम फल देने वाला है। श्रावण मास में सबसे अधिक बारिश होती है, जो शिव के गर्म शरीर को ठंडक प्रदान करती है। भगवान शंकर ने स्वयं सनतकुमारों को सावन महीने की महिमा बताते हुए कहा है कि मेरे तीनों नेत्रों में सूर्य दाहिने, बांये चन्द्रमा और अग्नि मध्य नेत्र है। जब सूर्य कर्क राशि में गोचर करता है, तब सावन महीने की शुरुआत होती है। सूर्य गर्म है, जो ऊष्मा देता है, जबकि चंद्रमा ठंडा है, जो शीतलता प्रदान करता है। इसलिए सूर्य के कर्क राशि में आने से झमाझम बारिस होती है, जिससे लोक कल्याण के लिए विष को पीने वाले भोलेनाथ को ठंडक व सुकून मिलता है। इसलिए शिव का सावन से इतना गहरा लगाव है। सम्पूर्ण भारत में विभिन्न स्थानों से शिव भक्तगण गंगाजल अथवा स्थानीय जल लेकर पैदल यात्रा करते हैं और अपने क्षेत्र के शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। इसे कांवड़ अथवा कांवर यात्रा कहा जाता है। जल चढ़ाने से शिव के प्रसन्न होने की मान्यता के कारण कांवड़िए गंगा जल से शिव का जलाभिषेक करते हैं। सावन मास में भगवान शंकर की पूजा उनके परिवार के सदस्यों संग करने का विधान है। इस माह में भगवान शिव के रुद्राभिषेक का विशेष महत्त्व होने के कारण इस मास में प्रत्येक दिन रुद्राभिषेक किया जा सकता है, इसके लिए कोई मुहूर्त देखनी नहीं पड़ती, जबकि अन्य मास में शिववास का मुहूर्त देखना पड़ता है। शिव के रुद्राभिषेक में जल, दूध, दही, शुद्ध घी, शहद, शक्कर या चीनी, गंगाजल तथा गन्ने के रस आदि से स्नान कराया जाता है। अभिषेक कराने के बाद बेलपत्र, शमीपत्र, कुशा तथा दूब आदि शिव को प्रसन्न करने के लिए चढाय़ा जाता है। अंत में भांग, धतूरा तथा श्रीफल भोलेनाथ को भोग लगाया जाता है। श्रावण मास भगवान विष्णु के योगनिद्रा में चले जाने का काल होता है। तत्पश्चात सृष्टि के संचालन का उत्तरदायित्व भगवान शिव ग्रहण करते हैं। इसलिए सावन के प्रधान देवता भगवान शिव बन जाते हैं। यह समय भक्तों, साधु-संतों सभी के लिए अमूल्य होता है। विष्णु के योगनिद्रा में चले जाने की अवधि श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, इन चार महीनों में होने वाले वैदिक यज्ञ को चौमासा भी कहा जाता है।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव



ललित गर्ग

भारतीय रिज़र्व बैंक (आर बी आई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रूपये के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दर्शाता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पर्दाफाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था।

आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाज़ार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्प-क्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हत-ोत्साहित किया जाए।

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है।

निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के ज़रिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती।

नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी 'नकदी ही राजा है' मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

-लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## पाकिस्तानी एयरलाइन की गलती से यात्री कराची की जगह सऊदी अरब पहुंचा

**कराची :** पाकिस्तान में एक निजी एयरलाइन की एक विचित्र गलती के कारण लाहौर से कराची जाने वाला एक यात्री सऊदी अरब पहुंच गया और बाद में उन्हें वापस पाकिस्तान भेजा गया। यह घटना सात जुलाई को हुई, जब कराची के इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मलिक शाहज़ैन 'एयरसियाल' की उड़ान में लाहौर से सवार हुए। नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के एक अधिकारी ने कहा कि वे इस असामान्य घटना की जांच कर रहे हैं। अधिकारी ने कहा, गलती से किसी यात्री का गलत उड़ान में चढ़ जाना तो हो सकता है, लेकिन हमारे सामने ऐसा कोई मामला नहीं आया है, जहां कोई घरेलू यात्री किसी अंतरराष्ट्रीय उड़ान में चढ़ गया हो। शाहज़ैन के अनुसार, सात जुलाई की रात को जब उन्हें पता चला कि उनका बच्चा बीमार पड़ गया है, तो वह लाहौर से कराची लौट रहे थे। वह वक्त पर हवाई अड्डे पहुंचे और अपना पहले से बुक किया हुआ बोर्डिंग पास दिखाया, जिसके बाद उन्हें लाउंज और प्रस्थान द्वार की ओर भेज दिया गया। शाहज़ैन ने कहा, 'एयरसियाल' के दो विमान टर्मिनल पर थे, एक कराची जा रहा था और दूसरा जेद्दा।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 15 जुलाई, मंगलवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, श्रावण कृष्णपक्ष पंचमी, 22:37 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 06:17 तक, योग : सौभाग्य, 14:08 तक, सूर्योदय: 5:00, सूर्यास्त: 18:24, चन्द्रोदय : 21:39, चन्द्रास्त: 09:00, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 15:01 से 16:40

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों के लिए शुभ है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियों के साथ-साथ किसी पुराने प्रोजेक्ट की सफलता आर्थिक लाभ दे सकती है।

**वृष :** कार्यस्थल पर अधिकारी या सहयोगी से मतभेद संभव है, परंतु आप अपने कौशल और अनुभव से स्थिति को संभाल लेंगे। व्यापार में थोड़ी अस्थिरता रह सकती है।

**मिथुन :** बुध द्वितीय भाव में है और चंद्रमा नवम में, आर्थिक स्थिति थोड़ी असंतुलित हो सकती है। परिजनों से बिछोह या मनमुटाव से मानसिक तनाव रह सकता है।

**कर्क :** चंद्रमा अष्टम होकर सुख स्थान में है, भाग्य का उदय होगा। जीवनसाथी और साझेदारों से भरपूर सहयोग प्राप्त होगा, जिससे व्यावसायिक निर्णय मजबूत होंगे।

**सिंह :** आज मिश्रित परिणामों का दिन है। समाज में छवि मजबूत होगी, जिससे भविष्य में व्यावसायिक लाभ हो सकता है। कार्यों में सजगता जरूरी है, विशेषकर यदि आप पदोन्नति की राह पर हैं।

**कन्या :** चंद्रमा षष्ठ भाव में और मंगल व्यय भाव में, आर्थिक जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं, साथ ही राज्य मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि भी होगी। आज पद, प्रतिष्ठा और उत्तरदायित्वों में वृद्धि हो सकती है।

**तुला :** राशि स्वामी शुक्र सांसारिक सुखों की वृद्धि कर रहा है। व्यापार में आज विशेष लाभ के संकेत हैं। जीवनसाथी का सहयोग भी आर्थिक निर्णयों में सहायक रहेगा।

**वृश्चिक :** आज आप अपने समय का बड़ा हिस्सा परोपकार में व्यतीत करेंगे। ऑफिस में आपके अधिकारों और जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी, जिससे सहकर्मियों में असंतोष हो सकता है।

**धनु :** पारिवारिक वातावरण में अशांति रह सकती है, जिससे कार्यक्षेत्र में ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है। परंतु आपकी शांति और विनम्रता से स्थितियाँ आपके पक्ष में लौटेंगी।

**मकर :** आज कोई नई डील अचानक आर्थिक लाभ दिला सकती है। हालांकि परिवार में किसी सदस्य की तबीयत खराब होने से मानसिक असंतुलन रह सकता है।

**कुम्भ :** शनि के उदय और चंद्रमा के प्रथम भाव में होने से आज आर्थिक दृष्टि से बड़ी सफलता मिल सकती है। अचानक बड़ी रकम प्राप्त होने से मन प्रसन्न रहेगा।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए कामकाज के मामले में अच्छा रहने वाला है, लेकिन आप अपने खर्चों को नियंत्रण में कोशिश करने की कोशिश करें, जिनके लिए बजट बनाकर चलने की आवश्यकता है।

## विदेश की खबरें

### ट्रंप ने यूक्रेन युद्ध नहीं रुकने की स्थिति में रूस पर कड़े शुल्क लगाने की चेतावनी दी

**वाशिंगटन :** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कहा कि यदि यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए 50 दिन के भीतर कोई समझौता नहीं होता है तो वह रूस पर कड़े शुल्क लगाएंगे। राष्ट्रपति ने नाटो महासचिव मार्क रूट के साथ 'ओवल ऑफिस' में बैठक के दौरान यह घोषणा की। ट्रंप ने कहा, अगर 50 दिन में कोई समझौता नहीं हुआ तो हम बहुत कड़े शुल्क लगाएंगे। उन्होंने यह नहीं बताया कि शुल्क कैसे लागू किए जाएंगे। ट्रंप ने कहा, मैं व्यापार का इस्तेमाल कई चीज़ों के लिए करता हूं। लेकिन युद्धों के समाधान के लिए यह बहुत अच्छा कदम है। रूट अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो, रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ से भी मुलाकात करेंगे। ट्रंप लंबे समय से पुतिन के साथ अपने मैत्रीपूर्ण संबंधों का बखान करते रहे हैं, और जनवरी में पदभार ग्रहण करने के बाद से उन्होंने कई बार कहा है कि यूक्रेन से ज़्यादा रूस शांति समझौते के लिए इच्छुक है। साथ ही, ट्रंप ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की पर युद्ध को लंबा खींचने का आरोप लगाया और उन्हें तानाशाह कहा। हालांकि, यूक्रेन के आव-ासीय इलाकों पर रूस के लगातार हमलों के बाद ट्रंप ने रूस पर निशाना साधा है। इस बीच, यूक्रेन और रूस के लिए ट्रंप के विशेष दूत ने सोमवार को कीव में यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात की। जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने और ट्रंप के दूत, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल कीथ केलॉग ने यूक्रेनी वायु रक्षा को मजबूत करने, संयुक्त हथियार उत्पादन और यूरोपीय देशों के साथ मिलकर अमेरिकी हथियारों की खरीद के साथ-साथ रूस पर कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की संभावना के बारे में सार्थक बातचीत की।

### लंदन के पास विमान दुर्घटना में चार लोगों की मौत

**लंदन :** लंदन के साउथेंड हवाई अड्डे से रविवार को उड़ान भरने के तुरंत बाद ही दुर्घटनाग्रस्त हुए एक छोटे विमान में सवार चार लोगों की मौत हो गई है। पुलिस ने यह जानकारी दी। एसेक्स पुलिस ने सोमवार को कहा कि पीड़ितों की पहचान की जा रही है, जिनमें से ब्रिटेन का कोई भी नागरिक नहीं है। डच कंपनी 'ज्यूश एविएशन' द्वारा संचालित 'बीचक्राफ्ट बी200 सुपर किंग' विमान ने ग्रीस के एथेंस से पुला (क्रोएशिया) गया, फिर वहां से साउथेंड (ब्रिटेन) के लिए रवाना हुआ।

## वर्ग पहेली नं. 3153

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 |
| 7 | | | ■ | 8 | | | | ■ | |
| ■ | ■ | 9 | | | ■ | | ■ | 10 | |
| 11 | 12 | | ■ | 13 | 14 | | | | ■ |
| ■ | | ■ | 15 | ■ | | ■ | ■ | 16 | |
| 17 | | | | ■ | 18 | | 19 | | ■ |
| 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | | ■ | 23 |
| | ■ | 24 | | | ■ | 25 | | 26 | |
| 27 | | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बायें से दायें:-** 2) बरछा; भाला; लकड़ी का मोटा डंडा, 4) सदस्य, 7) धैर्य, 8) बहुत से आभूषण, 9) दुःखित, 10) ताक़त, 11) बड़ी मज़बूत चारपाई, 13) सर्जनात्मक; जो देशोन्नति से संबंधित हो, 16) दूल्हा, 17) पीड़ित; दुर्दशाग्रस्त, 18) परीक्षा लेनेवाला, 20) एक-एक, 21) दारू, 24) तथ्य, 25) आना-जाना, 27) नाम पर; किसी के प्रति, 28) जो रंगीन न हो; धवल; दूधिया, 29) हाथ का पंजा.

**ऊपर से नीचे:-** 1) बिना आँख की, 2) हनुमान, 3) ज़ायकेदार; दिलचस्प; मनो-रंजक, 4) तारीफ़; प्रशंसा करना, 5) उबाला हुआ चावल, 6) धोखा, 10) निरर्थक बोलना, 12) गणेश, 14) तीता, 15) अलबेला; मनमौजी, 17) भुलावा, 19) योग्यता; सामर्थ्य, 22) अहोरात्र, 23) पूर्वज, 24) तर्कवितर्क, 25) स्मरण, 26) तिब्बती जंगली भैंसा.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दे | हा | व | सा | न | ■ | ज़ | ■ | भो | ज |
| खा | ल | ■ | ■ | ग | र | मा | ग | र | म |
| भा | ■ | श | री | र | ■ | न | ■ | ■ | ना |
| ल | बा | र | ■ | वा | ■ | त | म | क | ■ |
| ■ | ब | द | न | सी | ब | ■ | नो | च | ना |
| बे | र | ■ | फ़ | ■ | द | ■ | र | ■ | व |
| ज़ | ■ | ओ | र | ■ | ना | मु | म | कि | न |
| बा | जा | ■ | त | मा | म | ■ | ■ | ध | ■ |
| न | न | द | ■ | टी | ■ | म | हा | र | त |

## सुडोकू-पहेली-3110

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 3 | | | | 4 | | | |
| | 4 | 1 | 7 | 5 | | | | |
| | | | | 2 | | | | |
| | | | 8 | | | | 4 | |
| | | | 3 | | | 6 | 8 | 1 |
| 1 | | 4 | | | 2 | | | 7 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 8 | 5 | | | | | | | |
| | | 3 | 9 | | | | | 4 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3109 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 7 | 6 | 1 | 9 | 5 | 4 | 3 | 2 | 8 |
| 9 | 8 | 4 | 2 | 6 | 3 | 1 | 5 | 7 |
| 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 1 | 3 |
| 8 | 1 | 7 | 6 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 3 | 2 | 5 | 1 | 4 | 9 | 7 | 8 | 6 |
| 1 | 3 | 2 | 4 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 |
| 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 1 | 4 | 6 | 2 |
| 4 | 7 | 6 | 8 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |

# आईआईएम जोका मामले में कोर्ट में पीड़िता की अनुपस्थिति से नया विवाद

❑ **अदालत ने मामले की दोबारा गहन जांच के आदेश दिए**



**कोलकाता, समाज्ञा :** आईआईएम जोका से जुड़े कथित बलात्कार मामले में सोमवार को उस समय नया मोड़ आया जब पीड़िता अदालत में पेश नहीं हुईं। निर्धारित तिथि पर अलीपुर कोर्ट में उनका गुप्त बयान दर्ज किया जाना था, लेकिन वह बिना कोई स्पष्ट कारण बताए अनुपस्थित रहीं। इस पर अदालत ने पुलिस से स्थिति रिपोर्ट तलब की है। वहीं, सरकारी वकील ने इस मामले में पीड़िता के पिता द्वारा सोशल मीडिया पर दिए गए बयान की गहन जांच की सिफारिश की है। यह मामला राज्य भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि आईआईएम जोका के प्रबंधन पाठ्यक्रम के एक द्वितीय वर्ष के छात्र से उसकी पहचान सोशल मीडिया पर हुई थी। आरोपी ने उसे मानसिक स्वास्थ्य काउंसलिंग के बहाने हॉस्टल बुलाया, जहां शुक्रवार सुबह 11:45 बजे वह पहुंचीं। युवती के अनुसार, वहां उसे पिज्जा और नशीला पानी दिया गया जिससे वह अस्वस्थ हो गईं। जब उन्होंने शौचालय जाने की इच्छा जताई तो आरोपी ने उन्हें रोका और मारपीट की। वे बेहोश हो गईं और रात 8:35 बजे होश में आईं। इसके बाद उन्होंने ठाकुरपुकुर थाने और फिर हरिदेवपुर थाने में जाकर बलात्कार की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया।

इधर, आरोपित के वकील ने पुलिस की जांच पर सवाल खड़े करते हुए दावा किया है कि पुलिस ने अदालत में रिपोर्ट दी है कि दुष्कर्म की घटना दोपहर 11:45 से रात 8:35 के बीच हुई। लेकिन एफआईआर में भी घटना का समय रात 8:35 ही लिखा है, जो संदेहास्पद है, क्योंकि आईआईएम जोका से संबंधित थाने की दूरी लगभग चार किलोमीटर है।

पुलिस का तर्क है कि इसी कारण यह जरूरी है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि युवती ने कॉलेज परिसर कब छोड़ा और फिर वह कहां-कहां गई। अभी इस संबंध में पुलिस को कोई पुख्ता जानकारी नहीं मिल पाई है।

इधर, घटना के बाद अगले ही दिन सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें पीड़िता के पिता ने दावा किया कि उनकी बेटी से बलात्कार नहीं हुआ और उससे यह बयान जबरन दिलवाया गया। इस वीडियो ने मामले को और उलझा दिया है। आरोपी के वकील ने अदालत में कहा कि पीड़िता की अनुपस्थिति पुलिस की लापरवाही दर्शाती है। अब मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय और पुलिस दोनों इस केस के सभी पहलुओं की दोबारा जांच करने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

कोलकाता पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पीड़िता की मेडिकल जांच और अन्य प्रक्रिया को पूरा करने के बाद आरोपित की गिरफ्तारी हुई है। वह फिलहाल 19 जुलाई तक हिरासत में है। पीड़िता के पिता क्या कहते हैं यह मायने नहीं रखता है। पीड़िता ने दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई है और इस पर केंद्रित होकर के जांच आगे बढ़ाई जा रही है। बहुत जल्दी सच्चाई सामने आ जाएगी।

# आईआईएम जोका में प्रवेश समय को लेकर जांच में संशय, मोबाइल लोकेशन से संदेह गहराया

**कोलकाता :** आईआईएम जोका मामले में जांचकर्ताओं का कहना है कि अब तक युवती के बयान और तकनीकी साक्ष्यों में मेल नहीं बैठ रहा है। उदाहरण के तौर पर, पीड़िता ने अपनी शिकायत में शुक्रवार को सुबह लगभग 11:45 बजे कॉलेज कैंपस में प्रवेश करने की बात कही है। लेकिन मोबाइल टावर लोकेशन के मुताबिक वह सुबह 11:00 बजे ही कैंपस में पहुंच गई थीं।

आरोपित युवक ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि उसकी युवती से पहचान एक ऐप के जरिए हुई थी और वह कुछ महीनों से काउंसलिंग करवा रहा था। आरोपित के मुताबिक, शुक्रवार को सुबह 11:00 से 11:30 बजे तक काउंसलिंग का समय तय था और इसलिए उसने पहले ही वार्डन को सूचित कर दिया



था कि युवती आएंगी। इस वजह से उन्हें उपस्थिति पंजी में दस्तखत नहीं करने पड़े।

अब पुलिस के समक्ष यह सवाल है कि क्या उस दिन काउंसलिंग हुई थी या नहीं? क्या काउंसलिंग के बाद ही अपराध घटित हुआ? क्या इसी कारण युवती ने शिकायत में अपना प्रवेश समय 11:45 बजे बताया? पुलिस को अभी इन सवालों के जवाब नहीं मिले हैं।

पुलिस ने कॉलेज प्रशासन से और अधिक सीसीटीवी फुटेज की मांग की है ताकि युवती के परिसर में आने और जाने के समय की पुष्टि की जा सके। अब तक जो फुटेज मिले हैं, उनमें युवती की उपस्थिति दर्ज है। इसके अलावा, कॉलेज परिसर और हॉस्टल में प्रवेश से जुड़ी रजिस्टरों की जांच की जा रही है।

पुलिस यह भी जानना चाहती है कि युवती को घटना वाले दिन किस-किस ने देखा था और कहां देखा था। इसके लिए सुरक्षा गार्डों, छात्रों और अन्य स्टाफ से पूछताछ की जाएगी। साथ ही, उनके नामों की सूची कॉलेज प्रशासन से मांगी गई है।

**Name Change**

I, PRAKASH GUPTA (old name) S/o. LATE GANGA SAHAI GUPTA, residing at 3 WATKINS LANE, HOWRAH, WEST BENGAL, PIN- 711101, India, have changed my name and shall henceforth be known as PRAKASH CHAND GUPTA (new name) as declared before the notary public at Kolkata vide an affidavit dated 14/07/2025. PRAKASH CHAND GUPTA (new name) and PRAKASH GUPTA (old name) both are same and one identical person.

# उस दिन का इंतजार है जिस दिन बंगाल अपनी पुरानी गौरवशाली पहचान लौटाएगा : असीम घोष



**कोलकाता :** राज्य राजनीति के एक पुराने और चर्चित चेहरे असीम घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त किया गया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को उनकी नियुक्ति की घोषणा की। असीम घोष पश्चिम बंगाल भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और अब वे हरियाणा के 19वें राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

असीम घोष ने अपनी नियुक्ति के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा, यह एक बड़ा दायित्व है। यह एक संवैधानिक पद है, और मैं पूरी निष्ठा से संविधान के अनुरूप कार्य करूंगा। मुख्यमंत्री (नयाब सिंह सैनी), उनके मंत्रिमंडल और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर हरियाणा के विकास के लिए काम करूंगा। कोशिश करूंगा कि मुख्यमंत्री को सही सुझाव दे सकूं।

38 वर्षों तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहने के बाद असीम घोष ने लगभग 15 वर्षों तक सक्रिय राजनीति में भाग लिया। अब वे पहली बार किसी संवैधानिक पद की जिम्मेदारी निभाने जा रहे हैं।

❑ **शिक्षा और जनजातीय समुदायों के विकास पर रहेगा विशेष ध्यान**

घोष ने कहा कि वे हरियाणा जाकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे और यह जानने का प्रयास करेंगे कि राज्य के विकास में कैसे सहयोग किया जा सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनका विशेष फोकस राज्य में शिक्षा के क्षेत्र-विशेष रूप से बेटियों की शिक्षा-और जनजातियों एवं अन्य पिछड़े समुदायों के उत्थान पर रहेगा।

❑ **पश्चिम बंगाल को लेकर कहीं बड़ी बात**

हावड़ा निवासी असीम घोष ने पश्चिम बंगाल के हालात पर चिंता जाहिर करते हुए कहा, मैं उस दिन का इंतजार कर रहा हूं जब बंगाल अपनी पुरानी गौरवशाली पहचान को पुनः प्राप्त करेगा। आज राज्य में अनेक समस्याएं हैं। एक दिन यह अंधकारमय समय जरूर समाप्त होगा। लड़कियां निडर होकर स्कूल और कॉलेज जा सकेंगी, माता-पिता को चिंता नहीं करनी पड़ेगी। जिस तरह बंगाल में एक समय उद्योग का स्वर्णिम युग था, उसे पुनः लाने के लिए शासक और विपक्ष दोनों को मिलकर प्रयास करना होगा। यह सभी की जिम्मेदारी है।

❑ **पूर्व भाजपा अध्यक्षों की परंपरा को आगे बढ़ाया**

असीम घोष से पहले भी पश्चिम बंगाल भाजपा के कई पूर्व अध्यक्ष राज्यपाल रह चुके हैं। विष्णुकांत शास्त्री वर्ष 1999 में हिमाचल प्रदेश और 2000 में उत्तर प्रदेश के राज्यपाल बने थे। वहीं, तथागत रॉय 2015 में त्रिपुरा और 2018 में मेघालय के राज्यपाल बनाए गए थे। अब असीम घोष इस परंपरा की अगली कड़ी बने हैं।

हालांकि अभी तक उन्हें राज्यपाल पद की शपथ लेने संबंधी आधिकारिक पत्र नहीं मिला है, लेकिन उन्होंने कहा कि जैसे ही राष्ट्रपति कार्यालय से औपचारिक पत्र प्राप्त होगा, वे हरियाणा के लिए रवाना हो जाएंगे। घोष ने स्पष्ट किया कि कार्य भले ही हरियाणा में होगा, लेकिन उनका मन हमेशा बंगाल से जुड़ा रहेगा।

# कैबिनेट बैठक के दौरान बीमार पड़े मछली पालन मंत्री बिप्लब रायचौधुरी

❑ **एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती**

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल सरकार के मछली पालन मंत्री बिप्लब रायचौधुरी सोमवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में चल रही राज्य मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान अचानक अस्वस्थ हो गए। तत्काल स्थिति को देखते हुए पहले सचिवालय में ही प्राथमिक चिकित्सा दी गई, जिसके बाद उन्हें तुरंत कोलकाता के एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, मंत्री बिप्लब रायचौधुरी को उच्च रक्तचाप की समस्या हुई थी। बैठक के दौरान वह अचानक असहज महसूस करने लगे, जिसके बाद डॉक्टरों की एक टीम ने उन्हें देखा और तुरंत अस्पताल में भर्ती कराने की सलाह दी।

एसएसकेएम अस्पताल के सूत्रों के मुताबिक, मंत्री की हालत फिलहाल स्थिर है और चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है। अस्पताल प्रशासन ने उनके स्वास्थ्य को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

मंत्री के बीमार पड़ने की खबर फैलते ही सोशल मीडिया पर कई तरह की अफवाहें भी तैरने लगीं। हालांकि, विश्वसनीय सूत्रों ने इन अटकलों से बचने की सलाह दी है और लोगों से सही और प्रमाणिक जानकारी का ही भरोसा करने की अपील की है।

राज्य सरकार की ओर से अब तक कोई औपचारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी नहीं की गई है, लेकिन सरकारी सूत्रों के अनुसार, मंत्री के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है और जरूरत पड़ने पर विस्तृत जानकारी साझा की जाएगी।

# आरजी कर भ्रष्टाचार मामला: पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष सहित पांच के खिलाफ आरोप तय

## 22 जुलाई से सुनवाई शुरू



**कोलकाता :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में आर्थिक अनियमितताओं के मामले में सीबीआई की विशेष अदालत ने सोमवार को पूर्व प्रिंसिपल डॉ. संदीप घोष समेत पांच आरोपितों के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। अदालत ने भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तथा भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 409, 467, 468 और सात के तहत मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। मामले की सुनवाई 22 जुलाई से शुरू होगी।

यह मामला कलकत्ता हाई कोर्ट के आदेश पर सीबीआई को सौंपा गया था। एजेंसी ने अपनी चार्जशीट में संदीप घोष के अलावा अफसर अली, बिप्लब सिंह, सुमन हाजरा और आशीष पांडे को भी आरोपित बनाया है। सभी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं।

पूर्व डिप्टी सुपर की शिकायत पर दर्ज इस मामले में आरोप है कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज में तीन वर्षों से भी अधिक समय तक चिकित्सा उपकरणों की खरीद के नाम पर टेंडर प्रक्रिया में भारी गड़बड़ी की गई। आरोप है कि संदीप घोष ने अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए टेंडर दिलवाए। इसी आधार पर सीबीआई ने 29 नवम्बर 2024 को अलीपुर अदालत में चार्जशीट दाखिल की थी।

संदीप घोष इस मामले में सबसे पहले गिरफ्तार किए गए थे। उनसे कई दिन तक सीबीआई दफ्तर में पूछताछ की गई थी। बाद में बिप्लब, अफसर और सुमन को भी गिरफ्तार किया गया, और अंतिम गिरफ्तारी आशीष की हुई थी।

पिछले वर्ष नौ अगस्त को आरजी कर अस्पताल के आपातकालीन विभाग की चौथी मंज़िल के सेमिनार हॉल में एक महिला डॉक्टर छात्रा का शव मिला था। जांच में सामने आया कि उसके साथ दुष्कर्म कर हत्या की गई थी। इस मामले में सिविक वॉलंटियर संजय राय को उम्रकैद की सज़ा सुनाई जा चुकी है।

उसी घटना के बाद आरजी कर अस्पताल में व्याप्त आर्थिक भ्रष्टाचार की परतें खुलनी शुरू हुईं। हत्या-बलात्कार मामले में सबूतों को मिटाने के आरोप में सीबीआई ने पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष और उस समय के टाला थाने के प्रभारी अभिजीत मंडल को भी हिरासत में लिया था। हालांकि, दोनों को दिसंबर 2024 में इस मामले में ज़मानत मिल गई थी, लेकिन भ्रष्टाचार के मामले में संदीप घोष अब भी जेल में हैं।



सावन के पहले सोमवार को कोलकाता के नीमतल्ला स्तिथ भूतनाथ मंदिर में भोले बाबा पर जल अर्पित करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा**

**'ई'-खरीद प्रणाली के लिए निविदा**

**निविदा सूचना संख्या: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/26** **दिनांक: 11/07/2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डन रीच रोड, कोलकाता-700043, खुली ई-निविदाएं आमंत्रित करता है, जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर अपलोड की गई हैं। सभी निविदाएं 14.00 बजे बंद हो जाएंगी।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | नियत तिथि | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | बयाना राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 60250021 | 04/08/25 | 60 किग्रा रेलों के लिए 1.0 मीटर लंबी फिश प्लेट का निर्माण और आपूर्ति। | 1500 सेट | 14,44,060.00 |
| 2. | 56253005 | 28/07/25 | 6 क्वाड केबल 0.9 मिमी व्यास आदि की आपूर्ति के लिए चालू अनुबंध। | 2400 किमी | 50,00,000.00 |
| 3. | 65255006 | 07/08/25 | शॉक एब्जॉर्बर परीक्षण मशीन (प्रीबिड बैठक 24.07.25 को 12.00 बजे पीसीएमएम मीटिंग रूम/एसईआर/जीआरसी/कोल-43 में) | 03 नग | 2,48,700.00 |
| 4. | 45253190 | 05/08/25 | 120 एएच क्षमता की वाल्व रेगुलेटेड लेड एसिड बैटरी आदि। | 879 सेट | 20,00,000.00 |
| 5. | 47255005A | 19/08/25 | बिजली ट्रांसफार्मर आदि की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग। | 02 नग | 1,38,770.00 |
| 6. | 45253204 | 02/09/25 | 25 किलोवाट अल्टरनेटर आदि के लिए उपयुक्त इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम रेगुलेटर यूनिट (ईआरआरयू)। | 29 नग | 1,45,090.00 |
| 7. | 75251723 | 06/10/25 | सजावटी थर्मोसेटिंग सिंथेटिक रेजिन बॉन्डेड लैमिनेटेड शीट आदि। | 6143 नग | 1,56,530.00 |
| 8. | 60250053A | 11/08/25 | व्यापक पीएससी स्लीपरों के लिए समग्र खांचेदार रबर सोल प्लेट 10 मिमी मोटी का निर्माण और आपूर्ति। | 5550000 नग | 20,00,000.00 |
| 9. | 29253184 | 30/07/25 | प्रेशर गेज का सेट आदि। | 226 सेट | 5,06,440.00 |
| 10. | 29253234 | 05/08/25 | उच्च वोल्टेज बुशिंग | 39 नग | 1,74,880.00 |
| 11. | 25253610 | 06/08/25 | हेक्स.एचडी.स्क्रू के साथ पेंटो माउंटिंग इंसुलेटर | 894 नग | 1,60,350.00 |
| 12. | 29253061 | 12/08/25 | डब्ल्यूएजी9 लोको के लिए फिल्टर असेंबली का सेट | 18 सेट | 1,07,470.00 |
| 13. | 25253345 | 14/08/25 | 1500 एम्पीयर क्षमता सीटीएफ का सेट | 21 सेट | 2,99,810.00 |
| 14. | 25251280 | 19/08/25 | केबल हेड टर्मिनेशन (सीएचटी) सिस्टम। | 46 नग | 2,33,400.00 |
| 15. | 25253565 | 21/08/25 | 1500 एम्पीयर के लिए संपर्क खंड। | 753 नग | 2,06,730.00 |
| 16. | 29254589 | 26/08/25 | मशीनीकृत स्टेटर असेंबली का संबद्ध घटक। | 242 नग | 4,53,470.00 |
| 17. | 2954597 | 01/09/25 | पेंटोग्राफ टाइप CCPL IRO3H के लिए आईओएच ओवरहालिंग किट। | 84 सेट | 1,47,850.00 |
| 18. | 29251423 | 01/09/25 | ट्रफ के बिना छत पर लगे एयर कंडीशनिंग सिस्टम। | 177 नग | 8,60,020.00 |
| 19. | 25253571 | 03/09/25 | N32 टैप चेंजर का एओएच रखरखाव अनुसूची। | 217 सेट | 3,91,260.00 |
| 20. | 29253269 | 04/09/25 | नोज सस्पेंड ड्राइव के लिए Labyrinth रिंग का सेट। | 239 सेट | 4,82,250.00 |
| 21. | 29253206 | 09/09/25 | हेड लाइट के लिए कांट्रेक्टर। | 227 नग | 1,01,730.00 |
| 22. | 29254588 | 15/09/25 | एंड फ्रेम ड्राइविंग एंड असेंबली (संशोधित)। | 98 नग | 1,84,380.00 |
| 23. | 29253277 | 22/09/25 | कंट्रांसिस मेक पेंटोग्राफ के लिए आइटम का सेट। | 29 सेट | 1,12,650.00 |
| 24. | 25251281 | 23/09/25 | इलेक्ट्रो मैग्नेटेटिक कांट्रेक्टर असेंबली। | 172 नग | 1,64,610.00 |
| 25. | 45253208 | 23/09/25 | इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफायर कम रेगुलेटर यूनिट (ERRU) आदि। | 50 नग | 1,40,300.00 |
| 26. | IG255583C | 11/08/25 | ट्रैक ज्यामिति गेज के माप के लिए पोर्टेबल टीईई ट्रॉली। | 01 नग | 1,12,800.00 |
| 27. | 80253061 | 10/09/25 | तीन चरण लोकोमोटिव आदि के लिए ट्रांसफार्मर ऑयल। | 79800 ली. | 2,37,330.00 |
| 28. | 60255093B | 04/08/25 | प्रीस्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपर आदि का निर्माण और आपूर्ति। | 940 सेट | 50,00,000.00 |
| 29. | 33253383 | 04/09/25 | एलएचबी कोचों के सीबीसी के लिए नकल | 161 नग | 1,35,370.00 |
| 30. | 30253276 | 28/08/25 | सी के लिए एएआर 'एच' प्रकार तंग लॉक की नकल | 132 नग | 1,45,950.00 |

इच्छुक निविदाकर्ता निविदाओं के पूर्ण विवरण/विवरण/विशिष्टता के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं और अपनी बोलियां ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में इन वस्तुओं के लिए मैनुअल निविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। **नोट:** संभावित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और उसके बाद प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए नियमित रूप से www.ireps.gov.in पर जा सकते हैं। (PR-394)

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं.: एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/12/2025, निविदा सं.: एसएएनडीटी-सीओएन-12-2025-एचडब्ल्यूएच, दिनांक 11.07.2025,** उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा उचित वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव के साथ वैध ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले अनुभवी सिग्नलिंग एवं टेलीकम्यूनिकेशन ठेकेदारों, पार्टनरशिप फर्म आदि से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है: **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल में मल्टीट्रैकिंग कार्य के संबंध में बकतारनगर से प्रधानखुंटा तक इंजीनियरिंग कार्य के सिलसिले में शेष अतिक्रमण हटाना एवं संबंधित गतिविधि। **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु.23,09,41,606/-, **बयाना राशि जमा:** रु.13,04,700/- जो एफए एंड सीएओ/कॉन/पूर्व रेलवे/कोलकाता के पक्ष में जमा की जाएगी। **निविदा कागजात का मूल्य:** रु.0.00, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। प्रस्ताव और बयाना राशि की वैधता निविदा के खुलने की तिथि से **90 दिन** रहनी चाहिए। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 04.08.2025 को 11.00 बजे। निविदा कागजात वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है एवं इस निविदा के लिए उल्लिखित अंतिम तिथि और समय पर या उससे पूर्व वर्णित ''निविदा कागजात की लागत'' एवं ''बयाना राशि'' के ऑनलाइन भुगतान के बाद बोली उक्त वेबसाइट पर जमा की जा सकती है। इस निविदा के लिए हर पहलू से संपूर्ण निविदा, ऊपर वर्णित सभी कागजातों के साथ **www.ireps.gov.in** पर अपलोड की जानी चाहिए। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जानी चाहिए। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं इस प्रकार प्राप्त किसी मैनुअल प्रस्ताव को स्वीकार नहीं किया जाएगा एवं तत्काल रद्द कर दिया जाएगा। निविदा कागजात, निविदा सूचना का विवरण, समय-समय पर जारी शुद्धिपत्र (यदि कोई है) एवं अन्य बुनियादी जानकारी **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध हैं। विस्तृत निविदा सूचना उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार इंजीनियर/निर्माण, पूर्व रेलवे, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 के सूचना पट पर भी देखा जा सकता है। CON-25/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.: सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/25/21, दिनांक 11.07.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चतुर्थ तल, हावड़ा स्टेशन के पास यात्री निवास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का अनुबंध प्रदान करने के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं.: पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-21**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-जेटीएल-ओएसएन-19-25-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-नॉन डिजिटल), विवरण:** क्लस्टर-IV (हावड़ा मंडल के झापटेर ढाल स्टेशन से गुमानी स्टेशन, अदलपहाड़ी स्टेशन से कुरुवा स्टेशन, आजिमगंज सिटी स्टेशन से तकीपुर स्टेशन और चौहट्टा स्टेशन से अजय केबिन तक) के तहत सभी स्टेशनों के स्टेशन परिसर में वाणिज्यिक विज्ञापनों के लिए तीन (03) वर्ष की अवधि हेतु अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एलएलएच-ओएसडी-119-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-1 (लिलुआ, बेलुड़, बाली, डानकुनी, कोन्नगर, रिसड़ा और श्रीरामपुर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एसएचई-ओएसडी-120-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-2 (सेवड़ाफुली, बैद्यबाटी, भद्रेश्वर, मानकुंडु, चंदननगर, चुचुड़ा और तारकेश्वर) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/3, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-बीडीसी-ओएसडी-121-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-3 (बैण्डेल, नबद्वीपधाम और कटवा) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/4, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-पीडीए-ओएसडी-122-24-1 (विज्ञापन-स्टेशन परिसर पर-डिजिटल), विवरण:** हावड़ा मंडल के तहत तीन (03) वर्षों की अवधि के लिए वाणिज्यिक विज्ञापनों का दायरा सहित क्लस्टर-4 (पाण्डुया, मेमारी, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन और रामपुरहाट) के तहत स्टेशनों पर डायनैमिक भीम यूपीआई क्यूआर कोड के प्रावधान के साथ पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम (पीआरएस) काउंटरों और अनरिजर्व्ड टिकटिंग सिस्टम (यूटीएस) काउंटरों पर ड्यूएल डिस्प्ले फेयर रिपीटर सिस्टम (डीडीएफआरएस) की आपूर्ति, स्थापना, संचालन और रखरखाव के लिए अनुबंध प्रदान करना **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 25.07.2025 को 12.00 बजे। HWH-189/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पालसिट डानकुनी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड**

(आईआरबी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपर्स लिमिटेड की एक सहायक कंपनी)

**सार्वजनिक सूचना**

डानकुनी टोल प्लाजा पर संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क (टोल) दरों पर सार्वजनिक सूचना लागू **15 जुलाई, 2025 के 00:00:00 बजे से**

जनता को सूचित किया जाता है कि **एनएचएआई के पत्र दिनांक 14.07.2025** संशोधित उपयोगकर्ता शुल्क दरों के अनुमोदन के अनुसार **एनएच-19 के अनुभाग 588.870 से 652.700 एनएच-19 के पालसिट से डानकुनी तक (NH-6 कनेक्टर तक)** डानकुनी टोल प्लाजा पर (चेनेज **647.230** ग्राम - डानकुनी के पास, जिला - हुगली) पश्चिम बंगाल राज्य में **15 जुलाई, 2025 के 00:00:00 बजे से** उपयोग के लिये उपयोगकर्ता शुल्क दरों में संशोधित होने जा रहा है।

**15 जुलाई, 2025 के 00:00:00 बजे से लागू संशोधित सड़क उपयोगकर्ता शुल्क दरें** निम्नानुसार :-

| डानकुनी टोल प्लाजा किलोमीटर 647.230 के लिए शुल्कयुक्त लंबाई - 63.830 किलोमीटर | | | | |
|---|---|---|---|---|
| वाहनों की श्रेणी | शुल्क एक तरफा यात्रा हेतु (रुपये में) | शुल्क एक दिन के भीतर वापसी यात्रा हेतु (रुपये में) | एक महीने में 50 एक तरफा यात्राओं के लिए मासिक पास का शुल्क (रूपये में) | प्लाजा के जिले के भीतर पंजीकृत वाणिज्यिक वाहन के लिए यात्रा के लिए शुल्क (रुपये में) |
| कार/जीप/वैन या हल्के मोटर वाहन | 110 | 160 | 3595 | 55 |
| लाइट कमर्शियल वाहन/लाइट गुड्स व्हीकल/मिनी बस | 175 | 260 | 5810 | 85 |
| बस या ट्रक (दो धुरी वाले) | 365 | 550 | 12170 | 185 |
| तीन धुरी कमर्शियल वाहन | 400 | 595 | 13275 | 200 |
| भारी निर्माण मशीनरी (एचसीएम)/अर्थ मूविंग उपकरण (ईएमई)/ बहु धुरिय वाहन (एमएवी) (4 से 6 धुरी) | 570 | 860 | 19080 | 285 |
| बड़े आकार के वाहन (सात या अधिक धुरी) | 695 | 1045 | 23230 | 350 |
| टोल प्लाजा से 20 किमी की दूरी के भीतर रहने वाले स्थानीय गैर-व्यवसायिक वाहन के लिए उपयुक्त टोल प्लाजा पर **15 जुलाई, 2025 को 00:00:00 बजे से प्रति कैलेंडर माह पास की दर रु. 350/- प्रति माह होगी।** | | | | |

2. उपरोक्त दरें **647.230 किमी** पर स्थित डानकुनी टोल प्लाजा का **61.30 किलोमीटर पूर्ण लंबाई** एवं **2.53 किलोमीटर निर्माणाधीन** सड़क के लिए लागू है, जिसमें **62.935 किलोमीटर** सड़क की लंबाई और **0.895 किलोमीटर** 60 मीटर से अधिक लंबाई वाले संरचना शामिल है।
3. भारत सरकार के दिनांक 19.07.2019 और 29.11.2019 के परिपत्र द्वारा जारी निर्देश के अनुसार 15.02.2021 से सभी एनएच टोल प्लाजा पर **"FASTag"** अनिवार्य है। भारत सरकार के राजपत्र **अधिसूचना संख्या जीएसआर.298 दिनांक 15.05.2020** के निर्देशानुसार जिन वाहनों में **फास्टैग** संलग्न नहीं है या बिना वैध **फास्टैग** के जो वाहन टोल प्लाजा में प्रवेश करेगा वो वाहन की उस श्रेणी के लिए लागु शुल्क के दो गुणा के बराबर शुल्क का भुगतान करेगा।
4. केवल वैध **फास्टैग** के साथ उपरोक्त टोल प्लाजा पर निम्नलिखित रियायतें उपलब्ध हैं :
   (i) शुल्क भुगतान करने की अवधि से 24 घंटे में वापसी यात्रा के लिए सभी प्रकार के वाहनों के लिए (छूट 25%)।
   (ii) शुल्क भुगतान के दिनांक से एक माह के समय में 50 या अधिक एकतरफा यात्राओं के लिए सभी प्रकार के वाहनों के लिए (छूट 33%)।
   (iii) टोल प्लाजा से 20 किमी के भीतर रहने वाले व्यक्ति जिसने अपने वाहन का पंजीकरण गैर वाणिज्यिक प्रयोजनों के लिए किया है। उनके लिए मासिक पास की दर रु. **350/-** प्रति कैलेंडर माह होगी।
5. राहत की योजनाओं के लिये वेबसाइट **http://tis.nhai.gov.in/** देख सकते हैं।
6. टोल मुक्त वाहनों की सूची **राजपत्र अधिसूचना सं. S.O. 1203(E) दिनांक 17.03.2022** में दी गई है।
7. जो वाहन अनुमेय लोड से अधिक में लोड किया गया है वह **अधिसूचना संख्या GSR.920(ई) दिनांक 25.09.2018** के अनुसार भुगतान लागू शुल्क दर का 10 गुना तक भुगतान करेगा और राजमार्ग उपयोग करने के लिए अतिरिक्त भार को हटा देगा।
8. रियायत समझौते दिनांक 14 जून 2021 के अनुसार, **रियायत अवधि 31.03.2039 को समाप्त** होती है।
9. **दिनांक 17.03.2022** को राजपत्र में प्रकाशित शुल्क **अधिसूचना एवं दिनांक 14.07.2025 के एनएचएआई के पत्र** जिसमें संशोधित दरों एवं रियायत समझौते में प्रावधानों का अनुमोदन शामिल है, देखने के लिए वेबसाइट **http://tis.nhai.gov.in/** दौरा किया जाए।
10. किसी भी प्रकार की जानकारी और/अथवा शिकायत/सुझाव देने के लिए नाम और पता नीचे दिए गए है :

| | कंसेसियनार | पीआईयू एनएचएआई |
|---|---|---|
| प्रतिनिधि का नाम | श्री पंकज दुआ | श्री पी. के. श्रीवास्तव |
| पता | पालसिट डानकुनी टोलवे प्राइवेट लिमिटेड दाग नंबर 1723, पुराने खतियान नंबर 1113, स्वरूप नगर लेन-2, डानकुनी, हुगली, पश्चिम बंगाल-712311 | पीआईयू-कोलकाता, सिंथेसिस बिजनेस पार्क विंग सी, 8वीं मंजिल, सीबीडी/1, जेएल-23, एक्शन एरिया-II, न्यू टाउन, पीएस-राजरहाट, कोलकाता-700156 |
| मोबाइल नंबर | 09915742804 | 08435984486 |

# कसबा लॉ कॉलेज दुष्कर्म मामले में आर.जी. कर जैसी जनआक्रोश क्यों नहीं?

**कोलकाता :** दक्षिण कोलकाता स्थित कसबा लॉ कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म की घटना को लगभग तीन सप्ताह बीत चुके हैं, लेकिन राज्यभर में अब तक वैसी कोई बड़ी जनप्रतिरोध या सड़कों पर आक्रोश नहीं देखने को मिला। जैसा कि राज्य संचालित आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की एक महिला डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में देखा गया था।



आर.जी. कर कांड के बाद नौ अगस्त (2024) की सुबह जैसे ही पीड़िता का शव सेमिनार हॉल से बरामद हुआ, उसी दिन से राज्यभर में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया था। यह आंदोलन छह महीने से अधिक समय तक चला और बंगाल से निकलकर अन्य राज्यों तथा प्रवासी भारतीय समुदाय तक फैल गया था। वहीं, कसबा लॉ कॉलेज मामले में अब तक न तो चर्चित हस्तियां आगे आईं, न ही समाज के प्रतिष्ठित वर्गों या नागरिक समूहों की ओर से कोई सार्वजनिक आक्रोश दिखाई दिया।

❑ **मौन हैं पीड़िता के माता-पिता**

इस फर्क का एक बड़ा कारण पीड़िता के माता-पिता की चुप्पी है। उन्होंने न तो मीडिया से संवाद किया और न ही सार्वजनिक तौर पर न्याय की मांग की। हाईकोर्ट में दाखिल अपने बयान में उन्होंने कोलकाता पुलिस की जांच से संतुष्टि जताई और सीबीआई जांच की आवश्यकता नहीं बताई। इसके विपरीत, आर.जी. कर मामले में पीड़िता के माता-पिता पहले दिन से ही मुखर थे। उन्होंने मीडिया से खुलकर बात की और समाज से अपनी बेटी के लिए न्याय की लड़ाई में साथ देने की अपील की।

समाजशास्त्रियों के अनुसार, किसी अपराध के बाद व्यापक जनआंदोलन तभी खड़ा होता है जब पीड़ित या उसके परिजन समाज से न्याय की खुली अपील करते हैं। यही कारण है कि आर.जी. कर और कसबा लॉ कॉलेज जैसे मामलों के परिणाम एक-दूसरे से इतने भिन्न हैं।

❑ **मेडिकल बनाम लीगल बिरादरी की भूमिका**

आर.जी. कर कांड के बाद आंदोलन की शुरुआत चिकित्सा बिरादरी ने की थी-छात्र, जूनियर डॉक्टर, वरिष्ठ चिकित्सक और नर्सिंग स्टाफ तक ने भूख हड़ताल कर विरोध दर्ज कराया। इससे समाज के अन्य वर्गों और नामचीन हस्तियों को जुड़ने की प्रेरणा मिली। इसके विपरीत, कसबा मामले में अब तक कानून के क्षेत्र से जुड़े किसी भी समूह-चाहे वे छात्र हों या अधिवक्ता-ने कोई संगठित विरोध नहीं किया।

राजनीतिक पृष्ठभूमि भी इस अंतर की एक बड़ी वजह मानी जा रही है। राज्य में अधिकतर चिकित्सा संगठनों पर विपक्षी-विशेषकर वामपंथी-ताकतों का प्रभाव है, जिन्होंने आर.जी. कर मामले को लेकर आंदोलन की शुरुआत की थी। वहीं दूसरी ओर, कानूनी बिरादरी से जुड़े अधिकांश संगठनों पर सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व है, जिससे किसी भी विरोध प्रदर्शन की संभावना स्वतः ही क्षीण हो जाती है।

# केजुरी में भाजपा के 12 घंटे के बंद के दौरान सड़कों पर बवाल, पुलिस से झड़प और वाहन तोड़फोड़

**पूर्व मेदिनीपुर :** पूर्व मेदिनीपुर ज़िले के केजुरी इलाके में दो लोगों की संदिग्ध मौतों के विरोध में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) द्वारा बुलाए गए 12 घंटे के बंद के दौरान सोमवार को भारी बवाल हुआ। प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई और कई स्थानों पर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया गया।

जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार रात खेजुरी के जनका इलाके में मुहर्रम कार्यक्रम में शामिल होने गए सुजीत दास (23) और सुधीर चंद्र पाइक (65) की मौत हो गई थी। इन मौतों को लेकर विरोध तेज हो गया है। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि एक स्थानीय तृणमूल कांग्रेस नेता समेत सात लोगों ने दोनों को पीट-पीटकर मार डाला। हालांकि, पुलिस का कहना है कि दोनों की मौत एक लैंपपोस्ट से गिरे हैलोजन लाइट की चपेट में आने से हुई, और उनके शरीर पर किसी प्रकार की पिटाई या हथियार से हमले के निशान नहीं मिले हैं।

मामले को लेकर भाजपा ने सोमवार को बंद बुलाया और समर्थकों ने सड़कों पर पेड़ गिराकर घंटों तक यातायात को बाधित किया। पुलिस द्वारा अवरोध हटाने की कोशिश के दौरान झड़पें हुईं और आठ लोगों को गिरफ़्तार किया गया। इस दौरान एक ट्रक समेत कुछ वाहनों में तोड़फोड़ भी की गई।

बंद के कारण जनजीवन पर व्यापक असर पड़ा। अधिकांश दुकानें बंद रहीं और सार्वजनिक परिवहन भी प्रभावित हुआ, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि पुलिस ने बताया कि एक स्थानीय कॉलेज में परीक्षा कराने की कोशिश को नाकाम करने के बावजूद परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हुई।

स्थिति को नियंत्रित करने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया था। भाजपा विधायक शांतनु प्रमाणिक ने दावा किया कि बंद को आम जनता का समर्थन मिला और पूरा खेजुरी क्षेत्र ठप रहा। शुभेंदु अधिकारी ने इलाके में पदयात्रा निकाली और आरोपितों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की। वहीं, भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुलिस पर स्थानीय लोगों को परेशान करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह बंद आम जन की नाराजगी को दर्शाता है।

## वीवो एक्स फोल्ड5 भारत में हुआ लॉन्च

**नई दिल्ली/कोलकाता :** ग्लोबल इनोवेटिव स्मार्टफोन ब्रांड वीवो ने आज अपना अब तक का सबसे उन्नत फोल्डेबल स्मार्टफोन वीवो एक्स फोल्ड5 लॉन्च किया। यह डिवाइस फ्लैगशिप परफॉर्मेंस, प्रीमियम कारीगरी और एआई-संचालित उत्पादकता का संगम है, जो फोल्डेबल स्मार्टफोन्स को एक नई परिभाषा देता है। सिर्फ 217 ग्राम वज़न वाला एक्स फोल्ड5 पारंपरिक फ्लैगशिप डिवाइस से हल्का है। 4500 निट्स की पीक ब्राइटनेस के साथ यह भारत की सबसे ब्राइट डिस्प्ले वाला फोल्ड है। इसे लंबे समय तक चलने और कठिन परिस्थितियों को सहने लायक बनाया गया है, जिसमें आईपीएक्स8, आईपीएक्स9, आईपीएक्स9+, और आईपी5एक्स स्तर की वॉटर, डस्ट और -20ओउ तक के तापमान की सुरक्षा शामिल है। वीवो एक्स फोल्ड5 के लॉन्च पर, वीवो इंडिया के प्रोडक्ट मैनेजमेंट प्रमुख विकास टैगरा ने कहा, एक्स फोल्ड5 के साथ, हम केवल एक फोल्डेबल लॉन्च नहीं कर रहे हैं, हम यह दिखा रहे हैं कि हाई-परफॉर्मेंस प्रोफेशनल्स के लिए टेक्नोलॉजी का अनुभव कैसा होना चाहिए।

## जोका-मजेरहाट रूट पर बढ़ी मेट्रो सेवाएं, यात्रियों को बड़ी राहत

**कोलकाता :** मेट्रो रेलवे की ओर से यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए आज से पर्पल लाइन पर जोका से मजेरहाट के बीच चलने वाली मेट्रो सेवाओं की संख्या बढ़ा दी गई है। अब इस रूट पर सोमवार से शुक्रवार तक कुल 72 सेवाएं (36 अप और 36 डाउन) चलाई जाएंगी, जो पहले 62 (31 अप और 31 डाउन) थीं। इसके साथ ही सेवा का समय भी बढ़ा दिया गया है।

मेट्रो प्रशासन ने बेहाला, टारातला और जोका जैसे इलाकों के यात्रियों की बढ़ती मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया है। आज से इन ट्रेनों के बीच का अंतराल 24 मिनट से घटाकर 21 मिनट कर दिया गया है, जिससे यात्रियों को कम इंतजार करना पड़ेगा।

नई समयसारणी के अनुसार, मजेरहाट से पहली मेट्रो सुबह 7:57 बजे और जोका से सुबह 8:00 बजे रवाना होगी, जो पहले की ही तरह बरकरार है।

हालांकि, अंतिम मेट्रो अब रात 8:00 बजे के बजाय 8:15 बजे दोनों स्टेशनों से चलेगी। सेवा समय को भी 07:57 बजे से 20:32 बजे तक बढ़ा दिया गया है।

इस निर्णय से नियमित यात्रियों में खुशी की लहर दौड़ गई है। खासतौर पर कामकाजी लोगों को इससे काफी राहत मिलेगी, जो देर शाम तक सफर करते हैं।

गौरतलब है कि शनिवार और रविवार को पर्पल लाइन पर पहले की ही तरह मेट्रो सेवाएं बंद रहेंगी। मेट्रो प्रशासन का यह कदम शहर के दक्षिणी उपनगरों में रहने वाले लोगों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है।

## साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म कर घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया

### बांकुड़ा के इंदास थाना क्षेत्र की घटना, आरोपित युवक गिरफ्तार

**बांकुड़ा :** बंगाल के बांकुड़ा जिले के इंदास थाना क्षेत्र में एक युवक ने साढ़े तीन साल की बच्ची से दुष्कर्म कर घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित कर दिया। इसके बाद ही बच्ची को माता-पिता को घटना के बारे में पता चला। इसके बाद उन्होंने पुलिस में घटना की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़ित बच्ची के माता-पिता के अनुसार तीन महीने पहले प्रीतम सांतरा नाम के 19 वर्षीय युवक ने उनकी साढ़े तीन साल की बच्ची को अकेला पाकर उससे दुष्कर्म किया। इस घटना में बच्ची के अंदरूनी अंगों पर चोट आई थी, लेकिन उन्होंने इस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। हाल में जब आरोपित युवक ने बच्ची से दुष्कर्म का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित किया, तब उन्हें इस पर ध्यान में आया। इसके बाद उन्होंने आनन-फानन में इंदास थाने में आरोपित युवक के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई और पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को आरोपित को विष्णुपुर उपजिला न्यायालय में पेश किया और बच्ची को मेडिकल जांच के लिए बिष्णुपुर जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ पाक्सो और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर घटना की जांच शुरू कर दी है। बच्ची के स्वजनों ने आरोपित युवक को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

## तृणमूल नेता राज्जाक खां हत्याकांड में तीन और पार्टी सदस्य गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

तृणमूल कांग्रेस के नेता राज्जाक खां की हत्या के मामले में जांच तेज करते हुए पुलिस ने सोमवार को तीन और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। ये तीनों भी सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल से ही जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। उत्तर काशीपुर थाना की पुलिस टीम ने पानापुखुर ग्राम पंचायत से सदस्य आजहरुद्दीन मोल्ला, जहान अली खान और राजू मोल्ला को गिरफ्तार किया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, राजू मोल्ला पेशे से एक शूटर है, जबकि जहान अली खान टिपर चालक के रूप में काम करता है। गिरफ्तार व्यक्तियों की राजनीतिक संबद्धता के कारण यह हत्याकांड और भी संवेदनशील बन गया है। पुलिस को संदेह है कि इस सुनियोजित हत्या की साजिश में और भी लोग शामिल हैं, जिनकी जांच मोबाइल कॉल डिटेल्स और सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से की जा रही है।

गौरतलब है कि गुरुवार रात विजयगंज बाजार के पास पार्टी कार्यक्रम से लौटते समय राज्जाक खां पर अज्ञात हमलावरों ने पहले पांच राउंड गोलीबारी की और फिर धारदार हथियार से हमला कर दिया था, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई थी। इससे पहले पुलिस ने मोफज्जल मोल्ला को गिरफ्तार किया था, जिसे अदालत ने आठ दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है। पूछताछ में मोफज्जल ने तीन अन्य आरोपितों के नाम उजागर किए थे, जिसके आधार पर सोमवार को नई गिरफ्तारियां हुईं।

## डीबीएस बैंक इंडिया ने पंजीकृत एमएसएमई के लिए प्रीपेमेंट और फोरक्लोज़र शुल्क किए माफ

**कोलकाता :** डीबीएस बैंक इंडिया लिमिटेड (डीबीआईएल) ने उद्यम पोर्टल पर पंजीकृत सभी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) उधारकर्ताओं के लिए प्रीपेमेंट और फोरक्लोज़र शुल्क को पूरी तरह माफ कर दिया है। इस निर्णय से व्यवसायों के लिए ऋण तक पहुंच आसान होगी और कैश फ्लो प्रबंधन में लचीलापन आएगा। एमएसएमई दिवस पर की गई यह घोषणा, भारत के एमएसएमई क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए बैंक की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। यह छूट नए और मौजूदा सक्रिय उधारकर्ताओं, दोनों पर लागू होगी। इस बारे में डीबीएस बैंक इंडिया के प्रबंध निदेशक और एसएमई बैंकिंग प्रमुख सुदर्शन चारी ने कहा, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के लिए सस्ती और लचीली ऋण सुविधा अब भी एक महत्वपूर्ण आवश्यकता है। प्रीपेमेंट और फोरक्लोज़र शुल्क हटाकर हम एक ऐसी आम समस्या को दूर कर रहे हैं जो उनकी वित्तीय लचीलापन को सीमित करती है। इस बदलाव से व्यवसाय बिना किसी जुर्माने के समय से पहले ऋण चुका सकते हैं और अपनी पूंजी को तात्कालिक प्राथमिकताओं या महत्वपूर्ण क्षेत्रों जैसे माल की खरीद, तकनीक को अपनाने और विस्तार में पुनर्नियोजित कर सकते हैं।

## निषेधाज्ञा की अवहेलना कर समुद्र में नहाने उतरे युवक की लहरों में डूबने से आशंका, खोज जारी

**कोलकाता :** प्राकृतिक आपदा और प्रशासनिक निषेधाज्ञा को नजरअंदाज कर समुद्र में नहाना एक युवक के लिए घातक साबित हो सकता है। दक्षिण 24 परगना के बकखाली समुद्र तट पर एक पर्यटक समुद्र में डूब गया। लापता युवक की पहचान इमताजुल आरफिन (24) के रूप में हुई है, जो बारुईपुर के मलिकपुर का निवासी है।



सूत्रों के मुताबिक, सुबह लगभग 11:30 बजे ज्वार के समय वह अपने चार दोस्तों के साथ समुद्र में नहाने गया था। उस समय समुद्र में ऊंची-ऊंची लहरें उठ रही थीं, क्योंकि सुंदरबन क्षेत्र में लगातार भारी बारिश के कारण जलस्तर काफी बढ़ गया है और समुद्र अत्यधिक अशांत हो गया है।

स्थानीय पुलिस प्रशासन के अनुसार, इमताजुल लहरों के साथ बह गया और फिर से नजर नहीं आया। घटना की सूचना मिलते ही फ्रेजरगंज तटीय थाना की ओर से एक सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है। पुलिस की स्पीड बोट द्वारा समुद्र में युवक की तलाश की जा रही है।

गौरतलब है कि प्रशासन ने मौसम विभाग की चेतावनी को देखते हुए समुद्र में नहाने पर पहले से ही रोक लगाई थी। इसके बावजूद कुछ पर्यटकों ने इस चेतावनी को नजरअंदाज किया। इमताजुल की तलाश जारी है और स्थानीय प्रशासन व बचावकर्मी लगातार प्रयास कर रहे हैं।

इस घटना के बाद से पर्यटकों में दहशत का माहौल है और प्रशासन ने सख्ती से समुद्र में प्रवेश पर रोक को लागू करने की बात कही है।

## कोलकाता में आयोजित भव्य काव्य समारोह में सावन की फुहारों संग बही कविता की रसधार

**कोलकाता, समाज्ञा :** राष्ट्रीय कवि संगम की दक्षिण 24 परगना जिला इकाई द्वारा सावन मास के पावन अवसर पर मटियाब्रुज, गार्डनरीच स्थित फत्तेपुर हिंदी पाठशाला के प्रांगण में एक भव्य काव्य समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. गिरिधर राय के मार्गदर्शन में एवं कार्यक्रम अध्यक्ष शिवशंकर सिंह सुमित की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रमाकांत सिन्हा तथा विशेष अतिथि के रूप में विद्यालय के प्रधान शिक्षक दिलीप कुमार धानुक उपस्थित रहे। इस काव्य संध्या में कोलकाता के प्रतिष्ठित कवियों ने भाग लिया और अपनी भावनात्मक, देशभक्ति एवं प्रेरणादायक कविताओं से उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।



जिलाध्यक्ष नागेंद्र कुमार दुबे ने 'चिट्ठी' की महत्ता पर आधारित रचना प्रस्तुत कर सभी को भावविभोर कर दिया, वहीं, कवयित्री पूर्णिमा कुमारी पाठक ने स्वामी विवेकानंद पर आधारित सारगर्भित कविता से श्रोताओं को प्रेरणा दी। युवा कवि वीर बहादुर सिंह ने देशभक्ति से ओतप्रोत रचनाएं प्रस्तुत कर जनमानस में राष्ट्रीय चेतना का संचार किया।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष विजय शर्मा विद्रोही ने अपनी लोकप्रिय पंक्तियों - ले चल मितवा ले चल मुझको नील गगन की ओर शांति जहां रचती बसती हो, झूमे मन का मोर - के माध्यम से गहन प्रभाव छोड़ा। समारोह का स्वागत भाषण संस्था के युवा जिला सचिव वीर बहादुर सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रधान शिक्षक दिलीप कुमार धानुक ने करते हुए ऐसे कार्यक्रमों को सामाजिक जागरूकता के लिए अत्यंत आवश्यक बताया।

कार्यक्रम के अध्यक्ष शिवशंकर सिंह सुमित ने अपने संबोधन में कहा - प्रेम का वास नहीं रहता जिस उर में, खुशियां दूर रहा करती है उसे नर से, और मुख्य अतिथि रमाकांत सिन्हा ने अपनी हास्य-व्यंग्य से भरी कविताओं से दर्शकों को खूब गुदगुदाया। कार्यक्रम में अनिल कुमार सिंह, चरण कुमार दास और नीतीश यादव ने भी अपनी गरिमामयी उपस्थिति से आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह का संचालन बखूबी जिला अध्यक्ष विजय शर्मा विद्रोही ने किया। इस अवसर पर साहित्य प्रेमियों ने कविता की विविध विधाओं का रसास्वादन किया और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

## श्रावण की परंपरा में श्रद्धा की वर्षा: बजबज कालिपुर शिव मंदिर में जलाभिषेक

**कोलकाता :** कोलकाता के बजबज कालिपुर में स्थित लगभग 100 वर्ष पुराने शिव मंदिर में विशेष जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने बजबज की सरस्वती नदी के घाट से पवित्र जल लेकर कालिपुर न्यू सेंट्रल जूट मिल के पास स्थित शिव मंदिर में 'बाबा भोलेनाथ' के शिवलिंग पर अभिषेक किया। यह परंपरा पिछले एक सदी से चली आ रही है, जब यहां न्यू सेंट्रल जूट मिल में हजारों बांगाली मजदूर काम करते थे। भले ही अब यह मिल बंद हो गई हो, लेकिन जो कुछ मजदूर अब भी यहां रहते हैं, उन्होंने इस परंपरा को जीवित रखा है। इस अवसर पर बजबज नगरपालिकाध्यक्ष गौतम दासगुप्ता, उपाध्यक्ष मोहम्मद मनसूर, समाजसेवी राम बालक सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी और श्रद्धालु मौजूद थे। आयोजन स्थल पर करीब दो हजार श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी थी, जो शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए पहुंचे थे। स्थानीय निवासियों के अनुसार, भले ही बंगाली पंचांग के अनुसार श्रावण माह बाद में शुरू होता है, परंतु धार्मिक आस्था और वर्षों पुरानी परंपरा के कारण बजबज के लोग भी श्रावण मास की शुरुआत शुक्रवार से ही कर देते हैं। श्रद्धालुओं की भक्ति और उल्लास से यह आयोजन एक आध्यात्मिक उत्सव में परिवर्तित हो गया।



## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज का सेवा शिविर शुरू

**कोलकाता :** सावन के पावन माह में बाबा भोले नाथ को जल चढ़ाने के उद्देश्य से श्रद्धालु (कांवरिया) तारकेश्वर जाते हैं। उन कांवरियों की सेवा के लिए तारकेश्वर में जगह-जगह सेवा शिविर लगाए जाते हैं। अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज हमेशा ही सेवा कार्यों में तत्पर रहता है। इसी कड़ी में अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज की नसीबपुर यूनिट द्वारा कांवरियों की सेवा के लिए शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर का उद्घाटन अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया और महाराणा प्रताप की तस्वीर पर माल्यार्पण किया। हरिपाल के वासुदेवपुर में दस साल से समाज का सेवा शिविर लगता आ रहा है, जिसका इस बार 20 जुलाई को उद्घाटन होना है। नसीबपुर में समाज का प्रथम शिविर लगा। इसे लेकर अब शेवड़ाफुली से तारकेश्वर के बीच अखिल भारतीय समाज के दो शिविर हो गए हैं। मौके पर जेपी सिंह ने कहा, आखिल भारतीय क्षत्रिय समाज हमेशा ही सेवा कार्यों में आगे रहता है। हर साल हम लोग तारकेश्वर जाने वाले शिव भक्तों के लिए सेवा शिविर का आयोजन करते आ रहे हैं। नसीबपुर यूनिट के प्रथम शिविर से कांवरियों की सेवा की जाएगी।





इस मौके पर समाज के महासचिव शंकर बक्श सिंह, अखिल भारतीय क्षत्रिय सेवा ट्रस्ट के सचिव कृष्ण कुमार सिंह एवं दिनेश सिंह, चंद्रिका बक्श सिंह, आरपी सिंह, गौतम सिंह रॉय, नसीबपुर यूनिट के समीर सिंह रॉय, दीपक सिंह रॉय, अमिता सिंह, विश्वजीत सिंह रॉय, विद्युत सिंह रॉय, ज़ालिम सिंह रॉय, हराधन सिंह रॉय, काजल सिंह रॉय, पॉली सिंह रॉय, रूमा सिंह रॉय, हरिपाल यूनिट के प्रभात सिंह रॉय, गोराचंद सिंह रॉय, असित सिंह रॉय, सायंतन सिंह रॉय, तापसी सिंह रॉय, मालविका सिंह रॉय, संपा सिंह रॉय, तन्मय सिंह रॉय सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

## मैंने अपनी शैक्षणिक योग्यता के बारे में झूठ नहीं बोला : लवली मैत्रा

**कोलकाता :** तृणमूल विधायक और अभिनेत्री लवली मैत्रा (अरुंधति मैत्रा) ने सोमवार को कहा कि मेरी शैक्षणिक योग्यता के बारे में कोई हेरफेर या झूठ नहीं है। हाल में केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने उनकी शैक्षणिक योग्यता पर सवाल उठाए थे। लवली ने कहा कि सुकांत ने राजनीतिक उद्देश्यों के लिए एक महिला विधायक पर व्यक्तिगत रूप से हमला किया है और सार्वजनिक मंच पर उनकी प्रतिष्ठा को धूमिल करने की कोशिश की है। उस घटना के लिए सुकांत के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है। उन्होंने सुकांत पर कटाक्ष करते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री को शिक्षा विभाग के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं है। तृणमूल विधायक के बारे में सुकांत ने रविवार को इंटरनेट मीडिया पर लिखा कि सरकारी रिकार्ड के अनुसार लवली ने 2020 में नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी से बीए पास किया है। हालांकि, उनके सचित्र चुनाव ब्रोशर में लिखा है कि उन्होंने सेंट पाल कालेज से इतिहास में बीए किया है। पश्चिम बंगाल विधानसभा सदस्य की पहचान पुस्तिका में कालेज का नाम बदलकर गोयनका कालेज कर दिया गया है, जहां इतिहास नहीं पढ़ाया जाता है। विधानसभा की आधिकारिक वेबसाइट पर उनकी शैक्षणिक योग्यता पूरी तरह से खाली है। सोनारपुर दक्षिण की विधायक ने कहा कि उन्होंने नेताजी सुभाष ओपन यूनिवर्सिटी से स्नातक किया है। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि सुकांत को यह नहीं पता कि हर ओपन यूनिवर्सिटी का एक अध्ययन केंद्र होता है। मेरे मामले में अध्ययन केंद्र गोयनका कालेज था। बाद में लवली ने एक दस्तावेज दिखाकर मामले को स्पष्ट किया। लवली ने कहा कि वह सेंट पाल कालेज में पढ़ती थीं। लेकिन किसी कारणवश सेंट पाल कालेज से स्नातक की पढ़ाई पूरी नहीं कर सकीं। पेशेवर कारणों से उन्हें कालेज छोड़ना पड़ा। बाद में नेताजी सुभाष मुक्त विश्वविद्यालय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की।

## सियालदह मंडल में फ्रंटलाइन रेलवे स्टाफ के लिए सीपीआर जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल में सोमवार को फ्रंटलाइन रेलवे स्टाफ के लिए एक विशेष कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन मंथन किया गया। यह कार्यक्रम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, सियालदह मंडल के तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य गैर-चिकित्सकीय रेलवे कर्मियों को जीवनरक्षक तकनीकों से सुसज्जित करना था। प्रशिक्षण में स्काउट्स एंड गाइड्स, सेंट जॉन एम्बुलेंस के सदस्य और अन्य विभागीय कर्मचारी शामिल थे। कार्यक्रम का उद्घाटन मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) राजीव सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. कल्पना मंडल सहित कई अन्य गणमान्य अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन भाषण में श्री सक्सेना ने कहा कि सीपीआर प्रशिक्षण फ्रंटलाइन स्टाफ के लिए अत्यंत आवश्यक है ताकि आपातकालीन चिकित्सा स्थितियों में यात्रियों को त्वरित और प्रभावी सहायता प्रदान की जा सके। इस प्रशिक्षण सत्र में विभिन्न विभागों से कुल 70 रेलवे कर्मचारियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को मैनक्विन की मदद से व्यावहारिक प्रशिक्षण और संवादात्मक सत्रों के माध्यम से सीपीआर की



तकनीक सिखाई गई।

प्रशिक्षण का संचालन भारतीय बाल चिकित्सा अकादमी के वरिष्ठ चिकित्सकों - डॉ. अरुण के.आर. मंगलिक, डॉ. देबजानी गुप्ता, डॉ. नंदिनी सिन्हा रॉय, डॉ. अनिंदिता नंदी, तथा बीआरएसएच के वरिष्ठ डीएमओ (पीडियाट्रिक्स) डॉ. सायंतन साहा और डॉ. चैताली पात्रा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण), डॉ. संजीव चौधरी और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्युत, सिग्नल एवं दूरसंचार तथा इंजीनियरिंग विभागों का भी सराहनीय सहयोग रहा।

## श्रावणी मेला के दौरान मधुपुर-गया एवं मधुपुर-पटना के बीच चलेगी स्पेशल मेमू ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा**

श्रावणी मेला के दौरान यात्रियों की संभावित भीड़ को देखते हुए रेलवे ने मधुपुर-गया और मधुपुर-पटना के बीच स्पेशल मेमू ट्रेनों के संचालन का निर्णय लिया है। ये स्पेशल ट्रेनें यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को समायोजित करने के लिए अधिक क्षमता और लचीलापन प्रदान करेंगी। गया से मधुपुर के लिए ट्रेन संख्या 03654 श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 15 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन शाम 5:00 बजे गया से रवाना होकर अगले दिन सुबह 2:20 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 03653 मधुपुर-गया श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 16 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन सुबह 2:50 बजे मधुपुर से चलकर उसी दिन दोपहर 12:00 बजे गया पहुंचेगी। ये ट्रेनें पूर्व रेलवे के अधिकार क्षेत्र में मधुपुर से झाझा के बीच सभी स्टेशनों पर रुकेंगी।

इसी प्रकार, पटना से मधुपुर के लिए ट्रेन संख्या 03268 श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 16 जुलाई से 9 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन रात 11:10 बजे पटना से रवाना होकर अगले दिन सुबह 8:35 बजे मधुपुर पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 03267 मधुपुर-पटना श्रावणी मेला मेमू स्पेशल 17 जुलाई से 10 अगस्त 2025 तक प्रतिदिन सुबह 8:45 बजे मधुपुर से प्रस्थान कर शाम 6:30 बजे पटना पहुंचेगी। ये दोनों ट्रेनें भी मधुपुर से झाझा के बीच सभी स्टेशनों पर ठहराव देंगी।

## सियालदह मंडल में आरपीएफ महिला कर्मियों के लिए अत्याधुनिक बैरक का हुआ उद्घाटन

**कोलकाता, समाज्ञा :** सियालदह मंडल के नारकेलडांगा रेल कॉलोनी में सोमवार को एक महत्वपूर्ण कदम के तहत नवनिर्मित शहीद अश्विनी बी. वाघारे आरपीएफ लेडीज बैरक का उद्घाटन किया गया। इस बैरक का उद्घाटन पूर्व रेलवे महिला कल्याण संगठन की अध्यक्ष सीमा देउस्कर द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक मिलिंद देउस्कर सहित कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। यह बैरक स्वर्गीय अश्विनी बालिराम वाघारे, आरपीएफ की एक बहादुर महिला कांस्टेबल की स्मृति में समर्पित है, जिन्होंने अपने कर्तव्य के प्रति अद्वितीय समर्पण दिखाया। इस भावपूर्ण अवसर पर श्रीमती देउस्कर ने दिवंगत कांस्टेबल की माता को सम्मानित कर पूर्व रेलवे की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की।



इस अत्याधुनिक महिला बैरक में कुल 8 विशाल कमरे बनाए गए हैं, जिनमें 16 महिला आरपीएफ कर्मियों के रहने की व्यवस्था है। हर कमरे में दो कर्मियों के लिए सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत 'आयुष वन', नारकेलडांगा रेल कॉलोनी में एक वृक्षारोपण अभियान भी चलाया गया। इस आयोजन में अपर महाप्रबंधक शीलेंद्र प्रताप सिंह, आईजी-कम-पीसीएससी/आरपीएफ अमिय नंदन सिन्हा, सियालदह मंडल के डीआरएम सहित पूर्व रेलवे के प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं मंडल अधिकारी उपस्थित रहे। यह पहल पूर्व रेलवे की महिला कर्मचारियों के सशक्तिकरण, सुरक्षा एवं कल्याण के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति उसकी जागरूकता को भी मजबूत करती है।

# हिंदमोटर की जमीन टीटागढ़ रेल को मिली

## मेट्रो-वंदे भारत कोच निर्माण का हब बनेगा उत्तरपाड़ा, सियासी विवाद भी गरमाया

**हुगली, समाज्ञा :** कभी एशिया की सबसे बड़ी कार फैक्ट्री माने जाने वाली हिंदमोटर की बंद पड़ी ज़मीन को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। टिटागढ़ रेल सिस्टम्स लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंज को सूचित किया है कि उसे उत्तरपाड़ा के कोतरंग और भद्रकाली मौजा में लगभग 40 एकड़ जमीन 99 वर्षों की लीज़ पर मिली है, जिसकी कुल लागत 126.63 करोड़ बताई जा रही है।



इस भूमि पर कंपनी अब मेट्रो कोच और वंदे भारत ट्रेनों के निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग के लिए अत्याधुनिक इन्फ्रास्ट्रक्चर खड़ा करेगी। इसके साथ ही एक विशेष टेस्ट ट्रैक भी विकसित किया जाएगा, जिससे ट्रेन की सुरक्षा और गतिशी-लता की जांच की जा सकेगी।

❑ **राजनीतिक घमासान शुरू, भाजपा ने उठाए गंभीर सवाल**

इस बीच भाजपा नेता पंकज राय ने इस पूरे प्रकरण पर सवाल उठाते हुए बंगाल सरकार और स्थानीय नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पंकज राय ने कहा कि वर्ष 2014 में जब हिंदमोटर कारखाने में 'सस्पेंशन का वर्क' का नोटिस चिपकाया गया था, उसके बाद से यह कारखाना पूरी तरह बंद पड़ा है। इस दौरान फैक्ट्री के अंदर मौजूद महंगे संयंत्रों को धीरे-धीरे चोरी करके बेचा गया और इसमें स्थानीय नेताओं की सक्रिय भूमिका रही है।

उन्होंने यह भी बताया कि करीब 2,50 श्रमिक परिवार पिछले एक दशक से बिना बिजली-पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं।

❑ **भूमि अधिग्रहण की वैधता पर सवाल**

पंकज राय ने कहा कि जब फैक्ट्री में केवल 'सस्पेंशन ऑफ वर्क' का नोटिस चिपकाया गया था और क्ल-ोजर (उर्श्रीिश) का नोटिस तक जारी नहीं हुआ, तब जमीन का अधिग्रहण और लीज़ पर देना कानूनी रूप से कैसे उचित हो सकता है?

साथ ही उन्होंने यह भी मांग की कि मिल में जो श्रमिक कार्यरत थे, उनका बकाया भुगतान कौन करेगा, इसका जवाब सरकार को देना होगा।

❑ **नई उम्मीदें, पुरानी पीड़ाएं**

जहां एक ओर टीटागढ़ रेल सिस्टम्स के इस निवेश से उत्तरपाड़ा क्षेत्र में औद्योगिक पुनर्जागरण और रोजगार के नए अवसर की उम्मीदें जगी हैं, वहीं दूसरी ओर पुराने श्रमिकों की दुर्दशा और राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप से यह मामला अब पूरी तरह से गरमा गया है।

# उमर अब्दुल्ला के दीवार फांदकर शहीदों को श्रद्धांजलि पर ममता बनर्जी ने पुलिसिया रोक को बताया शर्मनाक

**कोलकाता :** श्रीनगर में शहीद दिवस पर एक बार फिर राजनीति गर्मा गई है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ओमर अब्दुल्ला ने सोमवार सुबह पुलिस की रोक के बावजूद दीवार फांदकर 'मज़ार-ए-शुहदा' (शहीदों का कब्रगाह) पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उनका सुरक्षाबलों से धक्का-मुक्की भी हुआ। ओमर ने केंद्र सरकार और सुरक्षा एजेंसियों पर गंभीर आरोप लगाए। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस घटना को लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन बताया है।



श्रीनगर में हर साल 13 जुलाई को शहीद दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1931 में इसी दिन डोगरा शासक हरि सिंह की सेना द्वारा मारे गए 22 कश्मीरी आंदोलनकारियों की याद में यह दिन मनाया जाता है। लेकिन अनुच्छेद 370 हटने और राज्य के पुनर्गठन के बाद केंद्र सरकार ने इस दिन की सरकारी मान्यता खत्म कर दी थी। इस बार 13 जुलाई से पहले ही प्रशासन ने 'मज़ार-ए-शुहदा' तक जाने पर रोक लगा दी थी और किसी भी तरह के आयोजन की अनुमति नहीं दी गई थी।

उमर अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके सहयोगियों को घर में नजरबंद कर दिया गया था और कब्रगाह तक पहुंचने से रोक दिया गया। सोमवार सुबह वे किसी तरह सुरक्षा घेरे से निकलकर कब्रगाह के पास पहुंचे, जहां पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। वीडियो फुटेज में दिख रहा है कि ओमर ने जूते उतारकर दीवार फांदी और भीतर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी।

घटना का वीडियो वायरल होने के बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की। उन्होंने एक्स पर लिखा, अगर कोई शहीदों को श्रद्धांजलि देना चाहता है, तो इसमें समस्या क्या है? यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और शर्मनाक है। नागरिकों के लोकतांत्रिक अधिकारों को छीनने की कोशिश हो रही है। एक निर्वाचित मुख्यमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार अस्वीकार्य है।

### वीवो ने लॉन्च किया एक्स200 एफई

**नई दिल्ली/कोलकाता :** वीवो, इनोवेटिव ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रांड, ने अपनी एक्स सीरीज़ का नया स्मार्टफोन एक्स 200 एफई लॉन्च किया। यह उन यूज़र्स के लिए बनाया गया है जो फ्लैगशिप एक्सपीरियंस को एक कॉम्पैक्ट रूप में चाहते हैं। एक्स 200 एफई एक दमदार प्रोसेसिंग पावर, ज़ाइस के साथ मिलकर विकसित की गई प्रो-लेवल फोटोग्राफी क्षमताएं और लंबी बैटरी लाइफ के साथ आता है, जिसमें है 6500एमएएच की बड़ी बैटरी और 90वॉट फ्लैशचार्ज। वीवो इंडिया के हेड ऑफ प्रोडक्ट मैनेजमेंट, विकास टैगरा ने कहा, एक्स 200 एफई के साथ हमने एक ऐसे फ्लैगशिप का निर्माण किया है जो कॉम्पैक्ट, सहज और उपयोग में शानदार हो। यह वीवो की अर्थपूर्ण इनोवेशन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है - दमदार परफॉर्मेंस, प्रोफेशनल-ग्रेड ज़ाइस इमेजिंग टेक्नोलॉजी और एक प्रीमियम डिज़ाइन जो रोज़मर्रा की ज़िंदगी में पूरी तरह फिट बैठता है।

### गरफा में तीन मंजिला इमारत में आग, कोई हताहत नहीं

**कोलकाता :** 14 जुलाई के तड़के करीब 2:30 बजे गरफा थाना क्षेत्र के कायस्थ पाड़ा, चौथे लेन स्थित एक तीन मंजिला रिहायशी इमारत के पहले तल्ले के कमरे में आग लग गई। आग पर काबू पाने के लिए दमकल की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और करीब 3:15 बजे आग पूरी तरह बुझा ली गई। इस घटना में कोई हताहत या फंसा नहीं पाया गया। आग लगने के कारण और क्षति की सही जानकारी अभी तक सामने नहीं आई है। गरफा पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## मोदी की दुर्गापुर रैली में दिखेगा दिलीप घोष का चेहरा, शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में बदल रही बंगाल भाजपा की सियासत

**कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 18 जुलाई को दुर्गापुर में होने वाली सभा को लेकर बंगाल भाजपा में सियासी हलचल तेज हो गई है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और कभी पार्टी के दिग्गज नेता माने जाने वाले दिलीप घोष को इस सभा के लिए औपचारिक न्योता भेजा गया है। लंबे समय से पार्टी गतिविधियों से दूर चल रहे दिलीप घोष की इस रैली में मौजूदगी को लेकर राजनीतिक विश्लेषक इसे भाजपा में बदलते समीकरणों का संकेत मान रहे हैं।



बीते कुछ महीनों में दिलीप घोष की गतिविधियों को लेकर अटकलों का बाजार गर्म रहा। एक समय ऐसा भी था जब उनके तृणमूल कांग्रेस में जाने की संभावनाओं पर चर्चा तेज हो गई थी। हालांकि घोष ने खुद भी इस मुद्दे पर बयान देकर उन चर्चाओं को हवा दी थी। लेकिन अब भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष शमिक भट्टाचार्य के नेतृत्व में जैसे ही संगठन में बदलाव हुआ, वैसे ही घोष की पार्टी में भूमिका को लेकर पुनः चर्चा शुरू हो गई है।

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार, शमिक भट्टाचार्य के अध्यक्ष बनने के बाद से ही दिलीप घोष और पार्टी नेतृत्व के बीच की दूरी कम होती दिख रही है। हाल ही में घोष ने भाजपा के सॉल्टलेक स्थित प्रदेश कार्यालय में शमिक से मुलाकात भी की थी। उसके बाद उनका सपरिवार दिल्ली दौरा भी काफी चर्चा में रहा, जिसे पार्टी में उनकी पुनर्स्थापना के संकेत के तौर पर देखा गया।

यही नहीं, दिलीप घोष को दुर्गापुर रैली में बुलाए जाने को भी इस बदलाव की कड़ी माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव 2024 में पार्टी के निर्देश पर वे बर्धमान-दुर्गापुर सीट से उम्मीदवार बने थे, लेकिन हार का सामना करना पड़ा था। इसी को लेकर कयास लगाए जा रहे थे कि आगामी विधानसभा चुनाव 2026 से पहले क्या पार्टी उन्हें साइडलाइन कर देगी। लेकिन अब पार्टी द्वारा दिए गए इस निमंत्रण ने उन तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया है।

सोमवार को दिलीप घोष ने इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्हें आमंत्रण मिला है और वह निश्चित तौर पर कार्यक्रम में जाएंगे।

# बंगाल के प्रवासी श्रमिकों को हिरासत में रखने का आरोप लगाने वाली याचिकाओं पर 16 जुलाई को सुनवाई

**कोलकाता :** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने कहा कि वह ओडिशा और दिल्ली में पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों को अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगाने वाली दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर बुधवार को सुनवाई करेगा।



हालांकि, अदालत को एक वकील ने मौखिक रूप से सूचित किया कि दो श्रमिक (सैनूर इस्लाम और रकीबुल इस्लाम) ओडिशा से अपने घर लौट आए हैं।

न्यायमूर्ति तपब्रत चक्रवर्ती की अध्यक्षता वाली एक खंडपीठ ने कहा कि इस मामले पर 16 जुलाई को सुनवाई होगी तथा इसी के साथ दिल्ली में कथित तौर पर अवैध रूप से हिरासत में लिए गए बंगाल के अन्य प्रवासी श्रमिकों से संबंधित अन्य याचिकाओं पर भी सुनवाई होगी।

जब याचिकाकर्ताओं के वकील ने वर्चुअल रूप से पेश होकर दावा किया कि पश्चिम बंगाल के कई अन्य प्रवासी कामगार ओडिशा में हिरासत में हैं, तो न्यायमूर्ति रीतोब्रतो कुमार मित्रा की सदस्यता वाली खंडपीठ ने उन्हें अपने मुवक्किल के मामले तक ही अपनी दलीलें सीमित रखने का निर्देश दिया।

दो प्रवासी श्रमिकों के परिजनों ने अलग-अलग याचिकाओं में आरोप लगाया कि उन्हें जगतसिंहपुर जिले में ओडिशा पुलिस ने अवैध रूप से हिरासत में लिया है।

खंडपीठ ने 11 जुलाई को ओडिशा सरकार को निर्देश दिया था कि वह इस बारे में प्रासंगिक दस्ता-वेज पेश करे कि क्या दोनों को हिरासत में लिया गया है या वे लापता हैं।

पीठ ने पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव को निर्देश दिया था कि वे आदेश के अनुपालन के लिए अपने ओडिशा समकक्ष के साथ समन्वय करें और सुनवाई की अगली तारीख को इस अदालत के समक्ष सभी आवश्यक निर्देश और दस्तावेज पेश करें।

दिल्ली में पश्चिम बंगाल के प्रवासी श्रमिकों को अवैध रूप से हिरासत में रखने का आरोप लगाने वाली दो बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली प्रशासन को यह स्पष्ट करने का निर्देश दिया था कि क्या वे हिरासत में हैं।

बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक कानूनी उपाय है जिसमें किसी ऐसे व्यक्ति को पेश करने का निर्देश मांगा जाता है जो लापता हो या अवैध रूप से हिरासत में लिया गया हो।

## भारत-बांग्लादेश सीमा पर चांदी की तस्करी नाकाम, बीएसएफ ने 16.49 लाख के आभूषण के साथ तस्कर को पकड़ा

**कोलकाता :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए चांदी की तस्करी की कोशिश को विफल कर दिया। दक्षिण बंगाल सीमांत के अंतर्गत 143वीं वाहिनी के बिठारी सीमाचौकी पर तैनात जवानों ने 16.71 किलोग्राम चांदी के आभूषण एक मोटरसाइकिल से बरामद किए, जिनकी अनुमानित कीमत 16.49 लाख है। इस दौरान एक तस्कर को वाहन सहित रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया गया।




बीएसएफ के अनुसार, जवानों को एक विश्वसनीय सूत्र से सूचना मिली थी कि बिठारी इलाके में चांदी की तस्करी होने वाली है। इस इनपुट के बाद बिठारी सीमाचौकी समेत क्षेत्र के सभी गश्ती दलों को सतर्क कर दिया गया। इसी क्रम में 13 जुलाई को सुबह लगभग 10:55 बजे दाहरकांदा गांव की ओर से आ रही एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को जांच के लिए रोका गया, जो हाकीमपुर की दिशा में जा रही थी।

मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति के व्यवहार पर संदेह होने पर जवानों ने एक मैकेनिक को मौके पर बुलाकर वाहन की यांत्रिक जांच कराई। जांच के दौरान मोटरसाइकिल के अगले और पिछले टायर के ट्यूब में छिपाकर रखे गए 14 पैकेट चाँदी के आभूषण बरामद किए गए। जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तस्कर को मौके पर ही हिरासत में ले लिया और पूछताछ के लिए हाकीमपुर सीमाचौकी ले जाया गया।

पूछताछ में तस्कर ने बताया कि उसे 13 जुलाई की सुबह बिठारी बाज़ार के बाहरी इलाके में एक व्यक्ति से ये चाँदी के पैकेट मिले थे। उसका उद्देश्य इन्हें हाकीमपुर के गोशपाड़ा गांव में रहने वाले एक अन्य व्यक्ति को सौंपना था। इस काम के लिए उसे पांच लाख का लालच दिया गया था।

बीएसएफ ने जब्त चांदी, मोटरसाइकिल और गिरफ्तार तस्कर को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए संबंधित विभाग को सौंप दिया है। दक्षिण बंगाल सीमांत के जनसंपर्क अधिकारी ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तस्करी रोकने के लिए बीएसएफ पूरी तरह चौकस है और किसी भी अवैध गतिविधि को सफल नहीं होने दिया जाएगा।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीएसएफ लगातार सीमा पर चौकसी बढ़ा रही है ताकि तस्करी, घुसपैठ और अन्य अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण रखा जा सके।




**ठनठनियाँ जनसेवा संघ मेला समिति का सेवा कार्य का 32वां वर्ष का कार्यक्रम नवाडीह ग्राम, देवघर, झारखण्ड में सम्पन्न हुआ। वहां पर समाजसेवी हरीश चन्द्र जायसवाल को सम्मानित किया गया। वहां प्रधान अतिथि शम्भू जायसवाल, विशिष्ठ अतिथि दिलीप जायसवाल, उमाशंकर जायसवाल, मृत्युंजय गुप्ता, राजकुमार जायसवाल, अशोक कुमार साह, लालता प्रसाद साव सहित अरुण कुमार जायसवाल, शिविर चौधरी शिविर अध्यक्ष प्रधान सचिव विनोद कुमार जायसवाल, विकास जायसवाल सहित अनेक गणमान्य उपस्थिति थे।**

## उत्तर बंगाल से 'सम्मान वापसी अभियान' की शुरुआत करेंगे शमीक भट्टाचार्य

**कोलकाता :** भाजपा के नए राज्य अध्यक्ष शमीक भट्टाचार्य उत्तर बंगाल से 'सम्मान वापसी अभियान' की शुरुआत करने जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य उन पुराने नेताओं और कार्यकर्ताओं को फिर से सक्रिय करना है, जो पार्टी से नाराज होकर निष्क्रिय हो गए थे। सूत्रों के अनुसार, पार्टी ने ऐसे पुराने कार्यकर्ताओं की सूची तैयार की है जो विभिन्न कारणों से संगठन से दूर हो गए हैं। शमीक का यह दौरा अलीपुरद्वार, कूचबिहार और जलपाईगुड़ी जिलों में होगा, जहां वे कार्यकर्ता सम्मेलनों को संबोधित करेंगे। यह दौरा सोमवार से शुरू होकर 16 जुलाई तक चलेगा। पार्टी ने निर्देश दिए हैं कि इन बैठकों में पुराने कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और उन्हें पहली पंक्ति में बैठाया जाए ताकि उनका खोया सम्मान लौटाया जा सके। राज्य अध्यक्ष पद संभालते ही शमीक ने नए और पुराने कार्यकर्ताओं के बीच दूरी मिटाने का संकल्प लिया था। उन्होंने कहा था कि संघर्ष के दिनों में साथ खड़े रहने वाले कार्यकर्ताओं का योगदान पार्टी कभी नहीं भूल सकती।



शमीक की योजना केवल संगठनात्मक संतुलन की नहीं, बल्कि भावनात्मक पुनर्स्थापन की भी है। वे चाहते हैं कि पुराने कार्यकर्ताओं को फिर से पार्टी की मुख्यधारा में लाया जाए। दौरे से पहले जिला नेतृत्व को निर्देश दिए गए हैं कि वे पुराने नेताओं से संपर्क करें और आवश्यकतानुसार उन्हें बैठक स्थल तक लाने की व्यवस्था करें। शमीक ने संकेत दिया है कि आगामी जिला समितियों में भी इन वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की राय को महत्व मिलेगा। पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं में इस अभियान को लेकर उत्साह देखा जा रहा है। शमीक ने कहा, पुराने, नए, सक्रिय या निष्क्रिय-अब सब बीजेपी के साथ एकजुट हैं।

## डीवीसी और सीएसआईआरटी-पावर ने साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया

**कोलकाता :** दामोदर वैली कॉरपोरेशन (डीवीसी) और ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के कंप्यूटर सुरक्षा घटना प्रतिक्रिया दल (सीएसआईआरटी-पावर) के संयुक्त तत्वावधान में आज कोलकाता में पूर्वी और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र की पावर यूटिलिटीज के पेशेवरों के लिए एक क्षेत्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य पावर सेक्टर के आईटी और ओटी (ऑपरेशनल टेक्नोलॉजी) पेशेवरों को साइबर खतरों से अवगत कराना और उनकी क्षमता का निर्माण करना था, ताकि वे संभावित साइबर हमलों को पहचानकर समय पर प्रतिक्रिया दे सकें। वर्तमान समय में पावर सेक्टर साइबर हमलों का प्रमुख लक्ष्य बनता जा रहा है, ऐसे में इस तरह की प्रशिक्षण और जागरूकता कार्यशालाएं अत्यंत आवश्यक हैं।

सीएसआईआरटी-पावर के निदेशक एल. के. एस. राठौर ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह कार्यशाला ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर आयोजित की गई है और अन्य क्षेत्रों के लिए भी ऐसी कार्यशालाओं की योजना बनाई जा रही है।

कार्यशाला में डीवीसी के अध्यक्ष एस. सुरेश कुमार, ईआरपीसी के सदस्य सचिव श्री एन. एस. मंडल, एनईआरपीसी के के. बी. जगताप, ईआरएलडीसी के कार्यकारी निदेशक राजीव सूत्रधर, ग्रिड इंडिया के ईडी एवं सीआईएसओ टी. श्रीनिवास सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने साइबर सुरक्षा के विभिन्न पहलुओं, खतरों, नीतियों और सुरक्षा उपायों पर विस्तार से चर्चा की।

### रिटायर्ड कैप्टन पी. सुनील कुमार बने जीआरएसई के निदेशक



**कोलकाता :** गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (जीआरएसई) ने जानकारी दी कि कैप्टन (इन) पी. सुनील कुमार (सेवानिवृत्त) ने निदेशक (कॉरपोरेट योजना एवं कार्मिक) का कार्यभार संभाल लिया है। वे इससे पहले फिटिंग आउट यूनिट के मुख्य महाप्रबंधक के रूप में कार्यरत थे। सुनील कुमार 2016 में भारतीय नौसेना की 22 वर्षों की सेवा के बाद जीआरएसई से जुड़े थे। उन्होंने कॉरपोरेट योजना, व्यवसाय रणनीति, निर्यात व साझेदारी क्षेत्रों में कई उपलब्धियाँ हासिल की हैं। वे 'नेवल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग' के पूर्व छात्र हैं और आईआईटी मुंबई तथा मद्रास विश्वविद्यालय से मास्टर्स डिग्री प्राप्त हैं।



**पश्चिम बंगाल में भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रो. असीम घोष को हरियाणा का राज्यपाल नियुक्त किए जाने पर उनके निवास पर बधाई देते विवेक सोनकर, दीपक राय, उमेश यादव, आनंद सोनकर, अवधेश साव व ध्रुव अग्रहरि। इस अवसर पर सभी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया।**



**हरियाणा के नवनियुक्त राज्यपाल प्रोफेसर असीम घोष को बधाई देते हुए भाजपा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य श्री विद्यासागर मंत्री।**

### कोलकाता भूमिहार ब्राह्मण महिला समाज ने सावन महोत्सव का किया आयोजन



**कोलकाता :** कोलकाता भूमिहार ब्राह्मण महिला समाज (बीएमएस) की ओर से सावन महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज की महिलाओं ने भाग लेकर आयोजित प्रतिगिता में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता में हाजरा सेकंड हाउस में किया गया। महिलाओं ने अपनी कलाइयों पर अपने पति के नाम से आकर्षक तरीके से मेहंदी रचाई। वहीं गीत-संगीत के साथ साथ विभिन्न तरह के आयोजित प्रतियोगिताओं में अपने अपने कला के प्रदर्शन से महिलाओं ने हुनर का लोहा मनवाया। वहीं अंताक्षरी, व्हील राउंड चेयर, प्रश्नोत्तरी आदि के आयोजन में महिलाओं के अलग अलग गुटों ने जोड़े के रूप में भाग लेते हुए आपस में मनोरंजन कराया। मौके पर भूमिहार समाज की मौजूद महिलाओं के बीच नारी शक्ति के उत्थान और आत्मनिर्भरता को लेकर परिचर्चा का आयोजन किया गया। जिसमे महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने सहित सामाजिक मुद्दों को लेकर विशेष चर्चा की गई।

# एसएससी की नई भर्ती विज्ञप्ति पर सुनवाई पूरी, हाई कोर्ट ने फैसला रखा सुरक्षित

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) की नई भर्ती विज्ञप्ति को लेकर दायर याचिका पर सोमवार को कलकत्ता हाई कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। न्यायमूर्ति सौमेन सेन और न्यायमूर्ति स्मिता दास की खंडपीठ ने राज्य सरकार, आयोग और याचिकाकर्ता अभ्यर्थियों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रख लिया है।

यह मामला एसएससी की उस नई विज्ञप्ति से जुड़ा है जिसे सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के उल्लंघन का आरोप लगाकर चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता पक्ष का आरोप है कि आयोग सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अवहेलना करते हुए नई भर्ती प्रक्रिया में योग्यता मानकों में बदलाव कर रहा है।

राज्य के एडवोकेट जनरल किशोर दत्ता ने दलील दी कि यह अधिकार केवल आयोग का है कि वह किस नियम के तहत नियुक्ति प्रक्रिया अपनाए। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने अपने किसी आदेश में यह नहीं कहा है कि नियुक्ति केवल वर्ष 2016 के नियमों के तहत ही होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि फिलहाल आयोग के पास तीन नियम उपलब्ध हैं-2016, 2019 और 2025 के। इनमें से कोई भी नियम अपनाना आयोग का विवेकाधिकार है, बशर्ते वह छात्रों के हित में हो।

एसएससी के वकील कल्याण बंद्योपाध्याय ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सीधे नियमों को चुनौती नहीं दे सकता जब तक वह स्वयं उससे प्रभावित न हो। उन्होंने कहा कि लगातार मुकदमों की वजह से वर्षों से नई भर्ती प्रक्रिया रुकी हुई है। आयोग की ओर से यह भी कहा गया कि यदि पहले की प्रक्रिया के अभ्यर्थी वाकई योग्य हैं, तो उन्हें प्रतिस्पर्धा से डरने की जरूरत नहीं। आयोग का मानना है कि उसे सबसे योग्य उम्मीदवार को चुनने का अधिकार है और केवल इस आधार पर कि किसी को न्यूनतम अंक मिले हैं, नियुक्ति पत्र देना बाध्यकारी नहीं हो सकता।

नौकरी से वंचित अभ्यर्थियों की ओर से कहा गया कि यह जटिलता आयोग की पिछली गलतियों के कारण उत्पन्न हुई है और अब वह सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का जानबूझकर उल्लंघन कर रहा है। उन्होंने तर्क दिया कि सुप्रीम कोर्ट ने कभी यह नहीं कहा कि नई प्रक्रिया शुरू होने पर आयोग योग्यता मानकों में मनमाने तरीके से बदलाव कर सकता है।

सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट की खंडपीठ ने निर्णय को फिलहाल सुरक्षित रख लिया है। अब यह देखना बाकी है कि कोर्ट इस संवेदनशील मामले में क्या निर्णय सुनाता है, जिसका असर राज्य भर के हजारों अभ्यर्थियों पर पड़ेगा।

### विद्यासागर सेतु पर स्कूटी दुर्घटना, युवती घायल

**कोलकाता :** 14 जुलाई की सुबह करीब 10:18 बजे विद्यासागर सेतु के पास (सिटी बाउंड लेन में) एक सड़क दुर्घटना में स्कूटी सवार एक युवती घायल हो गई। हादसे में शामिल स्कूटी अचानक नियंत्रण खो बैठी और रोड से फिसल गई। घायल महिला की पहचान नूपुर चक्रवर्ती (उम्र 28 वर्ष) के रूप में हुई है, जो 33, दयाल बनर्जी रोड, शिबपुर, हावड़ा की रहने वाली है। वह हेलमेट पहने हुए थी और दुर्घटना में उन्हें कई चोटें आईं। उन्हे तुरंत एसएसकेएम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। हेस्टिंग्स पुलिस थाना ने स्कूटी को कब्जे में ले लिया है और मामले की जांच कर रही है।

# जलनिकासी, राहत और बचाव कार्यों में ला-परवाही बर्दाश्त नहीं होगी : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों से दो टूक कहा कि भारी बारिश के दृष्टिगत जलनिकासी, राहत और बचाव कार्यों में ला-परवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। यहां जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री ने हाल के बरसात के कारण उत्पन्न परिस्थितियों, विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में जलभराव और नदियों के जलस्तर में हुई वृद्धि की सोमवार को उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि आमजन को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य के कई हिस्सों में भारी वर्षा के चलते जलभराव, सड़क क्षति और कुछ क्षेत्रों में नदियों के जलस्तर में तेज वृद्धि हुई है जिसपर सतत निगरानी रखी जाए। बयान के अनुसार संबंधित विभागों, नगर निगमों, विकास प्राधिकरणों और जिला प्रशासन को निर्देश दिए गए कि जलनिकासी की व्यवस्था को तत्काल प्रभाव से सुचारु बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी शिकायत या आपात सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए कि बुंदेलखंड समेत उन क्षेत्रों में, जहां भारी वर्षा हुई है, वहां जलशक्ति मंत्री और विभाग के प्रमुख सचिव स्वयं स्थलीय निरीक्षण करें और जलभराव, बाढ़ की स्थिति तथा जल संरचनाओं की स्थिति का मूल्यांकन कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराएं।

## कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित न रहे: मुख्यमंत्री आदित्यनाथ

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में कोई बच्चा स्कूल जाने से वंचित नहीं रहना चाहिए।यहां जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार मुख्यमंत्री ने बेसिक शिक्षा विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उन्होंने राज्य में प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता को और बेहतर बनाने, बच्चों की शत-प्रतिशत विद्यालयों में उपस्थिति सुनिश्चित करने और संसाधनों के कुशल उपयोग के संबंध में कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए।

## कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांवड़ यात्रा में विघ्न डालने वालों से सख्ती से निपटने के निर्देश दिए हैं। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।बयान के अनुसार श्रावण मास के दौरान उत्तर प्रदेश में संचालित हो रही कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं की समीक्षा हेतु मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। मुख्यमंत्री ने कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर वहां ड्रोन और सीसीटीवी के माध्यम से पल-पल निगरानी की जाए। उन्होंने खुफिया तंत्र को पूरी सक्रियता से कार्य करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की घुसपैठ या अराजकता की कोशिश को समय रहते रोका जा सके।

## न्यूज इन ब्रीफ

### गोरखपुर में देह व्यापार का भंडाफोड़, महिला समेत तीन गिरफ्तार

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के गोरखपुर जिले में पुलिस ने किराये के एक मकान में छापेमारी कर जिस्मफरोशी के धंधे का भंडाफोड़ करके तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी विवेक कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने रविवार देर रात करीम नगर के मिलेनियम सिटी इलाके में स्थित एक मकान पर छापा मारा। इस दौरान मकान के अंदर एक नाबालिग लड़की, दो महिलाएं और दो पुरुष मिले।

### बलिया में सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्ची समेत दो लोगों की मौत

**बलिया :** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में सोमवार की सुबह सड़क हादसे में सात वर्षीय बच्ची और एक महिला की मौत हो गयी जबकि दो अन्य गंभीर रूप से से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार जिले के सहतवार-बांसडीह मार्ग पर सोमवार की सुबह एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सड़क पार कर रही एक महिला से टकराकर अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में सड़क पार कर रही पूनम (30) और मोटरसाइकिल सवार परी (सात) की मौत हो गई जबकि मोटरसाइकिल चला रहे परी के पिता और उसकी मां गंभीर रूप से घायल हो गए।

### बिहार: बेगूसराय में युवक की गोली मारकर हत्या, एक अन्य घायल

**बेगूसराय (बिहार) :** बिहार के बेगूसराय जिले में सोमवार सुबह अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि एक अन्य युवक घायल हो गया। यह जानकारी पुलिस ने दी।मृतक की पहचान अमित कुमार के रूप में की गई है जबकि घायल युवक का नाम प्रिंस कुमार (24) बताया गया है।जिला पुलिस के एक बयान में कहा गया है, ''लोहिया नगर क्षेत्र के वार्ड संख्या 24 में दोनों युवकों को अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार दी।'प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी वारदात के बाद फरार हो गए।पुलिस ने तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि इलाज के दौरान अमित कुमार की मौत हो गई, जबकि प्रिंस कुमार का इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर है।

## राजस्थान में कई जगह भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित



**जयपुर :** राजस्थान के अनेक हिस्सों में सोमवार को मानसून की तेज बारिश होने से जनजीवन प्रभावित हुआ। मौसम विभाग ने राज्य के कई हिस्सों में अति भारी बारिश व कहीं-कहीं अत्यंत भारी बारिश होने की चेतावनी दी है। सोमवार सुबह तक चौबीस घंटे में कोटा जिले के खतौली में सबसे अधिक 198 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा पाली में 167 मिलीमीटर बारिश हुई। मौसम केंद्र (जयपुर) के अनुसार, मध्य प्रदेश के ऊपर बना परिसंचरण तंत्र तीव्र होकर कम दबाव का क्षेत्र बन गया और अभी उत्तर पूर्वी राजस्थान एवं उसके आसपास स्थित है। इसके प्रभाव से कोटा, उदयपुर एवं जोधपुर संभाग के कुछ भागों में भारी एवं अतिभारी बारिश हुई। सोमवार को दिन में गंगानगर में सबसे अधिक 60.4 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा वनस्थली में 50 मिलीमीटर, कोटा में 14.2 मिलीमीटर एवं डूंगरपुर में 13.5 मिलीमीटर बारिश हुई।

## लखनऊ में 10 करोड़ रुपये से अधिक के नशीले पदार्थ जब्त, चार लोग गिरफ्तार

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मादक द्रव्य रोधी कार्य बल (एएनटीएफ) ने लखनऊ में 10 करोड़ रुपये से ज्यादा मूल्य के नशीले पदार्थ बरामद कर चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। एएनटीएफ के अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि लखनऊ स्थित उसकी टीम ने रविवार को ठाकुरगंज के गऊघाट इलाके से एक महिला समेत चार तस्करों को पकड़ा और मॉर्फिन एवं एमडीएमए सहित नशीले पदार्थों का जखीरा जब्त किया।

## एसटीएफ ने मुजफ्फरनगर में संजीव जीवा गिरोह के शार्प शूटर शाहरुख पठान को मार गिराया



**लखनऊ/ मुजफ्फरनगर :** उत्तर प्रदेश पुलिस के विशेष कार्यबल (एसटीएफ) ने सोमवार को मुजफ्फरनगर जिले में मुठभेड़ के दौरान कुख्यात माफिया संजीव जीवा गिरोह के एक शार्प शूटर को मार गिराया। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी।अपर पुलिस महानिदेशक (कानून-व्यवस्था/एसटीएफ) अमिताभ यश ने लखनऊ में जारी एक बयान में कहा कि एसटीएफ की मेरठ इकाई की टीम ने आज सुबह मुजफ्फरनगर जिले के छपार थाना क्षेत्र में मुठभेड़ के बाद एक शातिर शूटर को गिरफ्तार किया जिसकी पहचान मुजफ्फरनगर के खलापार के निवासी शाहरुख पठान के रूप में हुई है।उन्होंने बताया कि पठान मुठभेड़ के दौरान घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।यश के मुताबिक पठान संजीव जीवा गिरोह का शार्प शूटर था। करीब दो साल पहले संजीव जीवा की लखनऊ में पेशी के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। एसटीएफ के मुताबिक, शाहरुख पठान के पास से .30 एमएम पिस्टल बरेटा, .32 एमएम रिवाल्वर आर्डिनेंस. नौ एमएम देसी पिस्तौल, बिना नंबर वाली कार और 65 कारतूस बरामद किए गए हैं।पठान पर मुजफ्फरनगर, संभल और हरिद्वार में हत्या और रंगदारी के छह से अधिक मामले दर्ज हैं। एसटीएफ के बयान के अनुसार, 'पठान ने 2015 में मुजफ्फरनगर रेलवे स्टेशन पर पुलिस हिरासत में आसिफ जायदा नामक व्यक्ति की हत्या कर दी थी। इस मामले में गिरफ्तार होने के पश्चात जेल में रहने के दौरान वह संजीव जीवा और मुख्तार अंसारी (दिवंगत बाहुबली पूर्व विधायक) के संपर्क में भी आ गया।'

## झारखंड: सेंट्रल कोलफील्ड्स के कर्मचारी से एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने वाले चार माओवादी गिरफ्तार




**रांची :** झारखंड के रांची जिले में सोमवार को चार माओवादियों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि माओवादियों ने सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के एक कर्मचारी से कथित तौर पर एक करोड़ रुपये रंगदारी मांगी थी।रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) चंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि इन्हें जिले के खलारी और मैक्लुस्कीगंज थाना क्षेत्रों से गिरफ्तार किया गया।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान योगेंद्र गंझू उर्फ पवन गंझू, मुकेश गंझू, मनु गंझू और राजकुमार नाहक के रूप में हुई है।एसएसपी ने बताया कि उनके पास से एक पिस्तौल और कारतूस बरामद किए गए।एसएसपी ने बताया कि योगेंद्र 2006 में भाकपा (माओवादी) में शामिल हुआ था और उसे लातेहार में गारू सरजू का एरिया कमांडर बनाया गया था। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया था और 2008 में जेल से रिहा होने के बाद वह फिर से संगठन में शामिल हो गया।

## न्यूज अपडेट

### सपा कार्यकर्ताओं को अपनी पार्टी का नाम बदलकर 'मदरसावादी पार्टी' रखने की मांग करनी चाहिए: मौर्य



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए सोमवार को उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सुझाव दिया कि सपाइयों को अपने बहादुर से पार्टी का नाम बदलकर 'मदरसावादी पार्टी' रखने की मांग करनी चाहिए।भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री मौर्य ने सोमवार को 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, ''हिंदुओं की आस्था को व्यापार बताने का दुस्साहस करने वाले सपा बहादुर अखिलेश यादव ने सही मायने में मुस्लिम, मस्जिद और मदरसों को अपने वोट का बाजार बना रखा है।

### कांग्रेस सांसद राहुल गांधी मंगलवार को लखनऊ की अदालत में पेश होंगे

**लखनऊ :** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी अपनी 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सैनिकों के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक बयान देने के मामले में मंगलवार को लखनऊ की विशेष एमपी-एमएलए अदालत में पेश होंगे। सांसदों एवं विधायकों की विशेष अदालत ने इस मानहानि मामले में दायर शिकायत पर संज्ञान लेते हुए कांग्रेस नेता गांधी को आरोपी के तौर पर तलब किया है। गांधी ने इस समन के खिलाफ उच्च न्यायालय में भी याचिका दायर की थी लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली। गांधी के अधिवक्ता प्रांशु अग्रवाल ने बताया कि पेशी के बाद अदालत से जमानत का अनुरोध किया जाएगा।

### भारी बारिश के अनुमान के बीच आईएमडी ने झारखंड के 13 जिलों में बाढ़ की चेतावनी जारी की

**रांची :** भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को झारखंड के कई हिस्सों में भारी वर्षा के बीच राज्य के 13 जिलों के लिए बाढ़ की चेतावनी जारी की। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह चेतावनी बोकारो, पूर्वी सिंहभूम, गढ़वा, गुमला, खूंटी, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, रांची, सरायकेला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम जिलों के लिए मंगलवार पूर्वाह्न साढ़े 11 बजे तक के लिए है। आईएमडी ने अपने नवीनतम बुलेटिन में कहा, ''कुछ निचले इलाकों में जलभराव हो सकता है।'' आईएमडी ने दोपहर एक बजे जारी बुलेटिन में कहा कि मंगलवार सुबह साढ़े आठ बजे तक सरायकेला-खरसावां, पूर्वी सिंहभूम और पश्चिमी सिंहभूम जिलों में भारी से अत्यधिक भारी वर्षा के लिए 'रेड' अलर्ट तथा गुमला, खूंटी और सिमडेगा जिलों में बहुत भारी वर्षा के लिए 'ऑरेंज' अलर्ट भी जारी किया गया है।

### हाथरस में मकान का छज्जा गिरा, एक महिला की मौत, दो बच्चों समेत पांच जख्मी

**हाथरस :** उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में सोमवार को एक मकान का छज्जा गिरने से उसके मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गयी तथा दो बच्चों समेत पांच लोग जख्मी हो गये। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुरसान थाना क्षेत्र के खरगू गांव में सुबह डीजे के साथ कांवड़ यात्रा निकल रही थी। यात्रा को देखने के लिये कविता (28) अपने मकान के छज्जे पर खड़ी हो गयी। उसके नीचे उसकी सास राजमती, बच्चे प्रतीक और पवन तथा दो अन्य युवक भी खड़े होकर यात्रा देख रहे थे। इसी दौरान छज्जा अचानक ढह गया और कविता के साथ-साथ छज्जे का मलबा भी नीचे खड़े लोगों पर जा गिरा।

### हिंदू धर्म में वापसी करने वाली महिलाओं का दावा : मिल रही है जान से मारने की धमकी

लखनऊ : उत्तर प्रदेश के बलरामपुर में धर्मांतरण गिरोह चलाने के आरोपी छांगुर बाबा द्वारा कथित रूप से इस्लाम धर्म में दाखिल करायी गयी कुछ महिलाओं ने सोमवार को दावा किया कि हिंदू धर्म में वापसी के बाद उन्हें धमकियां मिल रही हैं। खुद को छांगुर बाबा के गिरोह का शिकार बताने वाली महिला ने संवाददाताओं को बताया कि अबू अंसारी नामक व्यक्ति ने अपना नाम अमित बताकर उससे मेलजोल बढ़ाया और वह अमित के रूप में ही उसके परिवार से भी मिला था। महिला ने बताया कि वह छांगुर बाबा से पहली बार 2019 में मिली थी। उस जगह का माहौल बहुत अजीब था। वहां केवल महिलाएं ही थीं। उनका 'ब्रेनवॉश' किया गया था। छांगुर ने लगभग पांच हजार लोगों का धर्मांतरण कराया था। महिला ने कहा कि छांगुर बाबा को भले ही गिरफ्तार कर लिया गया है लेकिन उसके गिरोह के सक्रिय सदस्यों की गिरफ्तारी अभी बाकी है।



## व्रत - त्यौहार

**15.07.2025 : दुर्गा यात्रा,हनुमान दर्शन**

**18.07.2025 : शीतलाष्टमी व्रत**

**21.07.2025 : श्रावण सोमवार व्रत**

## इस स्थान पर भगवान शिव ने कंठ में धारण किया था विष

सावन का पवित्र महीना भगवान शिव की समर्पित होता है। पूरे भारत में शिवालयों में विशेष पूजा-अर्चना की जाती है, लेकिन हिमालय की तलहटी में स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर का महत्व कुछ अलग ही है। यह मंदिर उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में, ऋषिकेश से लगभग 32 किलोमीटर दूर मणिकूट पर्वत पर स्थित है। सावन के अवसर पर हर साल लाखों की संख्या में शिवभक्त यहां दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।

### पौराणिक कथा से जुड़ा है मंदिर का इतिहास

नीलकंठ महादेव मंदिर से जुड़ी पौराणिक कथा बेहद प्रसिद्ध है। मान्यता के अनुसार जब समुद्र मंथन हुआ था, तब अमृत के साथ-साथ एक घातक विष हलाहल भी बाहर आया था। यह विष इतना जहरीला था कि इससे संपूर्ण सृष्टि के विनाश हो सकता था। देवताओं और असुरों में से कोई भी इसे ग्रहण करने को तैयार नहीं था। तब संपूर्ण ब्रह्मांड की रक्षा के लिए भगवान शिव ने वह विष स्वयं पिया।

कहा जाता हैं कि जैसे ही शिव ने हलाहल को ग्रहण किया, माता पार्वती ने उनका कंठ पकड़ लिया, जिससे विष ना तो उनके भीतर गया और ना ही बाहर आया। विष उनके कंठ में अटक गया, जिससे उनका गला नीला पड़ गया। तभी से उनका नाम नीलकंठ पड़ा। जिस स्थान पर यह घटना घटी थी, आज नीलकंठ महादेव मंदिर के रूप में पूजा जाता है।

### समाधि में लीन हुए थे भगवान शिव

पौराणिक मान्यता यह भी बताती है कि विष की तीव्रता और गर्मी के कारण भगवान शिव शीतलता की खोज में हिमालय की ओर बढ़े और



मणिकूट पर्वत पर मधुमती और पंकजा नदियों के संगम स्थल पर एक वृक्ष के नीचे बैठकर ध्यानमग्न हो गए। वर्षों तक वे समाधि में लीन रहे। माता पार्वती ने भी वहीं बैठकर उनके ध्यान से बाहर आने का इंतजार किया। जब शिव ने समाधि समाप्त की, तो इस स्थान को नीलकंठ धाम नाम दिया गया।

### सावन में होती है लाखों कांवड़ियों की भीड़

श्रावण मास में इस मंदिर का धार्मिक महत्व और भी बढ़ जाता है। देशभर से लाखों कांवड़िए गंगाजल लेकर यहां पहुंचते हैं और भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। मान्यता है कि सावन के सोमवार को इस मंदिर में दर्शन करने से विशेष पुण्य की प्राप्ति होती है और मोक्ष का मार्ग प्रशस्त होता है।

नीलकंठ महादेव मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि यह ऋषिकेश आने वाले पर्यटकों के लिए भी एक लोकप्रिय जगह है। कठिन पहाड़ी रास्तों और हरे-भरे जंगलों से होते हुए इस मंदिर तक पहुंचना स्वयं एक रोमांचक अनुभव होता है।

## माँ कौशल्या के आंगन में

माँ कौशल्या के आंगन में एक प्रकाश पुंज उभरा और कुछ ही समय में पूरी अयोध्या उसके अद्भुत प्रकाश में नहा उठी, बाबा ने लिखा, 'भए प्रगट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी...।'

उधर सुदूर दक्षिण के वन में जाने क्यों खिलखिला कर हँसने लगी भीलनी सबरी। पड़ोसियों ने कहा, 'बुढ़िया सनक तो नहीं गयी?' बुढ़िया ने मन ही मन सोचा, 'वे आ गए क्या...।'

नदी के तट पर उस परित्यक्त कुटिया में पत्थर की तरह भावनाशून्य हो कर जीवन काटती अहिल्या के सूखे अधरों पर युगों बाद अनायास ही एक मुस्कान तैर उठी। पत्थर हृदय ने जैसे धीरे से कहा, 'उद्धारक आ गया...'

युगों से राक्षसी अत्याचारों से त्रास्त उस क्षत्रिय ऋषि विश्वामित्र की भुजाएँ अचानक ही फड़क उठीं। हवनकुण्ड से निकलती लपटों में निहार ली



उन्होंने वह मनोहर छवि, मन के किसी शान्त कोने ने कहा, 'रक्षक आ गया...।'

जाने क्यों एकाएक जनकपुर राजमहल की पुष्पवाटिका में सुगन्धित वायु बहने लगी। अपने कक्ष में अन्यमनस्क पड़ी माता सुनयना का मन हुआ कि सोहर गायें। उन्होंने दासी से कहा, 'क्यों सखी, तनिक सोहर कढ़ा तो देखूँ गला सधा हुआ है या बैठ गया।' दासी ने झूम कर उठाया, 'गउरी गनेस महादेव चरन मनाइलें हो... ललना अंगना में खेलस कुमार त मन मोर बिंहसित हो...'महल की दीवारें बिंहस उठीं। कहा, 'बेटा आ गया...।'

उधर समुद्र पार की स्वर्णिम नगरी में भाई के दुष्कर्मों से दुखी विभीषण ने अनायास ही पत्नी को पुकारा, 'आज कुटिया को दीप मालिकाओं से सजा दो प्रिये! लगता है कोई मित्र आ रहा है।'

इधर अयोध्या के राजमहल में महाराज दशरथ से कुलगुरु वशिष्ठ ने कहा, 'युगों की तपस्या पूर्ण हुई राजन! तुम्हारे कुल के समस्त महान पूर्वजों की सेवा फलीभूत हुई! अयोध्या के हर दरिद्र का आँचल अन्न-धन से भरवा दो, नगर को फूलों से सजवा दो, जगत का तारणहार आया है! राम आया है...।'

खुशी से भावुक हो उठे उस प्रौढ़ सम्राट ने पूछा, 'गुरूदेव! मेरा राम?'

गुरु ने मुस्कुराते हुए उत्तर दिया, 'नहीं! इस सृष्टि का राम... जाने कितनी माताओं के साथ-साथ स्वयं समय की प्रतीक्षा पूर्ण हुई है। राम एक व्यक्ति, एक परिवार या एक देश के लिए नहीं आते। राम समूची सृष्टि के लिए आते हैं, राम युग-युगांतर के लिए आते हैं...।'

सच कहा था उस महान ब्राह्मण ने! सहस्त्राब्दियां बीत गयीं, हजारों संस्कृतियां उपजीं और समाप्त हो गईं, असँख्य सम्प्रदाय बने और उजड़ गए, हजारों धर्म बने और समाप्त हो गए पर कोई सम्प्रदाय न राम जैसा पुत्रा दे सका, न राम या राम के भाइयों जैसा भाई दे सका, न राम के जैसा मित्र दे सका, न ही राम जैसा राजा दे सका...।

आधुनिक युग में भारत के विभाजन का स्वप्न देखने वाले इकबाल ने कभी ऊब कर एक प्रश्न छोड़ा था, 'यूनान मिश्र रोम सब मिट गए जहां से, लेकिन अभी भी बाकी नामों निशाँ हमारा...।'

मैं होता तो उत्तर देता, 'हाँ! क्योंकि यहाँ राम आये थे। हम राम के बेटे हैं, कभी समाप्त नहीं होंगे... कभी भी नहीं।'

मानस के अंतिम दोहे में बाबा कहते हैं, 'कामिहि नारि पिआरि जिमि,लोभिहि प्रिय जिमि दाम! तिमि रघुनाथ निरन्तर प्रिय लागहु मोहि राम!! जैसे कामी को स्त्री प्रिय लगती है, लोभी को धन प्रिय लगता है, वैसे ही हे राम! आप सदैव हमें प्रिय रहें...।

## शुभकर्मों का दामन थामें

चन्द्र प्रभा सूद

मनुष्य को अपने कर्मों का भुगतान उन्हें भोगकर ही करना पड़ता है। उनसे छुटकारा पाने का उसके पास कोई और रास्ता नहीं है। इस संसार में वह चाहे कहीं भी छुपने का प्रयास क्यों न कर ले, अपने कर्मफल के भोग से किसी भी तरह बच नहीं सकता। इस मानव शरीर धारण करने के उपरान्त भगवान को भी इस फल से मुक्ति नहीं मिल सकती तो फिर हम इन्सान किस गिनती में आते हैं?

बहुत समय पहले इस विषय से सम्बन्धित एक बोधकथा पढ़ी थी। आप सबके साथ साझा करना चाहती हूँ। यह कथा हमें शुभकर्मों को करने की प्रेरणा देती है।

एक बार माता पार्वती ने भगवान् शिव से कहा, 'प्रभु मैंने पृथ्वी पर देखा है कि जो व्यक्ति पहले से ही अपने दुख से दुःखी होता हैं, आप उसे और अधिक दुःख प्रदान करते हैं। जो पहले से ही सुखी हैं, आप उन्हें और सुख देते हैं, दुःख नहीं देते। ऐसा क्यों करते हैं आप?'

भगवान् ने इस बात को समझाने के लिए माता पार्वती को धरती पर चलने के लिए कहा। दोनों ने सांसारिक इन्सानी पति-पत्नी का रूप धारण कर लिया और एक गाँव के पास उन्होंने डेरा जमाया। शाम के समय भगवान् ने माता पार्वती से कहा, 'हम मनुष्य रूप में यहाँ आए हैं, इसलिए यहाँ के नियमों का पालन करते हुए हमें भोजन बनाना होगा। मैं भोजन सामग्री की व्यवस्था करता हूँ, तब तक तुम भोजन बनाओ।'

भगवान् के जाते ही माता पार्वती रसोई बनाने के लिए, चूल्हा बनाने हेतु बाहर से ईंटें लेने गईं और जर्जर हो चुके मकानों से ईंटें लाकर उन्होंने चूल्हा तैयार कर दिया। चूल्हा तैयार होते ही भगवान् वहाँ बिना कुछ लाए ही प्रकट हो गए। माता पार्वती ने उनसे



कहा, 'आप तो कुछ लेकर नहीं आए, भोजन कैसे बनेगा?'

भगवान् बोले, 'पार्वती अब तुम्हें इसकी जरूरत नहीं पड़ेगी।'

भगवान् ने माता पार्वती से पूछा, 'तुम चूल्हा बनाने के लिए इन ईटों को कहाँ से लेकर आई।'

माता पार्वती ने कहा, 'प्रभु इस गाँव में बहुत से ऐसे घर हैं जिनका रख-रखाव सही ढंग से नहीं हो रहा हैं। उनकी जर्जर हो चुकी दीवारों से मैं कुछ ईंटें निकाल कर ले आई।'

भगवान् ने फिर कहा, 'जो घर पहले से खराब थे, तुमने उन्हें और खराब कर दिया। ये ईंटें तुम सही घरों की दीवार से भी तो ला सकती थीं।'

माता पार्वती बोली, 'प्रभु उन घरों में रहने वाले लोगों ने उनका रख-रखाव बहुत सही तरीके से किया है और वे घर सुन्दर भी लग रहे हैं। ऐसे में उनकी सुन्दरता को बिगाड़ना उचित नहीं होता।'

भगवान बोले, 'पार्वती यही तुम्हारे द्वारा पूछे गए प्रश्न का उत्तर हैं। जिन लोगों ने अपने घर का रख रखाव अच्छी तरह से किया हैं, यानी सही कर्मों से अपने जीवन को सुन्दर बना रखा हैं, उन लोगों को दुःख कैसे हो सकता हैं?'

इस जीवन में जो भी लोग सुखपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर रहे हैं, वे अपने पूर्वजन्मों के सुकर्मों के कारण सुखी हैं। इसके विपरीत जो लोग दुखी हैं, वे अपने पूर्वजन्मों में किए गए कुकर्मों के कारण यहाँ धरती पर दुख भोग रहे हैं। अतः हर मनुष्य को अपने जीवन में सदा ऐसे कर्म करते रहना चाहिए जिससे बहुत ही मजबूत व खूबसूरत इमारत खड़ी हो सके। फिर उस दीवार से कोई व्यक्ति एक ईंट भी निकालने का साहस न कर सके।

यह कथा शुभकर्मों को करने पर बल देती है। मनुष्य अपने जीवनकाल में जैसे कर्म करता है, वैसा ही शुभाशुभ फल उसे भोगना होता है। दुष्कृत्यों के कारण उसके कर्मों के घर की दीवार जर्जर और बदसूरत बनती है, जिसमें कोई भी घुसपैठ कर सकता है। दूसरी और उसके सत्कृत्यों से उसके कर्मों के घर की दीवार सुन्दर और मजबूत बनती है जिसमें कोई भी संध नहीं लगा सकता। इसलिए अपनी भलाई करने के लिए शुभकर्मों का दामन थाम लेना चाहिए। (उर्वशी)

## न्यूज इन ब्रीफ

### पंजाब में 1,158 असिस्टेंट प्रोफेसर व लाइब्रेरियन की नियुक्तियां रद्द: सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने पंजाब में 1,158 असिस्टेंट प्रोफेसर और पुस्तकालयाध्यक्षों की नियुक्ति को सोमवार को रद्द करते हुए कहा कि चयन प्रक्रिया में ''पूरी तरह मनमानी'' की गयी। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की पीठ ने पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की खंडपीठ के सितंबर 2024 के फैसले को रद्द कर दिया, जिसमें नियुक्तियों को बरकरार रखा गया था। यह प्रक्रिया अक्टूबर 2021 में शुरू हुई, जब पंजाब के उच्च शिक्षा निदेशक ने राज्य विधानसभा चुनावों से पहले विभिन्न विषयों के लिए असिस्टेंट प्रोफेसर और पुस्तकालयाध्यक्षों के पदों के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करते हुए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया। बाद में, कई उम्मीदवारों द्वारा योग्यता-आधारित चयन प्रक्रिया में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए याचिकाएं दायर करने के बाद यह भर्ती कानूनी जांच के दायरे में आ गई। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार नीतिगत निर्णय की आड़ में इस तरह के मनमाने कदम का बचाव नहीं कर सकती।

### असम में 15 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त, दो गिरफ्तार

**मोरीगांव/गुवाहाटी :** असम में दो अलग-अलग अभियानों में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से 15 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किये गये। पहली गिरफ्तारी मोरीगांव जिले में की गई, जबकि दूसरी कार्रवाई दक्षिण सलमारा में की गई। पुलिस ने बताया कि मणिपुर की रहने वाली 25 वर्षीय महिला को मोरीगांव में जगीरोड रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा, वह आज सुबह मणिपुर से बस से जागीरोड पहुंची और रेलवे स्टेशन के पास घूमती हुई पाई गई, तभी संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। पुलिस ने उसके शरीर से बंधी नौ साबुन की डिब्बियों में छिपाकर रखी गई 104.5 ग्राम हेरोइन जब्त की। अधिकारी ने बताया, जब्त की गई हेरोइन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि यह पता लगाने के लिए जांच जारी है कि क्या इसमें कोई बड़ा नेटवर्क शामिल है।

### 114 वर्षीय मैराथन धावक फौजा सिंह की जालंधर में सड़क दुर्घटना में मौत



**चंडीगढ़ :** जाने-माने मैराथन धावक फौजा सिंह की सोमवार को पंजाब में जालंधर जिले के अपने पैतृक गांव में एक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह 114 वर्ष के थे। सिंह टहल रहे थे तभी एक अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी। लेखक खुशवंत सिंह ने फौजा सिंह के परिवार के सदस्यों से बात की और उनके निधन की पुष्टि की। पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि उन्हें फौजा सिंह की मौत की खबर से ''गहरा दुख'' हुआ है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''मैं महान मैराथन धावक और दृढ़ता के प्रतीक सरदार फौजा सिंह जी के निधन से बहुत दुखी हूं।

### यमन में भारतीय नर्स को फांसी से बचाने के प्रयास जारी, विकल्प सीमित: केंद्र सरकार

**नयी दिल्ली :** केंद्र सरकार ने सोमवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि यमन में हत्या के जुर्म में फांसी की सजा का सामना कर रही एक भारतीय नर्स से जुड़े मामले में भारत सरकार हरसंभव कोशिश कर रही है, लेकिन यमन की स्थिति को देखते हुए ज्यादा कुछ नहीं किया जा सकता। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ से कहा, ''एक सीमा तक ही भारत सरकार प्रयास कर सकती है और हम उस सीमा तक पहुंच चुके हैं।'' शीर्ष विधि अधिकारी ने कहा कि सरकार अपने नागरिकों को बचाना चाहती है और इस मामले में हरसंभव प्रयास कर रही है।

# मोदी सरकार के 11 साल स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे: अमित शाह




**नयी दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार का 11 साल का शासन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि इसने भारत के लोगों के जीवन के सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण विकास किया है। गैर सरकारी संगठन भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने बिना किसी संघर्ष के विकास और भारत की विरासत को एक साथ बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, ''जब भी भारत में हो रहे बदलाव पर चर्चा होगी, इतिहासकार प्रधानमंत्री मोदी की सरकार के 11 वर्षों को स्वर्ण अक्षरों में लिखेंगे।'' शाह ने कहा, ''इन वर्षों में, 55 करोड़ से अधिक ऐसे परिवारों को बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच प्राप्त हुई, जिनके पास बैंक खाता भी नहीं था। 15 करोड़ से अधिक लोगों को स्वच्छ पेयजल मिला और 12 करोड़ से अधिक घरों में शौचालय बनाए गए।'' गृह मंत्री ने कहा कि कई लोग पूछते हैं कि अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण से देश को क्या लाभ होगा। उन्होंने कहा, ''शायद वे यह बात नहीं समझेंगे, लेकिन मोदी ने राम मंदिर का निर्माण सुनिश्चित किया है, साथ ही देश में 5जी तकनीक लेकर आए हैं और डिजिटल भुगतान प्रणाली को इतने व्यापक स्तर पर फैलाया है कि सब्जी विक्रेता भी इससे लाभान्वित हो रहे हैं।'' शाह ने कहा कि जब उन्होंने उत्तर प्रदेश के देवरिया में एक गरीब परिवार से मुलाकात की तो परिवार की एक महिला ने उन्हें बताया कि आठ पीढ़ियों के बाद आखिरकार उनके घर में शौचालय का निर्माण हुआ है।

### पति-पत्नी की बातचीत की गुप्त रिकॉर्डिंग का वैवाहिक मामलों में इस्तेमाल किया जा सकता है: न्यायालय

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि पति-पत्नी की गुप्त रूप से रिकॉर्ड की गई बातचीत तलाक की कार्यवाही सहित सभी वैवाहिक मामलों में सबूत के तौर पर स्वीकार्य है। शीर्ष अदालत ने कहा कि पति-पत्नी का एक-दूसरे पर नजर रखना इस बात का सबूत है कि उनकी शादी मजबूत नहीं चल रही है और इसलिए इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में किया जा सकता है। न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने एक मामले में पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के फैसले को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा था कि पति-पत्नी के बीच गुप्त बातचीत साक्ष्य अधिनियम की धारा-122 के तहत संरक्षित है और इसका इस्तेमाल न्यायिक कार्यवाही में नहीं किया जा सकता।

## राष्ट्रपति ने एम्स की 'बर्न यूनिट' का दौरा किया, खुद को आग लगाने वाली छात्रा के बारे में जानकारी ली



**भुवनेश्वर :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को एम्स भुवनेश्वर की 'बर्न यूनिट' का दौरा किया और 20 वर्षीय कॉलेज छात्रा की स्वास्थ्य स्थिति के बारे में जानकारी ली, जिसने एक प्रोफेसर द्वारा कथित यौन उत्पीड़न के बाद खुद को आग लगा ली थी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। ओडिशा की निवासी मुर्मू एम्स के पांचवें दीक्षांत समारोह में शामिल होने आई थीं। 'बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी' विभाग में उनका जाना पहले से निर्धारित नहीं था। बालासोर के फकीर मोहन (स्वायत्त) कॉलेज की द्वितीय वर्ष की इंटीग्रेटेड बी.एड. छात्रा ने प्रोफेसर के खिलाफ अपनी शिकायत पर कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाते हुए शनिवार को खुद को आग लगा ली। छात्रा 95 प्रतिशत तक जल चुकी है और उसे पहले बालासोर जिला मुख्यालय अस्पताल में भर्ती कराया गया और फिर विशेष उपचार के लिए एम्स भुवनेश्वर स्थानांतरित कर दिया गया। राष्ट्रपति ने एम्स से राजभवन लौटने से पहले 'बर्न यूनिट' का दौरा किया। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ. आशुतोष बिस्वास ने संवाददाताओं को बताया, राष्ट्रपति ने मरीज़ से मुलाकात की; वह वेंटिलेटर पर है। उन्होंने इलाज के बारे में और छात्रा की स्थिति के बारे में जानकारी ली।

## गडकरी ने कर्नाटक में भारत के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया



**शिवमोगा (कर्नाटक) :** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को कर्नाटक के शिवमोगा में देश के दूसरे सबसे लंबे केबल-आधारित सिगंदूर पुल का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने तो शिरकत की, लेकिन राज्य मंत्रिमंडल का कोई भी सदस्य इसमें शामिल नहीं हुआ। अधिकारियों के अनुसार जिले के सागरा तालुक में अंबरगोडलु-कलासवल्ली के बीच 'शरावती बैकवाटर' पर बने इस पुल का निर्माण 472 करोड़ रुपये की लागत से किया गया है। इस पुल से सागरा से सिगंदूर के आसपास के गांवों की दूरी काफी कम होने की उम्मीद है, जो चौदेश्वरी मंदिर के लिए प्रसिद्ध है। इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी, वरिष्ठ भाजपा नेता बी. एस. येदियुरप्पा सहित अन्य लोग शामिल हुए। हालांकि, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया या उनके किसी भी मंत्री ने इस कार्यक्रम में भाग नहीं लिया। हाल में सिद्धरमैया ने गडकरी से 14 जुलाई को शिवमोगा के सागरा तालुका में पुल के उद्घाटन और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के शिलान्यास समारोह को यह कहकर स्थगित करने का अनुरोध किया था कि उन्हें पहले से सूचित नहीं किया गया था। विजयपुरा जिले के इंडी तालुका की अपनी निर्धारित यात्रा का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री ने गडकरी को लिखे एक पत्र में कहा था कि यह अधिक उपयुक्त होता अगर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) इस तरह के कार्यक्रम को निर्धारित करने से पहले राज्य सरकार के साथ परामर्श करता और उन्होंने उनसे इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया था।

### बुलेट ट्रेन : रेलवे ने घनसोली-शिलफाटा सुरंग का काम पूरा किया

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि महाराष्ट्र में घनसोली और शिलफाटा के बीच बुलेट ट्रेन परियोजना के तहत समुद्र के अंदर 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के पहले खंड का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। मंत्रालय ने यह भी कहा कि जापान सरकार ने 508 किलोमीटर लंबी मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में ई10 शिंकानसेन ट्रेनों को शामिल करने पर सहमति जताई है। मंत्रालय की ओर से जारी प्रेस नोट में कहा गया, ''बुलेट ट्रेन परियोजना ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। बीकेसी और ठाणे के बीच समुद्र के अंदर 21 किलोमीटर लंबी सुरंग के पहले खंड का काम पूरा कर लिया गया है।

## विमान हादसे पर एएआईबी की प्रारंभिक रिपोर्ट में कोई यांत्रिक, रखरखाव समस्या नहीं पायी गयी : एअर इंडिया के सीईओ

**दुर्घटना की जांच से और सवाल उठे, किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जल्दबाजी होगी**



**नयी दिल्ली :** एअर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी और प्रबंध निदेशक कैम्पबेल विल्सन ने सोमवार को कहा कि पिछले महीने अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर वायु यान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पायी गयी है तथा इसके अनिवार्य रखरखाव संबंधी सभी कार्य पूरे किए जा चुके थे। अहमदाबाद में 12 जून को हुई इस दुर्घटना के कारणों के बारे में विभिन्न वर्गों में लगायी जा रही अटकलों के बीच एअर इंडिया के सीईओ ने कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में न तो कोई कारण बताया गया है और न ही कोई सिफ़ारिश की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि वे समय से पहले कोई निष्कर्ष न निकालें क्योंकि जांच अभी पूरी नहीं हुई है। एएआईबी ने एअर इंडिया के बोइंग 787-8 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शनिवार को अपनी प्रारंभिक रिपोर्ट जारी की जिसमें 12 जून को 260 लोग मारे गए थे। अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जाने वाली उड़ान संख्या एआई-171 का विमान उड़ान भरने के तुरंत बाद एक दुर्घटनाग्रस्त होकर एक इमारत से टकरा गया था। विल्सन ने सोमवार को एअर इंडिया के कर्मचारियों को दिए एक संदेश में कहा कि प्रारंभिक रिपोर्ट में विमान या इंजन में कोई यांत्रिक या रखरखाव संबंधी समस्या नहीं पायी गयी है तथा अनिवार्य रखरखाव संबंधी सभी कार्य पूरे किए जा चुके थे।

## संजय भंडारी से जुड़े धनशोधन मामले में ईडी ने पांच घंटे तक की रॉबर्ट वाड्रा से पूछताछ



**नयी दिल्ली :** ब्रिटेन में स्थित शस्त्र सलाहकार संजय भंडारी और कुछ अन्य से जुड़े धनशोधन मामले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति एवं कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा से करीब पांच घंटे तक पूछताछ की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। रॉबर्ट वाड्रा (56) पूर्वाह्न 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित ईडी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। सूत्रों ने बताया कि पूछताछ शाम पांच बजे के बाद समाप्त हो गयी और पूछताछ के दौरान वाड्रा एक बार भोजनावकाश के लिए बाहर गए। सूत्रों ने बताया कि रॉबर्ट वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि वाड्रा को पूछताछ के लिए फिर से बुलाया जा सकता है, क्योंकि वह भंडारी और उसके परिवार के सदस्यों के साथ अपने वित्तीय संबंधों के बारे में कुछ सवालों के जवाब देने में कथित तौर पर 'विफल' रहे। पिछले महीने एजेंसी ने वाड्रा (56) को इस मामले में पूछताछ के लिए दो बार बुलाया था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए अपने समन को स्थगित करने की मांग की थी, कि पहले समन के दौरान वह अस्वस्थ थे और बाद में यह कि वह स्थानीय अदालत से मंजूरी लेने के बाद विदेश यात्रा पर जाना था।

### दिल्ली में छीने गए मोबाइल फोन पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजे गए

**नयी दिल्ली :** पुलिस ने मोबाइल फोन चोरी गिरोह का भंडाफोड़ कर छह लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनमें दिल्ली का एक झपटमार, कूरियर कंपनी का एक कर्मचारी और पश्चिम बंगाल में चोरी के फोन लेने वाले लोग शामिल हैं। ये लोग चोरी हुए मोबाइल फोन पश्चिम बंगाल के रास्ते बांग्लादेश भेजते थे। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह मामला 25 जून को प्रीत विहार, मंडावली और पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र से सुबह के समय हुई झपटमारी की कई घटनाओं के बाद सामने आया। पूर्वी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) अभिषेक धानिया ने कहा, ''छह जुलाई को सलमान (37) की गिरफ्तारी के साथ इस मामले में बड़ी सफलता मिली। उसे सीसीटीवी फुटेज के विस्तृत विश्-लेषण के बाद स्कूटी पर सवार झपटमार के रूप में पहचाना गया।'' उन्होंने बताया कि चोरी की घटनाओं के दौरान इस्तेमाल की गई स्कूटी बरामद कर ली गई है। पूछताछ के दौरान सलमान ने बताया कि वह चोरी किए गए फोन शफी अहमद उर्फ टीपू (33) को सौंप देता था, जो फिर उन्हें नोएडा में काम करने वाले कूरियर कंपनी के कर्मचारी भूपेंद्र (34) को दे देता था। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि भूपेंद्र को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उसने चोरी के मोबाइल फोन पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में कमीशन के बदले भेजने की बात कबूल की है।

## मानसून सत्र में लोकसभा सदस्यों के लिए उपस्थिति दर्ज कराने की नई व्यवस्था लागू होगी

**नयी दिल्ली :** लोकसभा आगामी मानसून सत्र से अपने सदस्यों के लिए उपस्थिति दर्ज कराने की नई व्यवस्था शुरू करने जा रही है, जिसके तहत वे लॉबी में जाकर नहीं, बल्कि अपनी आवंटित सीट पर ही उपस्थिति दर्ज करा सकेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि इससे समय की बचत होगी, क्योंकि लॉबी में कई बार एकसाथ कई सांसदों के पहुंचने के कारण उपस्थिति दर्ज कराने में समय लग जाता है। सूत्रों ने बताया कि कई बार ऐसा भी हुआ है कि कुछ सांसद सदन की कार्यवाही में हिस्सा लिए बिना ही अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर चले जाते हैं। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस नई व्यवस्था को लागू करने के इच्छुक हैं और लॉबी में उपस्थिति रजिस्टर की व्यवस्था कुछ समय जारी रहेगी, ताकि सांसदों को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रणाली से परिचित होने का समय मिल जाए। बिरला ने पिछले साल संसद को कागज रहित बनाने के प्रयासों के तहत सदस्यों को लॉबी में एक इलेक्ट्रॉनिक टैबलेट पर डिजिटल पेन का उपयोग करके सदन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने का विकल्प दिया था। गौरतलब है कि मंत्रियों और नेता प्रतिपक्ष को अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के लिए हस्ताक्षर करने की आवश्यकता नहीं है। संसद सत्रों के दौरान अपने दैनिक भत्ते प्राप्त करने के लिए सदस्यों को अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होती है।

# उमर अब्दुल्ला ने शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए कब्रिस्तान का गेट फांदा



**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को 13 जुलाई, 1931 को डोगरा सेना की गोलीबारी में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए नक्शबंद साहिब कब्रिस्तान का गेट फांदकर अंदर प्रवेश किया। यह नाटकीय दृश्य उस समय सामने आया जब अब्दुल्ला और नेशनल कांफ्रेंस सहित विपक्षी दलों के कई नेताओं को शहीद दिवस के मौके पर कब्रिस्तान जाने से रोकने के लिए एक दिन पहले घर पर नजरबंद कर दिया गया था। नेशनल कांफ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला खनयार चौक से शहीद स्मारक तक एक ऑटो रिक्शा में पहुंचे, जबकि शिक्षा मंत्री सकीना इट्टू स्कूटी पर पीछे बैठकर स्मारक तक पहुंचीं। सुरक्षा बलों ने श्रीनगर के व्यस्त क्षेत्र में खनयार और नौहट्टा की ओर से शहीद कब्रिस्तान जाने वाली सड़कों को सील कर दिया था। जैसे ही उमर अब्दुल्ला का काफिला पुराने शहर के खनयार इलाके में पहुंचा, वह अपनी गाड़ी से उतर गए और कब्रिस्तान तक पहुंचने के लिए एक किलोमीटर से अधिक पैदल चले, लेकिन प्राधिकारियों ने कब्रिस्तान का द्वार बंद कर दिया था। इसके बाद मुख्यमंत्री कब्रिस्तान के मुख्य द्वार पर चढ़ गए और अंदर प्रवेश कर 'फातिहा' पढ़ा।


## आसनसोल मंडल में नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था

आसनसोल मंडल के बर्धमान-झाझा शाखा में दुर्गापुर स्टेशन पर **08.09.2025 (सोमवार) से 17.09.2025 (बुधवार) तक 10 दिनों के लिए प्री नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य एवं 18.09.2025 (गुरुवार) से 21.09.2025 (रविवार) तक 04 दिनों** के लिए नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य हेतु, निम्नलिखित ट्रेनों को निम्नानुसार नियंत्रित किया जाएगा:

**रद्द**

**(1) 63505** बर्द्धमान - आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09, 02.09, 03.09, 11.09 एवं 12.09.2025); **(2) 63507** बर्द्धमान - आसनसोल मेमू (जेसीओ: 01.09, 02.09, 11.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(3) 63511** बर्द्धमान - आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09 एवं 02.09.2025); **(4) 63513** बर्द्धमान - आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(5) 63515** बर्द्धमान - आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 10.08, 09.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(6) 63517** बर्द्धमान-आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 10.08.2025); **(7) 63508** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09, 02.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(8) 63512** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09.2025 से 03.09.2025, 11.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(9) 63516** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(10) 63518** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 10.08 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(11) 63521** बर्द्धमान-आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(12) 63522** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 09.09, 10.09 एवं 13.09.2025); **(13) 63523** बर्द्धमान-आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(14) 63524** आसनसोल-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 10.09, 13.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(15) 63527** दुर्गापुर - आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(16) 63528** आसनसोल-दुर्गापुर मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(17) 63549** बर्द्धमान-आसनसोल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 10.08, 10.09, 13.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(18) 63550** अण्डाल - बर्द्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 10.09, 13.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025); **(19) 63552** आसनसोल-अण्डाल मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025)।

**मेल/एक्सप्रेस रद्द**

**(1) 12175** हावड़ा-ग्वालियर चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 21.09.2025); **(2) 12176** ग्वालियर-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 20.09.2025); **(3) 12177** हावड़ा-मथुरा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक:19.09.2025); **(4) 20976** आगरा छावनी-हावड़ा चंबल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक:18.09.2025); **(5)12325** कोलकाता - नगलडैम गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025) **(6) 12326** नगलडैम - कोलकाता गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 20.09.2025); **(7) 12329** सियालदह-आनंद विहार टर्मिनल संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 16.09.2025); **(8) 12330** आनंद विहार टर्मिनल-सियालदह संपर्क क्रांति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 17.09.2025); **(9) 12333** हावड़ा-प्रयागराज रामबाग विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 17.09.2025 से 20.09.2025); **(10) 12334** प्रयागराज रामबाग-हावड़ा विभूति एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(11) 12339** हावड़ा-धनबाद कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 21.09.2025); **(12) 12340** धनबाद-हावड़ा कोलफील्ड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 22.09.2025); **(13) 12357** कोलकाता-अमृतसर दुर्ग्याणा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 16.09.2025); **(14) 12358** अमृतसर-कोलकाता दुर्ग्याणा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक:18.09.2025); **(15) 12359** कोलकाता-पटना गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09 एवं 20.09.2025); **(16) 12360** पटना गरीब रथ -कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 19.09 एवं 21.09.2025); **(17) 13025** हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 15.09.2025); **(18) 13026** भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 17.09.2025); **(19) 13029** हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 11.09.2025); **(20) 13030** मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 12.09.2025); **(21) 13043** हावड़ा - रक्सौल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 19.09.2025); **(22) 13044** रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 20.09.2025); **(25) 13167** कोलकाता-आगरा छावनी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025); **(26) 15234** दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक:17.09.2025); **(27) 15235** हावड़ा-दरभंगा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 20.09.2025); **(28) 15236** दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 19.09.2025); **(29) 22387** हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 21.09 एवं 22.09.2025); **(30) 22388** धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 20.09 एवं 21.09.2025); **(31) 22912** हावड़ा-इंदौर शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09 एवं 20.09.2025); **(32) 22911** इंदौर-हावड़ा शिप्रा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 16.09 एवं 18.09.2025); **(33) 12383** सियालदह - आसनसोल सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 20.09.2025); **(34) 12384** आसनसोल-सियालदह सुपरफास्ट इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 20.09.2025); **(35) 13179** सियालदह-सिउरी मेमू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(36) 13180** सिउरी-सियालदह मेमू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 19.09.2025 से 22.09.2025); **(37) 22321** हावड़ा- सिउरी हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025); **(38) 22322** सिउरी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025).

**मार्ग परिवर्त्तन**

●**13029** हावड़ा-मोकामा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 01.09, 10.09 एवं17.09.2025 से 20.09.2025), **22197** कोलकाता-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 21.09.2025) खाना-आसनसोल-जसीडीह के बजाय खाना-रामपुरहाट-दुमका-जसीडीह होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ● **13030** मोकामा-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025), **22198** वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 19.09.2025) को जसीडीह-आसनसोल-खाना के बजाय जसीडीह-दुमका-रामपुरहाट-खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ●**13045** हावड़ा-देवघर मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 18.09.2025 से 21.09.2025) को खाना-अण्डाल-सैंथिया के बजाय खाना-बोलपुर शांतिनिकेतन-सैंथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ●**13046** देवघर-हावड़ा मयूराक्षी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025) को सैंथिया-अण्डाल-खाना के बजाय सैंथिया-बोलपुर शांतिनिकेतन-खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी। ● **22322** सिउरी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 10.09 एवं 13.09.2025) को सिउरी-अण्डाल-खाना के बजाय सिउरी-सैंथिया-बोलपुर शांतिनिकेतन-खाना होकर मार्ग परिवर्तित करेगी।

निम्नलिखित 08 जोड़ी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का लोको परिवर्तन अण्डाल में किया जाएगा तथा अण्डाल एवं दुर्गापुर के बीच आंशिक रूप से रद्द रहेगा:

●**13425** मालदा टाउन - सूरत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 13.09 एवं 20.09.2025, **15930** न्यू तिनसुकिया - ताम्बरम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 08.09 एवं 15.09.2025), **15630** सिलघाट टाउन-ताम्बरम नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 12.09 एवं 19.09.2025), **22612** न्यू जलपाईगुड़ी - एमजीआर चेन्नई सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 12.09 एवं 19.09.2025), **12552** कामाख्या - एसएमवीटी बेंगलुरु सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 10.09 एवं 17.092025), **15640** कामाख्या - पुरी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 07.09 एवं 14.09.2025), **15662** कामाख्या-रांची एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 09.09 एवं 16.09.2025) और **13418** मालदा टाउन-दीघा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 11.09 एवं 18.09.2025) को सैंथिया-अण्डाल-दुर्गापुर-अण्डाल-आसनसोल के बजाय सैंथिया-अण्डाल-आसनसोल होकर मार्ग परिवर्तित करेगी; ●**13426** सूरत - मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 08.09 एवं 15.09.2025), **15929** ताम्बरम - न्यू तिनसुकिया एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 11.09 एवं 18.09.2025), **15629** ताम्बरम-सिलघाट टाउन नागांव एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 08.09 एवं 15.09.2025), **22611** एमजीआर चेन्नई सेंट्रल - न्यू जलपाईगुड़ी सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 10.09 एवं 17.09.2025), **12551** एसएमवीटी बेंगलुरु-कामाख्या सुपरफास्ट एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 13.09 एवं 20.09.2025), **15639** पुरी-कामाख्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 09.09 एवं 16.09.2025), **15661** रांची-कामाख्या साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 10.09 एवं 17.09.2025) और **13417** दीघा-मालदा टाउन एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 11.09 एवं 18.09.2025) को आसनसोल-अण्डाल-दुर्गापुर-अण्डाल-सैंथिया के बजाय आसनसोल-अंडाल-सैंथिया होकर मार्ग परिवर्तित करेगी।

**संक्षिप्त यात्रा समाप्त/संक्षिप्त यात्रा शुरू:**

**(1) 13503** बर्द्धमान - हटिया मेमू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09, 02.09, 11.09, 14.09 एवं 18.09.2025 से 22.09.2025) और **13504** हटिया - बर्द्धमान मेमू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 01.09, 10.09, 13.09 एवं 17.09.2025 से 21.09.2025), **(2) 63509** बर्द्धमान-झाझा मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 01.09, 02.09 एवं18.09.2025 से 21.09.2025) और **63510** झाझा-बर्धमान मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 31.08, 01.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025), **(3) 63519** बर्द्धमान-आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 09.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025) और **63520** बोकारो स्टील सिटी-आसनसोल-बोकारो स्टील सिटी मेमू (यात्रा शुरू दिनांक: 09.09 एवं 18.09.2025 से 21.09.2025) आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा समाप्त/आसनसोल से संक्षिप्त यात्रा शुरू करेगी।

**पुनर्निर्धारण:**

**(1) 12023** हावड़ा-पटना जन शताब्दी एक्सप्रेस 04.08, 05.08, 06.08, 07.08, 08.08, 09.08, 11.08, 15.08 एवं 16.08.2025 को 1 घंटा 10 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(2) 13105** सियालदह-बलिया एक्सप्रेस 04.08, 05.08, 06.08, 07.08, 08.08, 09.08, 11.08, 15.08 एवं 16.08.2025 को 40 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(3) 12019** हावड़ा-रांची शताब्दी एक्सप्रेस 01.09 एवं 02.09.2025 को 2 घंटे पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(4) 12020** रांची-हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस 01.09, 02.09, 10.09 एवं 13.09.2025 को 2 घंटे पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(5) 12304** नई दिल्ली-हावड़ा पूर्वा एक्सप्रेस 09.08.2025 को 30 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(6) 11447** जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस दिनांक 30.08.2025 को 2 घंटे, दिनांक 09.09 एवं 12.09.2025 को 1 घंटा 30 मिनट तथा दिनांक 20.09.2025 को 40 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(7) 22303** हावड़ा-गया वंदे भारत एक्सप्रेस 01.09 एवं 02.09.2025 को 1 घंटा 20 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(8) 22304** गया-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस 31.08.2025 को 2 घंटे 30 मिनट, 01.09 एवं 02.09.2025 को 1 घंटा 10 मिनट, 10.09 एवं 13.09.2025 को 2 घंटे एवं 21.09.2025 को 1 घंटा पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(9) 22388** धनबाद-हावड़ा ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस दिनांक 31.08.2025 को 3 घंटे 30 मिनट, दिनांक 10.09 एवं 13.09.2025 को 3 घंटे 15 मिनट तथा दिनांक 21.09.2025 को 2 घंटे पुनर्निर्धारित की जाएगी;**(10) 12259** सियालदह-बीकानेर दुरंतो एक्सप्रेस 21.09.2025 को 1 घंटा 20 मिनट के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(11) 12313** सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस 21.09.2025 को 1 घंटा 20 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(12) 63507** बर्धमान-आसनसोल मेमू दिनांक 16.09.2025 को 1 घंटा के लिए पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(13) 22387** हावड़ा-धनबाद ब्लैक डायमंड एक्सप्रेस 01.09 एवं 02.09.2025 को 1 घंटा 15 मिनट पुनर्निर्धारित की जाएगी; **(14) 22321** हावड़ा-सिउरी हूल एक्सप्रेस 01.09 एवं 02.09.2025 को 1 घंटा पुनर्निर्धारित की जाएगी।असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, आसनसोल**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter

## भारतीय खिलाड़ियों के लिए वनडे विश्व कप से पहले भूमिकाओं में स्पष्टता महत्वपूर्ण: हरमनप्रीत कौर



**लंदन :** भारत में इस साल होने वाले महिला वनडे विश्व कप के मद्देनजर कप्तान हरमनप्रीत कौर ने सोमवार को टीम के खिलाड़ियों के लिए भूमिकाओं में स्पष्टता के महत्व पर जोर दिया। इंग्लैंड में अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला (3-2) में जीत दर्ज करने के बाद भारत अब बुधवार से साउथम्पटन में शुरू होने वाली तीन वनडे मैचों की श्रृंखला के लिए तैयार है। दोनों टीमों के लिए विश्व कप की तैयारी के लिए यह श्रृंखला काफी अहम है। हरमनप्रीत ने यहां मीडिया से कहा, 'कप्तान के तौर पर यह बहुत रोमांचक होने वाला है। पिछली बार जब हमने यहां खेला था (2013 में) उस समय मुझे लगता है कि महिला क्रिकेट इतना लोकप्रिय नहीं था। हमने हालांकि अब अपने स्तर को ऊपर उठाया है और अभी हमारे पास जिस तरह की फैन फॉलोइंग (प्रशंसक वर्ग) है उससे हमें लगता है कि यह काफी रोमांचक होने वाला है।' उन्होंने कहा, 'मैं अगर पिछले दो-तीन साल की बात करूं तो अभी सब कुछ काफी व्यवस्थित है। हर कोई अपनी भूमिका के बारे में जानता है। उसे अपनी स्थिति के बारे में पता है। टीम में पहले की तुलना में अब बहुत अधिक स्पष्टता है। एक टीम के तौर पर और एक खिलाड़ी के तौर पर यह बहुत महत्वपूर्ण है।'

# जडेजा की जुझारू पारी बेकार, इंग्लैंड ने 22 रन से जीता तीसरा टेस्ट, श्रृंखला में 2-1 की बढ़त



**लंदन :** रविंद्र जडेजा के नाबाद 61 रन की संघर्षपूर्ण पारी के बावजूद भारत को लार्ड्स में खेले गए तीसरे टेस्ट के आखिरी दिन इंग्लैंड के हाथों 22 रन से हार का सामना करना पड़ा। इस जीत के साथ मेजबान टीम ने पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त बना ली।193 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर (3/55), बेन स्टोक्स (3/48) और ब्राइडन कार्स (2/30) की धारदार गेंदबाजी के सामने 74.5 ओवर में 170 रन पर सिमट गई। क्रिस वोक्स और शोएब बशीर ने भी एक-एक विकेट लिया।भारत ने दिन की शुरुआत 4 विकेट पर 58 रन से की थी और उसे जीत के लिए 135 रन की जरूरत थी। लेकिन जल्दी-जल्दी विकेट गिरने से टीम मुश्किल में आ गई। हालांकि जडेजा ने निचले क्रम के साथ छोटी-छोटी साझेदारियों से उम्मीदें जगाईं - उन्होंने रेड्डी (13), बुमराह (5) और सिराज (4) के साथ क्रमश: 30, 35 और 23 रन की साझेदारी की।जडेजा ने 181 गेंदों में चार चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 61 रन बनाए और चौथा लगातार अर्धशतक पूरा किया, लेकिन जीत दिलाने में असफल रहे। अंत में शोएब बशीर ने सिराज को बोल्ड कर इंग्लैंड को रोमांचक जीत दिलाई।इससे पहले इंग्लैंड ने पहला टेस्ट 5 विकेट से जीता था, जबकि भारत ने दूसरा मुकाबला 336 रन से जीतकर वापसी की थी। अब दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी।

## नायर के लिए लगातार छह नाकामी के बाद मुश्किल होगा टीम में जगह बनाये रखना



**नयी दिल्ली :** करुण नायर को दोबारा भारत की जर्सी पहनने के लिए आठ साल का लंबा इंतजार करना पड़ा लेकिन टेस्ट क्रिकेट में अपनी दूसरी पारी के 25 दिनों के अंदर कर्नाटक के इस बल्लेबाज के लिए इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट श्रृंखला में लगातार छह विफलताओं के बाद टीम में जगह बरकरार रखना शायद मुश्किल होगा। घरेलू क्रिकेट में रनों का अंबार लगाने के बाद भारतीय टीम में वापसी करने वाले नायर ने कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए के लिए दोहरा शतक लगाकर इस दौरे की शानदार शुरुआत की थी। उन्होंने इस प्रदर्शन से अंतिम एकादश में जगह के लिए अपना दावा मजबूत किया था। इंग्लैंड के खिलाफ हेडिंग्ले, एजबेस्टन और लॉर्ड्स में तीन टेस्ट मैचों के बाद नायर ने 22 से कम के औसत से केवल 131 रन बनाए हैं। गौतम गंभीर के नेतृत्व वाले टीम प्रबंधन के लिए इन आंकड़ों को नजरअंदाज करना बेहद मुश्किल होगा। लीड्स में अपने पदार्पण टेस्ट की पहली पारी में नाकाम रहने वाले साई सुदर्शन ने दूसरी पारी में 30 रन बनाये और इस दौरान काफी सहज दिखे। टीम ने हालांकि नायर के साथ आगे बढ़ने को तरजीह दिया क्योंकि उनकी उम्र 34 के करीब है तो वही युवा बल्लेबाज सुदर्शन के पास खुद को साबित करने के लिए अभी काफी समय है। नायर के लिए यह करो या मरो वाली स्थिति थी। गंभीर तथा कप्तान शुभमन गिल के पास भी उन्हें पर्याप्त मौके देने के पीछे बहुत तर्क था। ऐसा भी नहीं है कि नायर तीनों मैचों में पूरी तरह से बेअसर दिखे।उन्होंने इस दौरान कुल 249 गेंदों का सामना किया लेकिन बेहतरीन तेज गेंदबाजी और स्विंग के सामने वह असहज दिखे। क्रिस वोक्स की 130 किलोमीटर प्रति घंटे के आस-पास की रफ्तार के खिलाफ उन्हें कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन ब्रायडन कार्स या जोफ्रा आर्चर की अधिक तेज गति के सामने वह थोड़े असहज दिख रहे थे।

## भारत के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजे कोच बने



**हैदराबाद :** भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वरुण आरोन को सनराइजर्स हैदराबाद ने 2026 के आईपीएल सत्र के लिए सोमवार को अपना गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। आरोन न्यूजीलैंड के बाएं हाथ के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स फ्रैंकलिन की जगह लेंगे। सनराइजर्स ने अपने 'एक्स' पर लिखा, 'हमारे कोचिंग स्टाफ में एक शानदार इजाफा। वरुण आरोन का हमारे नये गेंदबाजी कोच के रूप में स्वागत है। आरोन ने 2011 और 2015 के बीच भारत के लिए नौ टेस्ट और उतने ही वनडे खेले थे। पैंतीस साल के आरोन ने अपना आखिरी प्रतिस्पर्धी मैच इसी साल पांच जनवरी को जयपुर में गोवा के खिलाफ झारखंड के लिए विजय हजारे ट्रॉफी का खेला था। झारखंड के इस 50 ओवर के घरेलू टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में पहुंचने में विफल रहने पर उन्होंने संन्यास की घोषणा कर दी थी। उन्होंने पिछले साल चेन्नई में एमआरएफ पेस फाउंडेशन में आस्ट्रेलिया के दिग्गज ग्लेन मैकग्राथ के साथ एक कोच के रूप में कुछ समय के लिए काम किया था।

## सिराज पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया

**लंदन :** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर यहां लार्ड्स में तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट का विकेट लेने के बाद आक्रामक प्रतिक्रिया के लिए सोमवार को मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया। इस टेस्ट में चार विकेट लेने वाले सिराज को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ से जुड़ी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज को आउट करने के बाद उसके खिलाफ दिखाई गई आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है। सिराज ने रविवार को इंग्लैंड की दूसरी पारी में डकेट को 12 रन पर आउट करने के बाद उनके प्रति आक्रामक रवैया अपनाया तथा अपना कंधा उनके कंधे से भी टकराया। आईसीसी ने एक बयान में कहा, 'भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज पर लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के दौरान आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के बाद मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।' बयान में कहा गया है, 'सिराज ने विकेट लेने के बाद फॉलो-थ्रू में बल्लेबाज के करीब जाकर जश्न मनाया और जब डकेट पवेलियन लौटने लगे तो उनके शरीर को स्पर्श भी किया।'

## राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक मानसून सत्र में पेश किया जाएगा: मांडविया



**नयी दिल्ली :** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय खेल शासन विधेयक 21 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र के दौरान पेश किया जाएगा। मांडविया ने युवा मामलों के विभाग की नशा के खिलाफ पहल शुरू करने के लिए आयोजित कार्यक्रम के इतर मीडिया से बातचीत में सरकार के इस रुख को भी दोहराया कि बहुपक्षीय खेल आयोजनों के लिए पाकिस्तान के खिलाड़ियों को भारत आने से नहीं रोका जाएगा। मांडविया ने कहा, 'आगामी सत्र के दौरान यह विधेयक संसद में पेश किया जाएगा। मैं कुछ दिनों में इससे जुड़े और विवरण दूंगा।' यह विधेयक देश के खेल प्रशासकों के लिए अधिक जवाबदेही सुनिश्चित करना चाहता है, जिसमें एक नियामक बोर्ड का प्रावधान होगा। इस बोर्ड के पास राष्ट्रीय खेल संघों (एनएसएफ) को मान्यता देने और सुशासन से संबंधित प्रावधानों के पालन के आधार पर उन्हें धन आवंटित करने की शक्ति होगी। यह बोर्ड उच्चतम शासन, वित्तीय और नैतिक मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा।

### महिला विश्व कप: हरिका और वैशाली प्री-क्वार्टर फाइनल में, वंतिका बाहर हुई

**बातुमी (जॉर्जिया) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर डी हरिका और आर वैशाली ने सोमवार को यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के टाई-ब्रेकर में क्रमशः यूनान की त्सोलाकिडोउ स्टावरौला और अमेरिका की कैरिसा यिप को हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। हरिका ने टाई-ब्रेक गेम के दूसरे सेट में स्टावरौला की चुनौती को खत्म किया जबकि वैशाली ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए यिप को पहले सेट में ही धराशाई कर दिया। कोनेरू हम्पी और दिव्या देशमुख पहले ही अंतिम 16 में पहुंच चुकी हैं, जिससे अंतिम 16 में चार भारतीय खिलाड़ी है। ग्रांडमास्टर वंतिका ग्रेवाल हालांकि रूस की कटेरीना लाग्नो से हारकर बाहर हो गईं। उन्होंने काफी जुझारूपन दिखाया लेकिन लाग्नो का अनुभव भारी पड़ा। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी।

## सात्विक-चिराग की निगाह खिताब तथा सिंधू और लक्ष्य की फॉर्म में वापसी पर

**तोक्यो :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार से यहां शुरू हो रहे जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में अपने अच्छे प्रदर्शन को जारी रखने और खिताबी सूखे को खत्म करने की कोशिश करेगी। वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग की जोड़ी इस सत्र में तीन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची है। इसके अलावा उन्होंने पिछले महीने इंडोनेशिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में भी जगह बनाई थी लेकिन इस सत्र में अभी तक खिताब नहीं जीत पाए हैं। जनवरी में मलेशिया और इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद यह स्टार जोड़ी सात्विक की स्वास्थ्य समस्याओं और चिराग की पीठ की चोट के कारण कई सप्ताह तक बाहर रही। उन्होंने पूरी तरह से फिट होने के बाद अच्छी वापसी की तथा सिंगापुर ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई और इंडोनेशिया में क्वार्टर फाइनल में पहुंचे। जापान ओपन में यह जोड़ी अपने अभियान की शुरुआत कोरिया के कांग मिन ह्युक और की डोंग जू के खिलाफ करेगी। एकल वर्ग में लक्ष्य सेन और पीवी सिंधू 950,000 डॉलर इनामी प्रतियोगिता में अपनी फॉर्म फिर से हासिल करने की उम्मीद करेंगे। लक्ष्य इस सत्र में कई बार पहले दौर में ही बाहर हो गए हैं। वर्तमान सत्र में उनका सबसे अच्छा प्रदर्शन ऑल इंग्लैंड में क्वार्टर फ़ाइनल में पहुंचना रहा।



विशिष्ट उद्योगपति एवं समाजसेवी राम रतन चौधरी को उनके 70वें जन्मदिन पर बधाई देते समाजसेवी हरीशचन्द्र जायसवाल एवं उनके सुपुत्र श्रीराम जायसवाल



# भारतीय अर्थव्यवस्था में जीसीसी का योगदान 2030 तक 200 अरब डॉलर होगा: सीतारमण




**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) का योगदान 2030 तक बढ़कर 200 अरब अमेरिकी डॉलर तक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर भी तैयार होंगे। सीतारमण ने सीआईआई- जीसीसी व्यावसायिक शिखर सम्मेलन में कहा कि 2024 में प्रति सप्ताह औसतन एक नया जीसीसी स्थापित किया गया और फॉर्च्यून 500 कंपनियों में लगभग 50 प्रतिशत ने भारत में अपने जीसीसी स्थापित किए हैं। जीसीसी भारत में लगभग 21.6 लाख पेशेवरों को रोजगार देते हैं, जो पिछले पांच वर्षों में सालाना 11 प्रतिशत की दर से बढ़ा है। यह आंकड़ा 2030 तक बढ़कर 28 लाख तक होने की उम्मीद है। सीतारमण ने कहा, 'भारत का जीसीसी क्षेत्र प्रत्यक्ष सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) के रूप में 68 अरब अमेरिकी डॉलर का योगदान देता है, जो राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 1.6 प्रतिशत है।' उन्होंने आगे कहा कि 2030 तक जीसीसी से सकल मूल्य संवर्धन 150-200 अरब डॉलर के बीच हो सकता है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच साल में इंजीनियरिंग अनुसंधान एवं विकास जी-सीसी की स्थापना दर समग्र जीसीसी स्थापना की तुलना में 1.3 गुना तेजी से बढ़ी है। इससे भारत में उच्च मूल्यवर्धित कार्य की ओर एक स्पष्ट बदलाव का संकेत मिलता है। भारत में लगभग 1,800 जीसीसी हैं, जो 21.6 लाख पेशेवरों को रोजगार देते हैं। यह संख्या 2030 तक बढ़कर 28 लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। सीतारमण ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह एक बहुत ही कम संख्या है।' उन्होंने कहा, 'हमारी प्रतिभा दूसरे देशों की तुलना में अधिक किफायती है। अनुमान है कि भारत में कार्यबल की लागत अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया की तुलना में 30-50 प्रतिशत कम है।'

## चांदी 5,000 रुपये की छलांग के साथ 1.15 लाख रुपये के नए शिखर पर, सोना भी मजबूत



**नयी दिल्ली :** अमेरिकी शुल्क धमकियों को लेकर अनिश्चितताओं के बीच डॉलर की कमजोरी के बाद निवेशकों के सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करने से सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में चांदी की कीमतें 5,000 रुपये के जोरदार उछाल के साथ 1,15,000 रुपये प्रति किलोग्राम के नए शिखर पर पहुंच गईं। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। शनिवार को चांदी 4,500 रुपये बढ़कर 1,10,000 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंची थी। संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 200-200 रुपये बढ़कर क्रमशः 99,570 रुपये और 99,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) पर पहुंच गया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, 'चांदी की कीमतें बढ़कर घरेलू बाजार में नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी लगभग 14 साल के उच्चतम स्तर पर है। यह तेजी सोने के विकल्पों के प्रति निवेशकों की रुचि में बदलाव के कारण है।' इसके अलावा, जिंस एक्सचेंज में चांदी वायदा 2,135 रुपये या 1.88 प्रतिशत की तेजी के साथ 1,15,136 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया।

## भारत से इस साल 10 लाख कुशल श्रमिकों को अपने औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार के लिए बुलाएगा रूस



**मॉस्को :** रूस अपने औद्योगिक क्षेत्रों में श्रमिकों की कमी को दूर करने के लिए इस साल के अंततक भारत से करीब 10 लाख कुशल कार्यबल को अपने यहां काम करने का मौका देगा। रूस के एक दिग्गज कारोबारी ने यह जानकारी दी है। रूसी उद्योग मंडल 'यूराल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री' के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन ने समाचार एजेंसी रॉसबिजनेसकंसल्टिंग (आरबीसी) के साथ बातचीत में भारत से कुशल कामगारों को मंगाने की योजना की जानकारी दी। बेसेदिन ने कहा, 'जहां तक मुझे पता है, साल के अंततक भारत से 10 लाख विशेषज्ञ कामगार रूस आएंगे। इनमें रूस का स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र भी शामिल है। इससे संबंधित मामलों को देखने के लिए येकातेरिनबर्ग में एक नया महावाणिज्य दूतावास खुल रहा है।' बेसेदिन ने कहा कि भारतीय पेशेवरों के आने से स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र में बेहद काबिल कार्यबल की कमी पूरी हो जाएगी।

## अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत तेजी से जारी: गोयल



**नयी दिल्ली :** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित व्यापार समझौते पर बातचीत का दौर तेजी से चल रहा है। द्विपक्षीय व्यापार समझौते के पहले चरण पर अगले दौर की वार्ता के लिए भारतीय दल वाशिंगटन पहुंच गया है। गोयल ने यहां संवाददाताओं से कहा, 'बातचीत बहुत तेज रफ्तार और आपसी सहयोग की भावना से चल रही है ताकि हम अमेरिका के साथ ऐसा व्यापार समझौता कर सकें जो दोनों पक्षों के लिए फायदेमंद हो।' इस बीच, वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने एक अलग कार्यक्रम में कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौतों पर बातचीत का दौर जारी है। बर्थवाल ने कहा कि भारत द्वारा किए जा रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) देश में वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को बढ़ावा देने के प्रमुख प्रयासों में से एक हैं।

## शेयर बाजार में लगातार चौथे दिन गिरावट; सेंसेक्स 247 अंक टूटा, निफ्टी 68 अंक के नुकसान में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में सोमवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 247 अंक टूट गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68 अंक के नुकसान में रहा। आईटी शेयरों में बिकवाली और विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी से बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 247.01 अंक यानी 0.30 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82,253.46 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 490.09 अंक टूटकर 82,010.38 अंक तक आ गया था। पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 67.55 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 25,082.30 अंक पर बंद हुआ। नौ जुलाई से अबतक की चार कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स लगभग 1,460 अंक यानी 1.75 प्रतिशत और निफ्टी 440 अंक यानी 1.73 प्रतिशत नीचे आ चुका है। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 1.58 प्रतिशत की गिरावट आई।

### सौर, पवन परियोजनाओं के लिए आईएसटीएस शुल्क छूट की सीमा नहीं बढ़ाएगी सरकार

**नयी दिल्ली :** सरकार की सौर और पवन परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क छूट सीमा को बढ़ाने की कोई योजना नहीं है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। सौर और पवन परियोजनाओं की स्थापना और संचालन के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क छूट की घोषणा की समयसीमा 30 जून, 2025 को समाप्त हो गई। इस सवाल कि 'क्या क्या सरकार आईएसटीएस छूट बढ़ाने की योजना बना रही है,' के जवाब में एक अधिकारी ने पीटीआई-भाषा को बताया, 'हम (सौर और पवन परियोजनाओं के लिए) छूट नहीं बढ़ाएंगे।' इस साल जून तक चालू नहीं हो पाने वाली परियोजनाओं की वित्तीय लाभप्रदता पर एक अन्य सवाल के जवाब में अधिकारी ने कहा, 'हम मामला-दर-मामला आधार पर उनकी स्थिति का मूल्यांकन करेंगे और उसी के अनुसार उपयुक्त राहत प्रदान करने का निर्णय लेंगे।'




वर्ष 10, पूर्णांक 3297 अंक 107, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in